श्री काशी संस्कृत ग्रन्थमाला १२४

2882

महावैयाकरणश्रीभर्तृहरिविरचितं

वाक्यपदीयम्

(ब्रह्मकाण्डम्)

न्याय-व्याकरण-साहित्याचार्यपण्डितश्रीसूर्यनारायणशुक्लेन
स्वप्रणीतेन भावप्रदीपाख्यव्याख्यानेन टिप्पणेन च
समलंकृतम्

तत्पुत्रेण

न्याय-व्याकरण-साहित्याचार्यश्रीरामगोविन्दशुक्लेन
हिन्दीव्याख्यया विशिष्टया भूमिकया च
समलंकृत्य सम्पादितम्

परिशिष्टलेखकः—

पण्डितश्रीरुद्रप्रसादोऽवस्थी

सम्मानितप्राध्यापकः—

सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयः, वाराणसी



चौखम्भा संस्कृत संस्थान

भारतीय सांस्कृतिक साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक

पो० आ० चौखम्भा, पो० बा० नं० ११३९

जड़ाव भवन, के. ३७/११६, गोपाल मन्दिर लेन

वाराणसी (भारत)

कृपया यह ग्रन्थ नीचे निर्देशित तिथि के पूर्व अथवा उक्त तिथि तक वापस कर दें। विलम्ब से लौटाने पर प्रतिदिन दस पैसे विलम्ब शुल्क देना होगा।

॥ श्रीः ॥

काशी संस्कृत ग्रन्थमाला
१२४



महावैयाकरणश्रीभर्तृहरिविरचितं

वाक्यपदीयम्

(ब्रह्मकाण्डम्)

न्याय-व्याकरण-साहित्याचार्यपण्डितश्रीसूर्यनारायणशुक्लेन
स्वप्रणीतेन भावप्रदीपाख्यव्याख्यानेन टिप्पणेन च
समलंकृतम्

तत्पुत्रेण
न्याय-व्याकरण-साहित्याचार्यश्रीरामगोविन्दशुक्लेन
हिन्दीव्याख्यया विशिष्टया भूमिकया च
समलंकृत्य सम्पादितम्

परिशिष्टलेखकः—
पण्डितश्रीरुद्रप्रसादोऽवस्थी
सम्मानितप्राध्यापकः—
सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयः, वाराणसी



चौखम्भा संस्कृत संस्थान
भारतीय सांस्कृतिक साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक
पो० आ० चौखम्भा, पो० बा० नं० १३९
जड़ाव भवन, के. ३७/११६, गोपाल मन्दिर लेन
वाराणसी (भारत)

प्रकाशक : चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी
मुद्रक : विद्याविलास प्रेस, वाराणसी
संस्करण : चतुर्थ वि० संवत् २०३७
मूल्य : २५-००

अन्य प्राप्तिस्थान

१. चौखम्भा ओरियन्टालिया
पो० बा० नं० ३२
गोकुल भवन, के. ३७/१०९, गोपाल मन्दिर लेन
वाराणसी-२२१००१ (भारत)
टेलीफोन : ६५८८९ टेलीग्राम : गोकुलोत्सव

शाखा—बंगलो रोड, ९ यू० बी० जवाहर नगर
दिल्ली-११०००७ फोन : २२१६१७

२. चौखम्भा विश्वभारती
पो० बाक्स नं० १३६
चौक (चित्रा सिनेमा के सामने)
वाराणसी-२२१००१
फोन : ६५४४४

३. चौखम्भा भारती अकादमी
गोकुल भवन, के. ३७/१०९
गोपाल मन्दिर लेन
वाराणसी-२२१००१

THE

KASHI SANSKRIT SERIES

124

(Vyākaraṇa Section No. 15)

VĀKYAPADĪYA

A TREATISE ON THE PHILOSOPHY OF SANSKRIT GRAMMAR

BY

BHARTṚHARI

(BRAHMA-KĀṆḌA)

with the

Bhāvapradipa Sanskrit Commentary & Notes

BY

Nyāya–Vyākaraṇa-Sāhityāchārya

Pt. ŚRĪ SŪRYANĀRĀYAṆA ŚUKLA

Professor, Govt. Sanskrit College, Varanasi

Edited with Hindi Commentary Etc.,

BY

Nyāya–Vyākaraṇa–Sāhityāchārya

Pt. ŚRĪ RĀMAGOVINDA ŚUKLA

Author of the Pariśiṣṭa :—

Pt. ŚRĪ RUDRAPRASĀDA AVASTHĪ

Sammānita Prādhyāpaka

Sampūrṇānanda Sanskrit Viśvavidyālaya

Varanasi

CHAUKHAMBHA SANSKRIT SANSTHAN

Publishers and Book Sellers

Jadau Bhawan, K. 37/116, Gopal Mandir Lane

VARANASI (INDIA)

Publishers :—
CHAUKHAMBHA SANSKRIT SANSTHAN
Publishers and Book Sellers
Jadau Bhawan, K. 37/116, Gopal Mandir Lane
VARANASI-221001 (INDIA)

Sole Distributors :—
CHAUKHAMBHA ORIENTALIA
A House of Oriental and Antiquarian Books
P. O. Chaukhambha, Post Box No. 32
Gokul Bhawan, K. 37/109, Gopal Mandir Lane
VARANASI-221001 (India)

श्रीविश्वेश्वरः शरणम्

किञ्चिन्निवेदनम्

अयि श्रद्धेया विपश्चिदपश्चिमा दार्शनिकशिरोमणयो वैयाकरणाः !

सुविदितमेवेदं तत्रभवतां भवतां यद् व्याकरणसिद्धान्तभूतस्य शब्दब्रह्मवादस्य निरूपणाय प्रवृत्तं श्रीमतो महावैयाकरणस्य भर्तृहरेः कृतिर्वाक्यपदीयं नाम, यन्महावैयाकरणैः कैयटनागेशादिभिः स्वस्वनिबन्धेषु भूयस्समाहृतम्, दर्शनान्तराचार्यैः कुमारिलशङ्कराचार्यवाचस्पतिमिश्रादिभिर्भूयः समालोचितं च। तस्य परमोपादेयतामालोच्य तत्तत्परीक्षाध्यक्षैर्व्याकरणाचार्यपरीक्षायां निवेशिततया तस्य यथार्थमर्थावबोधाय सरलव्याख्यामन्विष्यद्भिश्छात्रैस्तदलाभेन प्रार्थितेन मया वाक्यपदीयभावप्रदीपनाम्नी व्याख्या विरच्य विश्वेश्वरचरणकमलयोः समर्प्य भवतां करकमलयोरुपहारीक्रियत इति।

भवदीयस्य

सूर्यनारायणशुक्लशर्मणः

परिवर्धित तृतीय संस्करण

श्रीविश्वेश्वर विश्वनाथजीकी अचिन्त्य महिमा से 'वाक्यपदीय' का तृतीय संस्करण चौखम्भा संस्कृत संस्थान द्वारा प्रकाशित हो रहा है। इस नवीन संस्था का उद्देश्य भी पूर्ववत है यह सौभाग्य की बात है।

इस तृतीय संस्करण में 'वाक्यपदीय-टीका' का पूरा अनुवाद करके कतिपय स्थलों पर कुछ विशद भी करने का विचार किया गया था; परन्तु प्रकाशन के संदर्भ में कुछ अनिवार्य एवं अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण यह विचार कार्यान्वित न हो सका। फिर भी इस तृतीय संस्करण में 'परिशिष्ट' के रूप में कुछ नवीन सामग्री इस पुस्तक के अंत में जोड़ दी गई है।

यह नवीन अंश व्याकरण-दर्शन के क्षेत्र में कार्य करनेवाले अनुसंधित्सु विद्वानों एवं पाठकों को उत्प्रेरित करेगा तथा उनकी उत्कंठा को परिवर्धित करेगा। यदि सहृदय विद्वानों, ग्राहकों तथा अनुग्राहकों का समुचित संबल प्राप्त हुआ तो इस 'वाक्यपदीय' के संस्करण को और अधिक सुरुचिपूर्ण शैली में प्रस्तुत करेंगे। आशा है, इस नवीन परिवेश में प्रस्तुत यह तृतीय संस्करण पूर्व की अपेक्षा विशेष उपादेय एवं उपयोगी सिद्ध होगा।

—रामगोविन्द शुक्ल

प्राक्कथन

(द्वितीय संस्करण)

व्याकरणशास्त्र के ज्ञाताओं को यह सदा स्मरण है कि जैसे व्याकरण एक वेदाङ्ग है वैसे वह एक दर्शन भी है। हमने व्याकरण के **'रक्षोहागमलघ्वसंदेहाः प्रयोजनम्'** के द्वारा पाँच प्रयोजनों की जानकारी प्राप्त की। इन पाँचों प्रयोजनों की पूर्ति व्याकरण से होती है। प्रकृति-प्रत्यय, प्रकृत्यर्थ-प्रत्ययार्थ, और उनका सम्बन्ध जान लेने से वेदाङ्ग होने का कार्य पूरा हो जाता है। किन्तु इसका केवल प्रकृत्यर्थ-प्रत्ययार्थ आदि के ज्ञान द्वारा वेदार्थज्ञान मात्र प्रयोजन नहीं है, व्याकरणशास्त्र शब्दों के साधुत्वज्ञान द्वारा साक्षात् मोक्षप्रद भी है—**'इयं सा मोक्षमाणानामजिह्मा राजपद्धतिः'** यह व्याकरण विद्या ही मुक्ति चाहने वालों के लिए एक उत्तम मार्ग है।

ऊपर हमने कहा कि व्याकरण वेदाङ्ग के अतिरिक्त एक दर्शन भी है। हम यहाँ उसके वेदाङ्ग होने के विषय में विशेष नहीं कहेंगे किन्तु दोनों धाराओं को स्पष्ट करने के विचार से सामान्य रूप में विचार करना आवश्यक है।

व्याकरण के सूत्रों के रचयिता पाणिनि ने प्राचीन व्याकरणों की अपेक्षा यही एक विशेषता लाई कि व्याकरण किसी दार्शनिक आधार पर बना है। उसकी व्याख्या अनेक व्याख्याकारों ने की किन्तु कात्यायन के वार्तिकों में व्याकरणदर्शन की झलक रही जिसे व्याडि ने अपने एक लक्ष श्लोकों के संग्रह में बड़ी व्यवस्था से वर्णित किया। यही संग्रह वास्तव में व्याकरण का दर्शनस्रोत है।

यद्यपि अपनी विशाल आकृति के कारण ही वह वैयाकरणों में बहुत दिन नहीं टिक सका तथा आज उसका नाम मात्र ही अवशिष्ट है फिर भी महर्षि पतञ्जलि ने उन सिद्धान्तों के बीज की अपने महाभाष्य में रक्षा की और उनके बाद के विद्वानों ने उन्हें विस्तृत किया। उन्हीं में महावैयाकरण भर्तृहरि भी हैं जिन्होंने वाक्यपदीय ग्रन्थ में पूरे 'व्याकरणदर्शन' का उत्तम रीति से चित्रण किया। यह ग्रन्थ समस्त उपलब्ध है या नहीं यह कहना भी कठिन है फिर भी ब्रह्मकाण्ड, वाक्यकाण्ड और पदकाण्ड में जो कारिकाएँ उपलब्ध हैं उनकी कुल संख्या दो सहस्र के मध्य में ही है। हमारी अपनी धारणा है कि यह ग्रन्थ दो हजार श्लोकों से अधिक न रहा होगा। आज जो १५० के लगभग कारिकायें कम हैं वे ही कहीं इधर-उधर नष्ट हो गई हैं।

इस अनुमान की पुष्टि में हम इतना ही कहना चाहते हैं कि व्याकरण-दर्शन जो एक लक्ष श्लोकों में बिखरा था आचार्य भर्तृहरि ने उसे दो हजार श्लोकों में किया हो और व्याकरण के इस अगाध सागर को क्रीडा-पुष्करिणी बनाया हो, क्योंकि इनके परवर्ती विद्वान् आचार्य सायण ने 'जैमिनीय-न्यायमाला' का दो हजार श्लोकों में संग्रह किया है और आरम्भ में ही लिख दिया है—

'सर्वथापि सहस्रे द्वे नातिक्रामति संग्रहः।
मीमांसासागरस्तेन क्रीडापुष्करिणी भवेत्॥'

सम्भव है वाक्यपदीय के श्लोकों की संख्या दो सहस्र देख कर ही उनकी यह प्रवृत्ति हुई हो। कुछ भी हो, यह वाक्यपदीय व्याकरण के दर्शनस्रोत का आज उपलब्ध आधारभूत है। हम व्याकरण की अष्टाध्यायी से जैसे शब्दों के साधुत्व का ज्ञान करते हैं—काशिका अथवा सिद्धान्तकौमुदी व्याख्याओं के आधार पर, वैसे ही इस वाक्यपदीय के द्वारा ही हमें व्याकरण के दर्शनरूप का प्रत्यक्ष होता है। वैयाकरणभूषणसार, वैयाकरणलघुसिद्धान्तमंजूषा, वैयाकरणसिद्धान्त-सुधानिधि आदि किसी भी ग्रन्थ में व्याकरण के दर्शन रूप का हम जो प्रत्यक्ष करते हैं उसका आधार हमें वाक्यपदीय में ही मिलता है।

इन सब स्थितियों के रहते हुए भी यह अत्यन्त खेद का विषय है कि इस युग के वैयाकरणों में इस ग्रन्थ के प्रति आकर्षण नहीं है। आज कम वैयाकरण हैं जिन्हें पूरा वाक्यपदीय ग्रन्थ देखने को प्राप्त हो। आश्चर्य होगा यह सुनकर भी कि कुछ कारिकायें शैवागम की हैं, जैसे **'स्वरूपज्योतिरेवान्तः परा वागनपायिनी'**। इस कारिका को वाक्यपदीय की कारिका समझ कर इस युग के कुछ प्रकाण्ड वैयाकरणों ने पिताजी द्वारा लिखित वाक्यपदीय भावप्रदीप टीका की **'वैखर्या मध्यमायाश्च'** इत्यादि कारिका की व्याख्या पर छोदच्छेम करके परा वाक् सिद्ध करने का पूरा दुःसाहस भी कर डाला है। स्वयं तो नहीं किन्तु एक पण्डित ने पुत्र के नाम से एक लेख भी 'सारस्वती-सुषमा' में मुद्रित कराया है।

इस प्रकार व्याकरणदर्शन का जीवनभूत-यह ग्रन्थ लोगों की दृष्टि से परे रहा फिर भी पूज्य पिता श्रीसूर्यनारायण शुक्लजी ने चौखम्बा संस्कृत सीरीज के अध्यक्ष श्री बाबू जयकृष्णदासजी की प्रार्थना पर वाक्यपदीय ग्रन्थ पर भावप्रदीप नाम की टीका रच डाली। इस टीका के रचने में उन्होंने कितना परिश्रम किया है यह तो टीका देखने से ही पता चलेगा। किन्तु इतना बता देना अनुचित नहीं है कि व्याकरण के दर्शनरूप का प्रत्यक्ष होने में बाधा नहीं रहेगी।

इस हिन्दीकरण के युग में छात्र हिन्दी टीका की विशेष माँग करने लगे, अतः मैंने इसकी संक्षिप्त हिन्दी व्याख्या लिख दी है जो पिताजी के वाक्यों का संक्षिप्त हिन्दी भाषान्तर मात्र है। 'वाक्यपदीय ग्रन्थ और ग्रन्थकार' के विषय में एक लेख भी प्रस्तुत है जिसे पढ़ने पर इस ग्रन्थ के मन्थन से निकले रत्नों का परिचय प्राप्त होगा।

इस अवसर पर मैं श्री बाबू जयकृष्णदासजी (अध्यक्ष चौखम्बा संस्कृत सीरीज, वाराणसी) को विशेष शुभाशीर्वाद प्रदान करता हूँ जिन्होंने मुझे इस ग्रन्थ पर कुछ लिखने का अवसर प्रदान किया है।

अन्त में भगवान् विश्वनाथ के करकमलों में इस ग्रन्थरत्न को अर्पण करता हुआ विज्ञजनों से अपनाने की प्रार्थना करता हूँ। यदि मेरे इस परिश्रम से किसी भी विद्वान् को कुछ सन्तोष होगा तो मैं आनन्दित होऊँगा।

पाठकों से निवेदन है कि प्रेस की असावधानी से अथवा मेरे ही नेत्रदोष या बुद्धिदोष से कहीं कुछ त्रुटियाँ रह गई हों तो सुधार कर मुझे सूचित करने की कृपा करेंगे।

विजयादशमी
२०१८ विक्रम

विद्वानों के स्नेह का पात्र
रामगोविन्द शुक्ल

भूमिका

आचार्य भर्तृहरि और उनका वाक्यपदीय

वैयाकरणों की परम्परा में पाणिनि, कात्यायन और पतञ्जलि के बाद जिनका नाम बड़े आदर और सम्मान से लिया जाता है वे भर्तृहरि हैं। इन्होंने किस समय भारतभूमि को अलंकृत किया अथवा इनके द्वारा भारत भू और भारती ने कब अपना गौरव बढ़ाया यह कहना अत्यन्त कठिन है। इन्होंने अपने परिचय के लिये भी कुछ नहीं लिखा है। केवल इनके परवर्ती विद्वानों ने जहाँ कहीं इनका नाम ग्रहण किया है उसी से इनके पूर्ववर्ती होने का अनुमान किया जा सकता है।

परिचय

आचार्य भर्तृहरि ने अपने परिचय के लिये जो लिखा है वह वाक्यपदीय के द्वितीय काण्ड के अन्त में ही कुछ है।

जैसे—

प्रायेण संक्षेपरुचीनल्पविद्यापरिग्रहान् । संप्राप्य वैयाकरणान् संग्रहेऽस्तमुपागते ॥
कृतेऽथ पतञ्जलिना गुरुणा तीर्थदर्शिना । सर्वेषां न्यायबीजानां महाभाष्ये निबन्धने ॥
अलब्धगाधे गाम्भीर्यादुत्तान इव सौष्ठवात्। तस्मिन्नकृतबुद्धीनां नैवावस्थित निश्चयः ॥
बैजिसौभवहर्य्यक्षैः शुष्कतर्कानुसारिभिः । आर्षे विप्लाविते ग्रन्थे संग्रहप्रतिकञ्चुके ॥
यः पतञ्जलिशिष्येभ्यो भ्रष्टो व्याकरणागमः। काले स दाक्षिणात्येषु ग्रन्थमात्रे व्यवस्थितः॥
पर्वतादागमं लब्ध्वा भाष्यबीजानुसारिभिः। स नीतो बहुशाखत्वं चन्द्राचार्यादिभिः पुनः॥
न्यायप्रस्थानमार्गांस्तानभ्यस्य स्वं च दर्शनम् । प्रणीतो गुरुणास्माकमयमागमसंग्रहः ॥

जब व्याकरण पढ़ने वाले विद्यार्थियों में आलस्य आ गया, वे संक्षिप्त अध्ययन और अल्प विद्या से ही सन्तुष्ट होने लग गए तब व्याडि रचित एक लक्ष श्लोक का संग्रह ग्रन्थ लुप्त हो गया। उस समय भगवान् पतञ्जलि को दया आई और तीर्थदर्शी इस विद्वान् ने समस्त न्याय बीजों का संग्रह करके व्याकरण शास्त्र पर महाभाष्य की रचना की, जो इतना गम्भीर है कि थाह लगाना कठिन है और इतना सरस और मनोरम है कि छिछला लगता है। अकुशल विद्वानों के लिए तो उसके स्वरूप का ठीक परिज्ञान ही नहीं हो सकता। बैजि, सौभव और हर्य्यक्ष आदि ने व्याकरणागम के रहस्य को न समझ कर केवल शुष्क तर्क द्वारा आर्ष ग्रन्थ की छीछालेदर कर डाली। इस प्रकार पतञ्जलि के शिष्यों से व्याकरणागम भ्रष्ट होकर दाक्षिणात्यों के घर में केवल ग्रन्थ के रूप में आलमारी की शोभा बढ़ाने लगा। फिर चन्द्राचार्य प्रभृति विद्वानों ने (त्रिकूट पर्वत पर स्थिर त्रिलिंग देश से रावण रचित मूलभूत व्याकरणागम जिसे किसी ब्रह्म राक्षस ने चन्द्राचार्य और वसुरात प्रभृति विद्वानों को दिया था प्राप्त करके) प्रचार किया तथा उसमें अनेक शाखायें बनीं। मेरे गुरुजी ने, जो वाक्यपदीय टीका के आधार पर वसुरात कहे जा सकते हैं, आगम संग्रह बनाया।'

इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि महाभाष्यकार पतञ्जलि के बहुत दिनों के बाद आचार्य भर्तृहरि का जन्म माना जाना चाहिए तथा वसुरात के शिष्य भर्तृहरि ने यह ग्रन्थ रचा।

काल

आचार्य भर्तृहरि किस काल में हुए यह कहना तो अत्यन्त कठिन अथवा असम्भव है। आजकल के विद्वानों ने चीनी यात्री इत्सिंग के कथनानुसार भर्तृहरि का समय विक्रम के सप्तम शतक का अन्त अथवा अष्टम शतक का आरम्भ स्वीकार किया है। इत्सिंग ने लिखा है कि 'उस भर्तृहरि की मृत्यु हुए चालीस वर्ष बीत चुके थे।' किन्तु यह कथन असत्य सिद्ध हो जाता है जब काशिका के ४।३।८८ सूत्र के उदाहरण में वाक्यपदीय ग्रन्थ का उल्लेख मिलता है। यह संवत् ६८० से ७०१ के मध्य लिखा गया है। कातन्त्र व्याकरण की दुर्गसिंह कृत वृत्ति काशिका से प्राचीन सिद्ध हो चुकी है क्योंकि सायण ने काशिका के ७।४।९३ सूत्र पर दुर्गसिंह की वृत्ति के खण्डन की बात लिखी है। दुर्गसिंह ने वाक्यपदीय की एक कारिका ३।२।४१ सूत्र पर उद्धृत की है जिससे भर्तृहरि की दुर्गसिंह से भी प्राचीनता सिद्ध होती है।

शतपथ ब्राह्मण की टीका में हरि स्वामी ने वाक्यपदीय की प्रथम कारिका का उत्तरार्ध उद्धृत किया है। इनका समय इनके निम्नलिखित श्लोक से परिज्ञात होता है—

श्रीमतोऽवन्तिनाथस्य विक्रमार्कस्य भूपतेः।
धर्माध्यक्षो हरिस्वामी व्याख्यच्छातपथीं श्रुतिम्॥
यदाब्दानां कलेर्जग्मुः सप्तत्रिंशच्छतानि वै।
चत्वारिंशत् समाश्चान्यास्तदा भाष्यमिदं कृतम्॥

इसके अनुसार हरिस्वामी का समय ३७४० कलिगताब्द अथवा वि० सं० ६९५ में पड़ता है। जैसा मीमांसकजी ने अपने इतिहास में लिखा है वह खींचातानी न भी की जाय तो कोई कठिनाई न होगी।

तन्त्रवार्तिक के अ० १ पा० ३ अ० ८ में वाक्यपदीय की १।१३ कारिका को उद्धृत कर कुमारिल भट्ट ने भर्तृहरि को अपना पूर्ववर्ती सिद्ध किया है।

अष्टाङ्ग संग्रह के टीकाकार वाग्भट्ट का शिष्य इन्दु उत्तर तन्त्र अ० ५० की टीका में लिखता है—

तासु च तत्र भवतो हरेः श्लोको—
संयोगो विप्रयोगश्च साहचर्यं विरोधिता।
अर्थः प्रकरणं लिङ्गं शब्दस्यान्यस्य सन्निधिः॥
सामर्थ्यमौचितीदेशः कालो व्यक्तिः स्वरादयः।
शब्दार्थस्यानवच्छेदे विशेषस्मृतिहेतवः॥ इत्यादि

यह कारिका वाक्यपदीय के २।३१५-३१६ में उपलब्ध है। काशी संस्करण में दूसरा भाग त्रुटित है जो अशुद्धि पत्र में छपा है। वाग्भट्ट का काल ऐतिहासिकों ने चन्द्रगुप्त का काल माना है। पाश्चात्य ऐतिहासिक चन्द्रगुप्त द्वितीय का काल वि० सं० ४३७-४७० तक स्थिर करते हैं। इस प्रकार भर्तृहरि का समय वि० सं० ४०० के पश्चात् मानना उचित नहीं प्रतीत होता।

जनश्रुति

विक्रमादित्य, जिन्हें उज्जैन मालवगण राज्य का राजा कहा जाता है, उनके भाई के रूप में भर्तृहरि का स्मरण लोग करते हैं। भर्तृहरि के योगी होने की बात प्रायः अधिक प्रसिद्ध है। उज्जैन के किले में भर्तृहरि की गुफा है जिसकी सरकार ने खुदाई की है। चुनार के किले में भी भर्तृहरि गुफा प्रसिद्ध है। यह किला भी विक्रमादित्य का बनवाया हुआ कहा जाता है। इससे यह तो सिद्ध होने लगता है कि भर्तृहरि और विक्रमादित्य में कोई सम्बन्ध अवश्य है। कुछ भी हो एक उच्चकोटि का वैदिक विद्वान् भर्तृहरि अवश्य बहुत प्राचीन विद्वान् है।

इत्सिंग का मत

चीनी यात्री इत्सिंग ने—जिसने सप्तमी शती ई० के अन्त में भारत यात्रा की थी, लिखा है कि 'हमारे भारत पहुँचने के ४० वर्ष पूर्व लगभग ६५१ ई० में भर्तृहरि नामक एक वैयाकरण की मृत्यु हो गई थी जो निश्चय ही भारतीय व्याकरणशास्त्र की अन्तिम मौलिक कृति वाक्यपदीय का लेखक था।' इनके सम्बन्ध में इत्सिंग कहता है कि 'उसका मन विरक्त तथा गृहस्थ जीवन में सदा दोलायमान रहता था और वह सात बार मठ और संसार के बीच में आता जाता रहा। जैसा कि बौद्धों के लिए अनुज्ञात है। एक अवसर पर जब वह बौद्ध विहार में प्रवेश कर रहा था उसने एक विद्यार्थी से अपने लिए बाहर रथ सज्जित रखने के लिए कहा जिससे कि उसके दुःसाध्य निश्चय पर यदि सांसारिक इच्छायें काबू पा जाँय तो वह रथ पर चढ़ कर जा सके।' (संस्कृत साहित्य का इतिहास, कीथ)

इत्सिंग को भले ही किसी ने भुलावा में डाल दिया हो अथवा किसी भर्तृहरि नाम के वैयाकरण की उस समय मृत्यु भी भले ही हो गई हो और वह बौद्ध तथा जैसा इत्सिंग ने समझा वैसा ही रहा हो। किन्तु वाक्यपदीयकार भर्तृहरि के विषय में इत्सिंग का कहना अत्यन्त असत्य है, क्योंकि जैसा मैं आगे भर्तृहरि को वैदिक सिद्ध करने चल रहा हूँ उन युक्तियों से भर्तृहरि को कथमपि बौद्ध नहीं सिद्ध किया जा सकता।

किसी पाठक के लेख का हवाला देकर श्रीकीथ ने लिखा है कि 'बड़े ठोस साक्ष्य के आधार पर यह दिखाया जा चुका है कि इत्सिंग का कथन भ्रम पूर्ण नहीं है।' हमने बड़ा प्रयत्न किया कि पाठक का लेख मिले और उसमें देखा जाय कि किन तर्कों पर उन्होंने आचार्य भर्तृहरि को बौद्ध सिद्ध किया है किन्तु पत्रिका 'सरस्वतीभवन पुस्तकालय' में भी उपलब्ध न हो सकी।

भर्तृहरि रचित ग्रन्थ

आचार्य भर्तृहरि के रचित निम्नलिखित ग्रन्थ कहे जाते हैं—

(१) महाभाष्यदीपिका (महाभाष्यटीका)
(२) वाक्यपदीय (३ काण्ड)
(३) वाक्यपदीयटीका (१–२ काण्ड)
(४) भट्टिकाव्य
(५) भागवृत्ति
(६) सुभाषितत्रिशती

इनके अतिरिक्त तीन ग्रन्थों के नाम और उपलब्ध हैं जो भर्तृहरि रचित कहे जाते हैं—

(१) मीमांसाभाष्य ।

(२) वेदान्तसूत्रवृत्ति ।

(३) शब्दधातुसमीक्षा ।

इन ग्रन्थों के भर्तृहरि रचित होने के लिए कुछ कहना आवश्यक है जो हम आगे कह रहे हैं।

युधिष्ठिर मीमांसक ने अपने 'संस्कृत व्याकरणशास्त्र का इतिहास' ग्रन्थ में प्रथम तीन तथा चार और द्वितीय तीन ग्रन्थों को भर्तृहरि रचित सिद्ध किया है। भट्टिकाव्य और भागवृत्ति किसी अन्य भर्तृहरि की रचित हैं कहा जा सकता है। मीमांसक जी ने अनेक उदाहरणों के द्वारा यह भी सिद्ध किया है कि भर्तृहरि और भागवृत्तिकार एक नहीं हो सकते। एक तो भाषा भिन्न है दूसरे सिद्धान्त भी भिन्न हैं। कहीं-कहीं भर्तृहरि का खण्डन भी है अतः दोनों का एक मानना अयुक्त है। यह भी सम्भावना हो सकती है कि आचार्य भर्तृहरि के नाम से कई विद्वान् प्रसिद्ध हुए हों।

क्या भर्तृहरि बौद्ध थे ?

चीनी यात्री इत्सिंग ने लिखा है कि 'वाक्यपदीय और महाभाष्य व्याख्या का रचयिता आचार्य भर्तृहरि बौद्धमतानुयायी था, उसने सात बार प्रव्रज्या ग्रहण की थी।'

किन्तु वाक्यपदीय ग्रन्थ के देखने से पता चलता है कि 'वाक्यपदीयकार और महाभाष्य की टीका का रचयिता आचार्य भर्तृहरि वैदिकधर्म का अनुयायी था और उसने कभी भी बौद्धधर्म नहीं स्वीकार किया था।' इसे हम सप्रमाण सिद्ध कर रहे हैं—

(१) वाक्यपदीय के ब्रह्मकाण्ड के आरम्भ में लिखा है कि—

अनादिनिधनं ब्रह्म शब्दतत्त्वं यदक्षरम् ।
विवर्ततेऽर्थभावेन प्रक्रिया जगतो यतः ॥ १ ॥
एकमेव यदाम्नातं भिन्नं शक्तिव्यपाश्रयात् ।
अपृथक्त्वेऽपि शक्तिभ्यः पृथक्त्वेनेव वर्तते ॥ २ ॥
प्राप्त्युपायोऽनुकारश्च तस्य वेदो महर्षिभिः ।
एकोऽप्यनेकवर्त्मेव समाम्नातः पृथक् पृथक् ॥ ३ ॥

इन कारिकाओं द्वारा जिसने अनादि और अनन्त शब्दब्रह्म का विवर्त जगत् को स्वीकार किया और उस ब्रह्म की प्राप्ति का उपाय महर्षियों के अभ्यस्त वेद को स्वीकारा वह क्षणिक विज्ञानवादी और वेदबाह्य बौद्ध कैसे कहा जा सकता है।

(२) आचार्य भर्तृहरि ने शब्द को ब्रह्म तथा काल शक्ति उसकी स्वतन्त्र शक्ति को स्वीकार किया है—

अध्याहितकलां यस्य कालशक्तिमुपाश्रिताः ।
जन्मादयो विकाराः षड् भावभेदस्य योनयः ॥ १।३ ॥
तमस्य लोकतन्त्रस्य सूत्रधारं प्रचक्षते ।
प्रतिबन्धाभ्यनुज्ञाभ्यां तेन विश्वं विभज्यते ॥ ३।४ ॥ (कालसमुद्देश)

इन कारिकाओं से ब्रह्म को शक्ति से अभिन्न और शक्ति का आश्रय भी स्वीकार किया है। यह सिद्धान्त बौद्धों का कभी भी नहीं है।

(३) आचार्य भर्तृहरि ने व्याकरण को स्मृति और ब्रह्मप्राप्ति का साधन स्वीकार किया है—

यदेकं प्रक्रियाभेदैर्बहुधा प्रविभज्यते।
तद् व्याकरणमागम्य परं ब्रह्माधिगम्यते ॥ १।२२ ॥

(४) स्मृतियों को वेद मूलक स्वीकार किया है—

स्मृतयो बहुरूपाश्च दृष्टादृष्टप्रयोजनाः।
तमेवाश्रित्य लिङ्गेभ्यो वेदविद्भिः प्रकल्पिताः ॥ १।७ ॥

(५) व्याकरण को वेद का मुख्य अंग स्वीकार किया गया है—

आसन्नं ब्रह्मणस्तस्य तपसामुत्तमं तपः।
प्रथमं छन्दसामंगं प्राहुर्व्याकरणं बुधाः ॥ १।११ ॥

(६) शब्द ब्रह्म को छन्दोमयी तनु कहा गया है—

अत्रातीतविपर्यासः केवलामनुपश्यति ।
छन्दस्यश्छन्दसां योनिमात्माछन्दोमयीं तनुम् ॥ १।१७ ॥

(७) वेद शब्द से ही जगत् की उत्पत्ति है—

शब्दस्य परिणामोऽयमित्याम्नायविदो विदुः।
छन्दोभ्य एव प्रथममेतद्विश्वं व्यवर्तत ॥ १।१२० ॥

(८) प्राणियों में चेतना शक्ति भी शब्द ही है—

सैषा संसारिणां संज्ञा बहिरन्तश्च वर्तते।
तन्मात्रामनतिक्रान्तं चैतन्यं सर्वजन्तुषु ॥ १।१२६ ॥

(९) समस्त आगम कर्तृक है उनका विनाश भी ध्रुव है। किन्तु समस्त आगमों का मूल त्रिवेदी सदा व्यवस्थित और नित्य है—

न जात्वकर्तृकं कश्चिदागमं प्रतिपद्यते ।
बीजं सर्वागमापाये त्रय्येवातो व्यवस्थिता ॥ १।१३३ ॥

(१०) वेद और शास्त्र मूलक तर्क ही नेत्र है—

वेदशास्त्राविरोधी च तर्कश्चक्षुरपश्यताम् ।
रूपमात्रद्धि वाक्यार्थः केवलान्नावतिष्ठते ॥ १।१३६ ॥

(११) भर्तृहरि ने आत्मा को नित्य स्वीकार किया है—

आत्मा वस्तु स्वभावश्च शरीरं तत्त्वमित्यपि।
द्रव्यमित्यस्य पर्यायस्तच्च नित्यमिति स्मृतम् ॥ द्रव्यसमुद्देशः ॥

इन समस्त प्रमाणों को देखकर तथा वाक्यपदीय की दार्शनिक पृष्ठभूमि को देखकर कोई भी नहीं स्वीकार कर सकता कि आचार्य भर्तृहरि बौद्ध थे अथवा उनके हृदय में बौद्धधर्म के प्रति कोई आस्था या राग रहा हो। अतः आचार्य भर्तृहरि को बौद्धधर्मावलम्बी कहने में इत्सिंग ने भूल की है। सम्भवतः उसने किसी बौद्ध भर्तृहरि के विषय में कुछ सुना हो और वाक्यपदीय आदि ग्रन्थों का उसीसे सम्बन्ध जोड़ दिया हो, क्योंकि कोई भी विद्वान् वाक्यपदीय ग्रंथ को देखकर अथवा शतकत्रय देखकर भर्तृहरि को बौद्ध कहने का साहस नहीं करेगा।

वाक्यपदीय

आचार्य भर्तृहरि रचित अनेक ग्रन्थों का नाम पीछे बतलाया जा चुका है। हम इस प्रकरण में उनके समस्त ग्रन्थों का न तो परिचय देंगे न उन पर कुछ विचार ही करेंगे किन्तु प्रकृत ग्रन्थ वाक्यपदीय के विषय में कुछ परिचयात्मक विचार व्यक्त करने चल रहे हैं।

वाक्यपदीयं नाम

आचार्य भर्तृहरि ने इस ग्रंथ का नाम वाक्यपदीय रखा जिसका अर्थ है कि वाक्य और पद के विषय में विचार के लिए आरम्भ ग्रन्थ (**वाक्यं च पदं च वाक्यपदे ते अधिकृत्य कृतो ग्रन्थो वाक्यपदीयम्**)। इस वाक्यपदीय में तीन काण्ड हैं इसीलिए इसे त्रिकाण्डी भी कहा गया है।

महामहोपाध्याय पण्डित श्री गङ्गाधर शास्त्री मानवल्ली ने काशी संस्करण की भूमिका में लिखा है कि 'वाक्य और पद विचारक ग्रन्थ होने के कारण दो काण्ड की ही 'वाक्यपदीय' संज्ञा है, यह बात द्वितीय काण्ड के अन्तिम श्लोकों से ही व्यक्त हो जाती है जो ग्रन्थ-समाप्ति में लिखे गये हैं। तृतीय काण्ड तो कारक आदि विचार परक है अतः आरम्भ के दो काण्डों को ही 'वाक्यपदीय' स्वीकार करना चाहिए।' इधर जो वाक्यपदीय पर स्वोपज्ञ टीका प्राप्त हुई है वह भी दो काण्डों पर ही है, यह भी सिद्ध करता है कि आचार्य भर्तृहरि ने प्रथम और द्वितीय काण्ड को ही 'वाक्यपदीय' के रूप में स्वीकार किया हो। द्वितीय काण्ड की—

वर्त्मनामत्र केषाञ्चिद् वस्तुमात्रमुदाहृतम्।
काण्डे तृतीये न्यक्षेण भविष्यति विचारणा॥ २।४८४॥

कारिका में आचार्य भर्तृहरि ने स्वयं तृतीय काण्ड रचने की प्रतिज्ञा भी की है। इससे तृतीय काण्ड के भर्तृहरि रचित होने में कोई विवाद नहीं है। हाँ, यह अवश्य है कि वाक्यपदीय पूर्ण है किन्तु तृतीय काण्ड में उन्हीं सिद्धान्तों पर विशद विचार हैं। अतः यह कहना कि 'वाक्यपदीय' दो काण्डों में पूर्ण नहीं है असंगत है। तृतीय काण्ड के बिना दो काण्ड अधूरे हैं यह कहना संगत हो सकता है। इसीलिए प्राचीन विद्वानों ने (स्वयं हेलाराज तथा वाक्यपदीयकार ने) तृतीय काण्ड को 'वाक्यपदीय' का पूरक माना है और इसीलिए उसे प्रकीर्ण काण्ड भी कहा जाता है। अतः हम श्री चारुदत्त शास्त्री के इस कथन से सहमत नहीं हैं कि 'तृतीय काण्ड वाक्यपदीय का मुख्य अंग है, प्रकीर्ण नहीं।'

वाक्यपदीय कारिकायें

वाक्यपदीय की प्रत्येक कारिका भाष्य के किसी न किसी वाक्य को आधार मानकर रची गई है। जैसे भाष्य के त्रिपादी में **'यथाऽम्बाम्बेति शिक्षमाणो बालोऽन्यथोच्चारयति'** इसको आधार मानकर—

अम्बाम्बेति यथा बालः शिक्षमाणो प्रभाषते।
अव्यक्तं तद्विदां तेन व्यक्ते भवति निश्चयः॥ इत्यादि॥

इस पर विशेष रूप से अनुसन्धान अपेक्षित है कि भाष्य के किन सिद्धान्तों के आधार पर किस कारिका का निर्माण हुआ है।

कुछ लोगों का कथन है कि 'वाक्यपदीय' की समस्त कारिकायें आचार्य भर्तृहरि रचित नहीं हैं किन्तु बहुत सी कारिकायें संग्रह ग्रन्थ से ले ली गई हैं। यह कोई असम्भव नहीं है। सम्भवतः व्याकरणागम की रक्षा को ध्यान में रखकर ग्रन्थ निर्माण प्रवृत्त ग्रन्थकार ने अपने पूर्ववर्ती संग्रह अथवा गुरु रचित आगम संग्रह के श्लोकों का संग्रह किया हो। कुछ भी हो वाक्यपदीय की कारिकायें व्याकरण शास्त्र की दर्शन शाखा के लिए आधार स्तम्भ हैं।

आज जो वाक्यपदीय कारिकायें उपलब्ध हैं उनकी तालिका इस प्रकार है। ब्रह्मकाण्ड १५६, वाक्यकाण्ड ४८६, पदकाण्ड १२१८, वाक्यपदीय के कई संस्करणों में कुछ कारिकायें अधिक उपलब्ध होती हैं किन्तु हमने जो अभी तक वाक्यपदीय कारिकाओं का संग्रह किया है वह कुल १८६० है। हमारी अपनी राय है कि वाक्यपदीय की लगभग १४० कारिकायें नष्ट हो गई हैं। यह ग्रन्थ दो सहस्र श्लोकों से अधिक का न रहा होगा। हम यह भी सोच सकते हैं कि जैसे व्याकरणसागर को आचार्य भर्तृहरि ने दो सहस्र श्लोकों मेंसंगृहीत किया वैसे ही आचार्य सायण ने 'जैमिनीयन्याय माला' संग्रह किया हो और सायण को वाक्यपदीय से प्रेरणा मिली हो।

वाक्यपदीय के द्वितीय काण्ड की कारिका ७९ में पुष्पराज ने लिखा है कि 'एतेषां वितस्य सोपपत्तिकं सनिदर्शनं स्वरूपं पदकाण्डे लक्षणसमुद्देशे विनिर्दिष्टमिति ग्रन्थकृतैव स्ववृत्तौ प्रतिपादितम्। आगमभ्रंशाल्लेखकप्रमादादिना वा लक्षणसमुद्देशश्च पदकाण्डमध्ये न प्रसिद्धः।' इस उद्धरण से पता चलता है कि लक्षणसमुद्देश्य नाम का कोई प्रकरण वाक्यपदीय का अभी अनुपलब्ध है।

इसी कारिका की व्याख्या में पुण्यराज लिखते हैं कि 'यस्मादुक्तम्। सेयमपरिमाणविकल्पा बाधा विस्तरेण बाधासमुद्देशे समर्थयिष्यते' यह बाधा समुद्देश भी अभी तक अनुपलब्ध है। इसी प्रकार—

'अपाये यदुदासीनं चलं वा यदि वाचलम्। ध्रुवमेवातदावेशात्तदपादानमुच्यते॥
पततो ध्रुव एवाश्वो यस्मादश्वात्पतत्यसौ। तस्याप्यश्वस्य पतने कुड्यादि ध्रुवमिष्यते॥

इत्यादि कारिकाओं को भर्तृहरि के नाम से आचार्य भट्टोजी दीक्षित प्रभृति ने स्मरण किया है किन्तु ये ग्रन्थ में उपलब्ध नहीं हैं। इससे यह तो सिद्ध ही हो जाता है कि वाक्यपदीय ग्रन्थ की खोज अभी बन्द नहीं होनी चाहिये।

वाक्यपदीय टीकायें

आचार्य भर्तृहरि की वृत्ति

वाक्यपदीय ग्रन्थ में व्याकरणागम का यथार्थ रूप प्रकट है। यह शुद्ध कारिका के रूप में रचा गया है। कारिकायें कण्ठ करने में सरल तो पड़ती हैं किन्तु पूर्ण विषय का विवेचन उनमें नहीं हो पाता इसीलिए सर्वप्रथम वाक्यपदीयकार भर्तृहरि ने ही आरम्भ के दो काण्डों पर विवरण लिखा है। आचार्य मम्मट, न्यायमञ्जरीकार जयन्त आदि ने वृत्ति सहित कारिकाओं को वाक्यपदीय स्वीकारा है। मम्मट ने 'नहि गौः स्वरूपेण गौः नाप्यगौः गोत्वाभिसम्बन्धात्तु गौरिति' इस वाक्यपदीय पंक्ति का उल्लेख अपने काव्य प्रकाश में किया है। इससे यह सिद्ध होता है कि वाक्यपदीय पर सर्वप्रथम स्वयं ग्रन्थकार ने ही विवरण लिखा है।

यह वृत्ति अभी तक अमुद्रित थी किन्तु कुछ विद्वानों के प्रयत्न से ब्रह्मकाण्ड तथा

वाक्यकाण्ड का कुछ भाग मुद्रित हुआ है। इस वृत्ति के प्राप्त हो जाने से 'वाक्यपदीय' की कारिकाओं का आशय लगाना सरल तो हो ही गया साथ में अगले पण्डितों की व्याख्या में प्रामाण्य भी आ गया है।

प्रथम काण्डवृत्ति

यह एक विवाद का विषय बन गया है कि भर्तृहरि ने वाक्यपदीय पर दो वृत्तियाँ रची थीं। एक लघुविवरण दूसरी बृहतीवृत्ति। दोनों वृत्तियाँ अब मुद्रित हैं। प्रथम वृत्ति चौखम्बा सीरीज़ में मुद्रित है, जिसके अन्त में लिखा है कि 'इति महावैयाकरणहरिवृषभविरचित-वाक्यपदीयप्रकाशे आगमसमुच्चयो नाम ब्रह्मकाण्डं प्रथमं समाप्तम्।' दूसरी वृत्ति लाहौर से मुद्रित है जिसके अन्त में लिखा है कि 'इति श्रीहरिवृषभमहावैयाकरणविरचिते वाक्यपदीये आगमसमुच्चयो नाम ब्रह्मकाण्डं समाप्तम्।'

इस प्रकार हरिवृषभकृत दो वृत्तियाँ ब्रह्मकाण्ड पर मुद्रित हैं। दोनों में यत्र तत्र अवतरण आदि में भेद भी है। लाहौर मुद्रित वृत्ति विशद है तथा उस पर एक वृषभदेव की टीका भी मुद्रित है, जिससे लाहौर संस्करण की अत्यधिक उपयोगिता सिद्ध हो जाती है।

पुण्यराज

वाक्यपदीय के द्वितीय काण्ड पर पुण्यराज की टीका भी चौखम्बा वाराणसी और लाहौर से मुद्रित है। यह टीका भर्तृहरि की वृत्ति के आधार पर रची गई है तथा वृत्ति से कुछ विशद है, वाक्यपदीय के तात्पर्य मात्र का निर्देश करती है। फिर भी टीका अत्यन्त उत्तम है।

इनका जन्मकाल क्या होगा यह कहना कठिन है क्योंकि इन्होंने अपने जन्म के विषय में कुछ भी नहीं लिखा है। केवल किसी काश्मीर के राजा राजानकशूरवर्म के समय में शशाङ्क के शिष्य से इन्होंने व्याकरण का अध्ययन किया तथा यह टीका लिखी; यह इन्हीं की टीका के अन्तिम श्लोक से पता चलता है—

तत उपसृत्य विरचिता राजानकशूरवर्मनाम्ना वै।
शशाङ्कशिष्याच्छ्रुत्वैतद्वाक्यकाण्डं समासतः॥

वामन रचित अलंकार सूत्रवृत्ति के प्राचीनतम टीकाकार सहदेव ने अपने विषय में लिखा है कि—

चतुर्दशानामपि यः प्रसिद्धो विद्यास्थितीनां परपारदृश्वा।
शशाङ्कपूर्वधर इत्युदारं यन्नामलोके नितरां प्रसिद्धम्॥
तदीयशिष्यः सहदेवनामा कुले प्रसूतः खलु तोमराणाम्।
व्याख्यामिमां काव्यविचारशास्त्रे व्यधत्त लब्धीमिह वामनीये॥
काश्मीरदेशादपशर्पतो मे शब्दानुशुद्धिं त्रिमुनिं निशम्य।

इससे पता चलता है कि कश्मीर के शशाङ्कधर के शिष्य सहदेव से ही पुण्यराज ने व्याकरण शास्त्र सीखा हो।

हेलाराज

वाक्यपदीय के तृतीय काण्ड पर जो अभी तक मुद्रित है एक ही टीका हेलाराज की है। हेलाराज ही इस भाग पर प्रथम टीकाकार हैं यह नहीं कहना चाहिए क्योंकि स्वयं हेलाराज

ने ही अपने पूर्ववर्ती टीकाकारों का अनेक स्थानों पर उल्लेख किया है। इनके भी समय का ठीक परिज्ञान नहीं हो सका है फिर भी इन्होंने जो कुछ अपने विषय में लिखा है उसीसे पर्याप्त प्रकाश मिलता है।

हेलाराज ने तृतीय काण्ड के अन्त में लिखा है कि—

मुक्तापीड इति प्रसिद्धिमगमत्कश्मीरदेशे नृपः
श्रीमान् ख्यातयशा बभूव नृपतेस्तस्य प्रभावानुगः।
मन्त्री लक्ष्मण इत्युदारचरितस्तस्यान्ववाये भवो
हेलाराज इमं प्रकाशमकरोच्छ्रीभूतिराजात्मजः॥

इससे पता चलता है कि कश्मीर देश के राजा मुक्तापीड के प्रधान मन्त्री लक्ष्मण के वंश में भूतिराज के पुत्र के रूप में हेलाराज ने जन्म लिया था। इससे लक्ष्मण के कितनी पीढ़ी के बाद हेलाराज ने जन्म लिया यह सन्दिग्ध ही रह जाता है। फिर भी बूहलर महोदय (जो अनेक प्राचीन पुस्तकों की खोज ही किया करते थे) ने अभिनव गुप्त रचित गीताभाष्य पुस्तक प्राप्त की, जिसमें अभिनव गुप्त ने भूतिराज के पुत्र भट्टेन्दुराज को अपना गुरु स्वीकार किया है। भूतिराज के पुत्र होने के कारण यह स्वीकार करना पड़ता है कि भट्टेन्दुराज और हेलाराज सोदर भाई थे। अभिनव गुप्त के काल के आधार पर हेलाराज का काल ख्रीस्तीय दशम शतक का उत्तरार्ध स्वीकार किया जा सकता है।

राजतरंगिणीकार महाकवि कल्हण ने हेलाराज की एक श्लोक में चर्चा की है—

बद्धा द्वादशभिर्ग्रन्थसहस्रैः पार्थिवावलिः। प्राज्ञमहाव्रतिना येन हेलाराजद्विजन्मना॥

डा० कीथ ने कल्हण का समय ई० की ११वीं शताब्दी स्वीकार किया है इससे भी स्पष्ट है कि हेलाराज उनसे पूर्ववर्ती रहे हैं।

हेलाराज ने सम्पूर्ण वाक्यपदीय पर टीका रची है। इन्होंने स्वयं लिखा है कि **'काण्डद्वये यथावृत्ति सिद्धान्तार्थसतत्त्वतः'**। प्रथम काण्ड की टीका का नाम इन्होंने **'शब्दप्रभा'** रक्खा था जैसा कि इन्होंने लिखा है कि **'विस्तारेणागमप्रामाण्यं वाक्यपदीयेऽस्माभिः प्रथमकाण्डे शब्दप्रभायां निर्णीतम्।'**

हेलाराज ने वाक्यपदीय टीका रचने के पूर्व 'क्रियाविवेक' और 'वार्तिकोन्मेष' नाम के दो ग्रन्थों का भी निर्माण कर लिया था। जैसा कि उन्होंने तृतीय काण्ड की कई कारिकाओं की व्याख्या में निर्देश किया है।

१. तृतीय काण्ड जाति समुद्देश ५० कारिका की व्याख्या में लिखा है कि **'क्रियाविवेके विस्तरेणास्माभिरभिहितमिति तत एवावधार्यताम्।'**

२. क्रियासमुद्देश की १ कारिका की टीका के अन्त में **'फलतस्तु सामर्थ्याद्भवति क्रियाविवेके क्रियैव प्रधानभूता वाक्यार्थ इति निर्णीतं तत एवावधार्यम्।'**

इन अंशों तथा इसी प्रकार अनेक स्थानों पर अपनी कृति का क्रियाविवेक के नाम से स्मरण किया है।

३. वार्तिकोन्मेष की चर्चा तो लिंगसमुद्देश के अन्त में **'सिद्धान्तस्तु यथाभाष्यं गुणावस्थारूपं लिङ्गमित्यस्माभिः वार्तिकोन्मेषे यथागमं व्याख्यातं तत एवावधार्यम्।'**

४. द्रव्यसमुद्देश की १५वीं कारिका की टीका में इन्होंने अपने **'अद्वयसिद्धि'** नाम के ग्रन्थ की सूचना दी है। जैसे—**'कारणान्तरव्युदासश्चाद्वयसिद्धावभिहित इति सत्यर्थित्वे तत एवावगन्तव्यः।'**

हेलाराज की टीका जो केवल तृतीय काण्ड की उपलब्ध है वह भी पूर्ण नहीं है। काशी से मुद्रित संस्करण में कई स्थलों पर लिखा है **'इतो ग्रन्थपातसन्धानाय फुल्लराज-कृतिर्लिख्यते'**।

फुल्लराज

फुल्लराज ने वाक्यपदीय के कितने भाग पर टीका की यह अभी तक गवेषणा का विषय है। हाँ, टीका के कुछ भागों के देखने से पता चलता है कि वह टीका भी 'वाक्यपदीय' को सुबोध बनाने में अवश्य सहायक है। इनका क्या समय रहा होगा यह तो कहना असम्भव है तबतक जबतक उनके विषय में विशेष गवेषणा न हो।

सूर्यनारायण शुक्ल

वाक्यपदीय जैसा दार्शनिक ग्रन्थ है और उस पर जिस प्रकार की विवेचनापूर्ण टीका की आवश्यकता है उस प्रकार की एक भी टीका अभी तक नहीं रची गई है। जो टीकायें अभी तक बनी थीं वे किसी समय के लिए भले ही मार्गदर्शक रही हों किन्तु इस युग में जब 'वाक्यपदीय' का पठन-पाठन बन्द है और विद्वानों में 'बहुश्रुत' होने की प्रवृत्ति कम हो गई है वाक्यपदीय पर विशद टीका की आवश्यकता थी। आचार्य भर्तृहरि ने ही कहा है—

प्रज्ञा विवेकं लभते भिन्नैरागमदर्शनैः।
कियद्वाशक्यमुन्नेतुं स्वतर्कमनुधावता॥

इन्हीं स्थितियों को ध्यान में रख कर मेरे पूज्य पिता श्री शुक्ल जी ने 'भावप्रदीप' नाम की टीका रचनी आरम्भ की जो अनेक कारणवश ब्रह्मकाण्ड के आगे नहीं छप सकी।

श्रीशुक्लजी का जन्म १९५२ विक्रम में फैजाबाद जिले की अकबरपुर तहसील के निमदीपुर ग्राम में श्री पं० रामेश्वरदत्त शुक्ल के घर में हुआ था। इनके पिता अवध की रियासत दियरा के राजा रुद्रप्रतापशाहि के राजपण्डित थे। इन्होंने आरम्भिक शिक्षा अपने पिता से प्राप्त की और तदनन्तर राजगोपाल पाठशाला अयोध्या में श्री पं० चन्द्रधर पाण्डेय से व्याकरण-साहित्य, श्रीरामानुजाचार्य से शांकर, रामानुज वेदान्त तथा मीमांसा और श्रीश्रीदत्तजी पाण्डेय से नव्यन्याय का अध्ययन किया था। आपने काशी के जो० म० गोयनका संस्कृत महाविद्यालय में ४ वर्ष तक व्याकरण पढ़ाया और उसके बाद गवर्नमेण्ट संस्कृत कालेज वाराणसी में १४ वर्ष न्यायशास्त्र का अध्यापन किया तदनन्तर १९७४ के चैत्र (मार्च) में इस जगत् को छोड़ दिया।

आपके रचित ग्रन्थ—

१. वादरत्न (न्यास भाग)	व्याकरण
२. वादरत्न (परिष्कार भाग)	"
३. माध्वभ्रान्तिनिरास	वेदान्त
४. माध्वमुखभंग	"
५. निर्विकल्पतावाद	निबन्ध
६. आशौचसंकरव्यवस्था	धर्मशास्त्र

आपकी रचित टीकायें

१. मुक्तावलीमयूख न्याय
२. तत्त्वचिन्तामणि (मंगलवाद) "
३. तर्कसंग्रहदीपिकामयूख "
४. वाक्यपदीय भावप्रदीप व्याकरण
५. लघुमंजूषा (आकांक्षायोग्यता प्रकरण) "
६. भाट्टचिन्तामणिमयूख मीमांसा
७. खण्डनरत्नमालिका (खण्डनखाद्य टीका) वेदान्त

इनके अतिरिक्त प्रायः १५ ग्रन्थों का आपने सम्पादन किया जो चौखम्बा संस्कृत पुस्तकालय अथवा सरस्वतीभवन पुस्तकालय से मुद्रित हैं। ऊपर लिखे हुए ग्रन्थों में प्रायः समस्त चौखम्बा संस्कृत सीरीज में मुद्रित हैं।

वाक्यपदीय पर अन्य टीकायें

वाक्यपदीय पर कुछ लोगों ने केवल छात्रों के लिए कुछ टीकायें रची हैं जो इतनी संक्षिप्त हैं कि इन्हें महत्त्व देना आवश्यक नहीं है। इनमें श्रीद्रव्येश झा तथा श्रीनारायणदत्त शास्त्री (नृसिंह) जी की टीका अवश्य उल्लेखनीय है।

इधर श्री पं० रघुनाथ शास्त्रीजी ने समस्त वाक्यपदीय पर टीका लिखना आरम्भ किया है जो भर्तृहरि की वृत्ति के आधार पर रची जा रही है तथा भावबोध के लिए बड़ी सरल भी है। यदि इस महाविद्वान् को संस्कृत विश्वविद्यालय ने इस कार्य में रत रखने की व्यवस्था की तथा इस ग्रन्थरत्न का मुद्रण किया तो वाक्यपदीय का सचमुच उद्धार हो जायगा।

अब हम आगे वाक्यपदीय ग्रन्थ का कुछ संक्षिप्त परिचय देना चाहते हैं जिसमें प्रकृत काण्ड का विशेष तथा शेष काण्डों का सामान्य परिचय होगा।

वाक्यपदीय

वाक्यपदीय के तीन काण्ड में से प्रथम काण्ड अथवा ब्रह्मकाण्ड आगमसमुच्चय काण्ड है। इस काण्ड में आचार्य भर्तृहरि ने वाक्यपदीय के दार्शनिक आधार का चित्रण किया है।

प्रथम काण्ड का प्रतिपाद्य विषय

प्रथम काण्ड मुख्यतः आगमकाण्ड कहा जाता है। इस काण्ड में शब्द को ब्रह्म के रूप में स्वीकार किया है। आचार्य भर्तृहरि ने शब्द को अनादिनिधन, अक्षर, जगत्कारण, नित्य और चेतन स्वीकार किया है। शब्द ब्रह्म अपनी स्वतन्त्र शक्ति 'कालशक्ति' के द्वारा समस्त जगत् की उत्पत्ति अथवा अभिव्यक्ति को नियन्त्रित मानता है। इसीलिए इनके यहाँ एक ही शब्द से एक काल में अनेक कार्य नहीं उत्पन्न होते। उस ब्रह्म का स्वरूप और प्राप्ति का मुख्य उपाय 'वेद' है, जो एक है, किन्तु महर्षियों के द्वारा विभिन्न रूप में अभ्यस्त होने के कारण अनेक रूप का हो गया है। वह वेद अनेक अंगों और उपाङ्गों से युक्त है, जिसमें व्याकरण वेद का प्रधान अंग है और व्याकरण के द्वारा प्रत्यगात्म स्वरूप शब्द ब्रह्म का साक्षात्कार होता है जिससे मोक्ष की प्राप्ति होती है। शब्द, अर्थ और उनका सम्बन्ध भी नित्य है, जिनमें प्रकृति-प्रत्यय आदि की कल्पना उनके साधुत्वरूप के साक्षात्कार के लिए

की गई हैं। शब्दों के नित्य होने के ही कारण व्याकरण शास्त्र बनाना सार्थक है अन्यथा शब्दों की अनित्यता से सुस्थिर व्याकरण का बनाना सम्भव न होता। अतः साधु शब्दों के परिज्ञान के लिए व्याकरणागम की रचना वेद के आधार पर की गई।

आगम प्रामाण्य

आगम समस्त प्रमाणों में श्रेष्ठ है। अनुमान प्रमाण में आगम का अन्तर्भाव नहीं हो सकता क्योंकि आषाढ़ में बोया गेहूँ और कार्तिक में बोये हुए धान से फल उत्पन्न होना सम्भव नहीं है। अतः शक्ति के भेद से वस्तुस्थिति में भेद हो जाता है। धर्माधर्म निर्णय के लिए भी आगम ही प्रमाण है। शंख की पवित्रता की भाँति मनुष्य के शिर का कपाल अनुमान द्वारा पवित्र सिद्ध नहीं किया जा सकता।

अनुमान में सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि वह किसी वस्तु को एक तर्क से सिद्ध करता है फिर विपरीत तर्क से खण्डित हो जाता है।

अभ्यास—भी अनुमान में अन्तर्हित नहीं हो सकता। मणि के मूल्य में तारतम्य का ज्ञान अनुमान से नहीं हो सकता।

अदृष्ट भी प्रत्यक्ष और अनुमान से परे ही है। पितरों, राक्षसों और पिशाचों की सिद्धियाँ प्रत्यक्ष अथवा अनुमान नहीं हैं।

वाक्यपदीयकार के मत में प्रमाण

इन विवेचनों से प्रतीत होता है कि वाक्यपदीयकार प्रत्यक्ष, अनुमान, शब्द, अभ्यास और अदृष्ट इस प्रकार ५ प्रमाण मानते हैं।

प्रत्यक्ष

वाक्यपदीयकार के मत में प्रत्यक्ष दो प्रकार का है एक लौकिक और दूसरा अलौकिक। लौकिक प्रत्यक्ष तो हम लोगों का है किन्तु अलौकिक प्रत्यक्ष ऋषियों का है जो विना इन्द्रिय की सहायता के ही होता है और लोक उसे अपने प्रत्यक्ष से कम महत्त्व नहीं देता। का० ॥ ३७-४० ॥

अनुमान

प्रत्यक्ष के अतिरिक्त अनुमान प्रमाण की विशेष सिद्धि के उपाय तो नहीं वर्णित हैं किन्तु उसका खण्डन भी नहीं किया है अतः **'अप्रतिषिद्धं ह्यनुमतं भवति'** न्याय के आधार पर स्वीकार किया जाता है कि वाक्यपदीयकार अनुमान प्रमाण स्वीकार करते हैं।

शब्द (आगम)

शब्द को प्रमाण स्वीकार करने के लिए वाक्यपदीयकार ने अपनी पूरी शक्ति लगा दी है। ऊपर कहे गए समस्त तर्क आगम को प्रमाण ही सिद्ध कर रहे हैं।

अभ्यास

वाक्यपदीयकार ने अपनी ३५वीं कारिका के आधार पर अभ्यास नाम के प्रमाण की चर्चा की तथा कहा कि 'जो मणि आदि के मूल्यों के तारतम्य का ज्ञान है वह दूसरों को बताया नहीं जा सकता किन्तु अभ्यास से ही होता है, इससे पता चलता है कि इनको अभ्यास नाम का प्रमाण भी स्वीकृत रहा होगा। दूसरे दार्शनिकों का कहना है—'कल मेरा भाई आएगा

यह मेरा हृदय कहता है' इस ज्ञान की भाँति अभ्यास भी प्रत्यक्ष ही है जैसे आर्ष ज्ञान।

अदृष्ट

वाक्यपदीय की ३६ वीं कारिका के आधार पर अदृष्ट प्रमाण की भी चर्चा की गई है। प्रेत अथवा पितर भीत से बिना छिद्र बनाये हाथ बाहर निकाल देते हैं ये सिद्धियाँ अदृष्टजन्य ही हैं। दूसरे दार्शनिक इसे भी आर्ष ज्ञान की भाँति प्रत्यक्ष ही मानते हैं। जैसे तपःसाध्य आर्षज्ञान है वैसे ही पितरों की सिद्धियाँ भी हैं।

वाक्यपदीयकार ने उपमान, अर्थापत्ति, अनुपलब्धि, सम्भव और ऐतिह्य नाम के प्रमाणों की कोई चर्चा भी नहीं की है। सम्भवतः उन्होंने इन प्रमाणों को नगण्य माना हो। श्री म० म० तात्याशास्त्रि प्रभृति वैयाकरणों ने व्याकरण सिद्धान्त में सांख्य सिद्ध प्रमाण मान्य कहे हैं। अत एव यह भी एक पक्ष प्रामाणिक प्रतीत होता है कि व्याकरण सिद्धान्त में प्रत्यक्ष, अनुमान और शब्द तीन ही प्रमाण मान्य रहे हैं।

इस प्रकार नित्य चेतन शब्द ब्रह्म की प्राप्ति के लिए उसकी प्राप्ति के साधन वेद के प्रधान अंग व्याकरण का अध्ययन आवश्यक, प्रामाणिक और आभ्युदयिक सिद्ध है। फिर भी सर्वदा शब्द का प्रतिभास न होने में कोई कारण अवश्य होगा। इत्यादि अनेक शंकाओं के समाधान के लिए शब्द के वास्तविक स्वरूप का प्रतिपादन किया गया है।

शब्द के दो रूप

वैयाकरणों ने शब्द के दो रूप स्वीकार किये हैं। एक निमित्त और दूसरा अर्थबोधक। स्फोट और वैखरी रूप से दो प्रकार के शब्दों में कार्यकारणभाव माना गया है।

स्फोट

स्फोट वह शब्द है जहाँ अन्य शब्द छिपकर बैठे रहते हैं और जिसके अनुग्रह से शब्द सुनाई पड़ते हैं तथा अर्थ का बोध होता है। स्फोट निमित्त और अर्थ बोधक भी है। श्रोता के लिए वैखरी निमित्त है और स्फोट अर्थबोधक है क्योंकि पूर्वपूर्ववर्णों के नाश हो जाने से उत्तर-उत्तर वर्ण के एक साथ न रहने से अर्थबोध नहीं हो सकता था। अतः स्फोट ही अर्थबोधक माना गया है। वक्ता के तात्पर्य से स्फोट वैखरी का निमित्त है और वैखरी ही अर्थबोध (स्फोट प्रकाशन) के लिए उच्चरित होती है। इन दोनों पक्षों में स्फोट ही अर्थबोधक स्वीकृत है।

यद्यपि ध्वनियों के क्रम से जन्म लेने के कारण स्फोट सक्रम प्रतीत होता है तथापि वह सक्रम नहीं है किन्तु जैसे मयूर के अण्डे के रस में मयूर के अंग प्रत्यंग अक्रम रहते हैं किन्तु क्रम से ही विकसित होते हैं वैसे स्फोट भी अक्रम है किन्तु ध्वनि के क्रम से उच्चरित होने से स्फोट में सक्रमता प्रतीत होती है। इसी प्रकार शब्द में वर्ण, पद, वर्णावयव, पदावयव, जाति, व्यक्ति, सखण्ड आदि प्रतीतियाँ भ्रम हैं। वस्तुतः एक तथा सत्य वाक्य ही स्फोट है।

जगत् शब्द का विवर्त है

वाक्यपदीयकार ने जगत् को शब्द का विवर्त और परिणाम दोनों माना है यह **'शब्दस्य परिणामोऽयम्'–'एतद्विश्वं व्यवर्तत'** इस कारिका से सिद्ध होता है। कुछ ऐसे वचन मिले हैं जिनमें परिणाम और विवर्त शब्द में पर्यायता प्रतीत होती है जैसे भवभूति ने

'आवर्तबुद्बुदतरङ्गमयान् विकारान्' कहा है। विकार और परिणाम पर्याय शब्द हैं। बुद्बुद पानी का विवर्त है विकार नहीं। फिर भी दोनों शब्दों के व्यवहार में सांकर्य कहा है। स्फोट सिद्धि के प्रारम्भ में गोपालिका टीकाकार ने शब्द को जगत् का विवर्त और विकार दोनों माना है। उनका कहना है कि स्फोट का विवर्त जगत् है किन्तु ध्वनि अथवा वैखरी का परिणाम है। यह उचित भी प्रतीत होता है। जब 'वागेव विश्वाभुवनानि जज्ञे' 'सभूरिति व्याहरत् भुवमसृजत्' श्रुतियाँ भूव्याहार को जगत् सृष्टि में कारण मानती हैं तब वैखरीका परिणाम जगत् मान लेने में कोई हानि नहीं प्रतीत होती।

शब्द से सृष्टि प्रक्रिया

वैयाकरणों के मत से सृष्टि का क्रम इस प्रकार मान्य है। सृष्टि के आरम्भ में पश्यन्ती वाग्रूपी शब्द ब्रह्म ने अपनी अपरिमित शक्ति वाली माया के साथ होकर विभिन्न प्रकार के प्राणियों के कर्मों की सहायता से समस्त नाम-रूपात्मक जगत् को बुद्धिस्थ करके 'यह मैं करूँगा' संकल्प करता है और तब अपनी स्वतन्त्र शक्ति 'कालशक्ति' के साथ आकाशादिकों की, उसके बाद भूतों की सृष्टि करता है। कहा भी है कि—

'यः सर्वपरिकल्पानामाभासेऽप्यनवस्थितः।
तर्कागमानुमानेन बहुधा परिकल्पितः॥
अन्तर्यामी स भूतानामाराद् दूरे च दृश्यते।
सोऽत्यन्तमुक्तो मोक्षाय मुमुक्षुभिरुपास्यते॥
तस्यैकमपि चैतन्यं बहुधा प्रविभज्यते।
अंगाराङ्कितमुत्पाते वारिराशेरिवोदकम्॥
त्रयीरूपेण तज्ज्योतिः प्रथमं परिवर्तते।
ब्रह्मेदं शब्दनिर्माणं शब्दशक्तिनिबन्धनम्॥
विवृत्तं शब्दमात्राभ्यस्तास्वेव प्रविलीयते।'

'जो प्रलय के बाद भी स्थिर है, जिसकी तर्क, आगम और अनुमान द्वारा अनेक प्रकार से कल्पना की गई है, जो समस्त प्राणियों के दूर और अन्तर विद्यमान है, जो मुक्त है और मोक्षार्थी जिसकी उपासना करते हैं उसीका एक चैतन्य अनेक रूप में प्रविभक्त है। जिसकी प्रथम ज्योति त्रयी (वेद) रूप में परिणत होती है वह शब्द है और उसी की मात्रा से जगत् का विवर्त हुआ है और उसी में यह विलीन होता है।'

नागेशभट्ट ने सृष्टि का क्रम कुछ दूसरा ही स्वीकार किया है। जैसे 'प्रलय काल में समस्त प्राणियों के भोग्य कर्मों का जब प्रक्षय हो जाता है तब जगत् माया में और माया ईश्वर में लीन हो जाती है। यह लीनता नाश नहीं है किन्तु सुप्त होना है। उसके बाद जो कर्म फल देने योग्य नहीं थे काल वश फल देने के लिए उन्मुख हुए तब भगवान् की माया और पुरुष के रूप में अबुद्धिपूर्वक सृष्टि होती है फिर परमेश्वर में सृष्टि चलाने की इच्छा रूपा माया वृत्ति का उदय होता है और अव्यक्त, त्रिगुण बिन्दु उत्पन्न होता है। इसे ही 'शक्तितत्त्व' कहते हैं। इस बिन्दु में तीन अंश हैं। चिदंश (बीज) चिदचिन्मिश्र अंश नाद (परावाक्) चिदंश बिन्दु। इस प्रकार उत्पन्न नाद ही परावाक् है जिसे वाक्यपदीयकार ने यावत्सृष्टिस्थिति अथवा प्रवाहनित्यता के आधारपर अनादिनिधन शब्द से कहा है। वस्तुतः शब्द अनादि और अनन्त नहीं है।'

यह ही मत 'प्रपञ्चसार' में (जो तन्त्रशास्त्र का ग्रन्थ है) प्रतिपादित है जैसे—

प्रकृतिः पुरुषश्चैव नित्यौ कालश्च सत्तम।
अणोरणीयसी स्थूलात्स्थूला व्याप्तचराचरा॥
स जानाति विपाकांश्च तस्यां सम्यग्व्यवस्थितान्।
सा तत्त्वसंज्ञा चिन्मात्रा ज्योतिषः सन्निधेस्तदा॥
विचिकीर्षुर्घनीभूतः सा चिदभ्येति विन्दुताम्।
काले न भिद्यमानस्तु स विन्दुर्भवति त्रिधा॥
स्थूलसूक्ष्मपरत्वेन तस्य त्रैविध्यमिष्यते।
स विन्दुनादवीजत्वभेदेन च निगद्यते॥
विन्दोस्तस्माद्भिद्यमानाद्रवोऽव्यक्तात्मकोऽभवत्।
स रवः श्रुतिसम्पन्नैः शब्दब्रह्मेति कथ्यते॥ इत्यादि।

तात्पर्य यह कि घनीभूत ब्रह्म, उस ी विचिकीर्षा, अव्यक्त (कारणविन्दु), अव्यक्तरव (परावाक्), पश्यन्ती (कर्मविन्दु रूप सामान्यस्पन्दवती), मध्यमा (नादरूप स्पन्दविशेषवती), वैखरी (बीजरूपा अकारादिवर्णरूपा)।

इस प्रकार नागेश का मत तन्त्रशास्त्र की वासना के आधार पर वाक्यपदीय कारिकाओं का अर्थ अन्यथा करने वाला है। जहाँ वाक्यपदीयकार शब्द ब्रह्म को नित्य मानते हैं तथा जगत् को शब्द ब्रह्म का विवर्त मानते हैं वहीं नागेश शब्द ब्रह्म को अनित्य मानते हैं तथा प्रवाहनित्यता को ध्यान में रखकर वाक्यपदीय की 'अनादिनिधनं ब्रह्म' कारिका का अन्यथा अर्थ करते हैं। इनका यह मत शैवागम के 'शिवदृष्टि' ग्रन्थ तथा बौद्धदर्शन के तत्त्वसंग्रह ग्रन्थ में वैयाकरणमत के रूप में उद्धृत तथा स्वीकृत सिद्धान्त से भिन्न होने के कारण तथा वाक्यपदीय के सर्वथा विपरीत होने के कारण असंगत है। यह अन्य ग्रन्थकार (जैसे न्यायमंजरीकार जयन्त और शारदातिलक) के द्वारा ज्ञात वैयाकरण मत से भी विरुद्ध है।

सिद्धान्तशैव, शांकर और वैयाकरण मत में भेद

सिद्धान्तशैव का मत है कि 'शिव और शक्ति (ज्ञानरूपा) एक तत्त्व, शिव की परिग्रह शक्ति 'विन्दु' जो 'क्रियाशक्ति' भी कही जाती है द्वितीय तत्त्व, आत्मा तृतीय तत्त्व, इस प्रकार तीन 'रत्न' हुए। विन्दु के दो भेद एक शुद्ध (महामाया) दूसरा अशुद्ध (माया)। विन्दु की शक्ति का नाम विकल्प है। उसे ही आश्रय बनाकर शिव शुद्धविन्दु को क्षुब्ध करते हैं। उससे शब्द और अर्थ सृष्टि की धारा उत्पन्न होती है। वह शब्दधारा क्रम से परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी के रूप में है फिर अशुद्ध विन्दु क्षुब्ध होकर अशुद्ध शब्द धारा उत्पन्न करता है। वह भी क्रम से परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी रूप है। इस प्रकार दोनों प्रकार के विन्दुओं से उत्पन्न धाराएँ जड़ हैं। उनका परिणाम वाणी भी जड है। उसका अतिक्रम ही मोक्ष है। वाक् तादात्म्य मोक्ष नहीं है।' यह मत शैव सिद्धान्त के अष्टप्रकरण में प्रतिपादित है। विशेष वहीं देखना चाहिए।

अभिनव गुप्त का मत है कि प्रकाश और विमर्श दो ही वस्तु हैं। प्रकाश ही शिव है और विमर्श ही उसकी स्वातन्त्र्यशक्ति उमा कही जाती है। फिर भी प्रकाश के बिना विमर्श और विमर्श के बिना प्रकाश नहीं रह सकता अतः दोनों एक ही हैं। इसीलिए इन्हे

'अद्वैती' कहा जाता है। विमर्श को परावाक् और प्रकाश को अर्थ माना है। यही सिद्धान्त कालिदास ने 'वागर्थाविव सम्पृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये। जगतः पितरौ वन्दे पार्वतीपरमेश्वरौ।' में वर्णित किया है। जब सर्वस्वतन्त्र शिव अपनी स्वतन्त्र शक्ति का संकोच करते हैं तब 'मैं यह जानता हूँ' भेद बुद्धि होती है। इस प्रकार स्वातन्त्र्य शक्ति रहित अंश जडवर्ग है और शक्ति सहित अंश चेतन वर्ग है।

शांकरमत में विशेषता यह है कि 'प्रकाश को स्वप्रकाश मान लेने से कार्य चल जाता है प्रकाशक के रूप में विमर्श मानना आवश्यक नहीं है। प्रकाश ही ब्रह्म है जो अनिर्वचनीय अविद्या के द्वारा अनेक रूप में प्रतीत होता है।'

शब्द ब्रह्मवादियों का मत है कि विमर्श (पश्यन्ती) ही ब्रह्म है। वह अविद्या के द्वारा अनेक रूप में भासित होता है।

इस प्रकार **वैयाकरण के** मत में पश्यन्ती वाक् ही शब्द ब्रह्म है और शब्द ब्रह्म में तादात्म्य ही जीव का मोक्ष है। मुक्ति में भी शब्दात्मना जीव की स्थिति रहती है। **सिद्धान्तशैव** के मत में मोक्षदशा में अशुद्ध वाक् रूप बन्धन का अतिक्रम हो जाता है और शुद्ध वाग् रूप का अनुगम रहता है इसलिए वह 'चित्' रूप में भासित होता है और वाणी 'चिद्' रूप में प्रतीत होती है। वस्तुतः जीव का वाक् तादात्म्य नहीं होता।

वाणी के तीन भेद

वाणी के तीन भेद माने गए हैं पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी। इन तीनों के भी तीन-तीन भेद हैं, स्थूला, सूक्ष्मा और परा। इस प्रकार वाणी के नव भेद हुए। वर्ण विभाग रहित स्वर प्रधान संगीत रूपा वाक् **स्थूला पश्यन्ती,** यही जिज्ञासा सहित **सूक्ष्मा पश्यन्ती,** यही जिज्ञासा हीन संविद्रूपा **परा पश्यन्ती**। चर्म से जटित मृदंग पर उत्पन्न ध्वनि रूप **स्थूला मध्यमा,** यही बजाने की इच्छारूपा **सूक्ष्मा मध्यमा,** यही बजाने की इच्छा रहिता और निरुपाधिक **परा मध्यमा**। पृथक्-पृथक् विलक्षणता के कारण स्पष्ट व्यक्त वर्ण रूपा वाक् **स्थूला वैखरी**। यही विवक्षा रूपा **सूक्ष्मा वैखरी**। यही विवक्षा रहित होने परसंविद्रूपा **परा वैखरी**। इस प्रकार पश्यन्ती ही सूक्ष्मतर अवस्था में 'परा' वाक् भी कही जाती है।

तात्पर्य यह है कि एक विन्दु में तीन रेखा डाल देने से भी मूलभूत विन्दु एक ही है। उस एक विन्दु में पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी तीन रेखायें हैं और इन एक-एक रेखाओं में भी स्थूला, सूक्ष्मा और परा तीन रेखाएँ हैं। इस प्रकार नव वाणी बनती है जिनमें एक वह अलग ही है जिनमें तीन-तीन भेद के साथ तीनों वाणियाँ हैं अतः वह रूप दशम भेद हैं। पूर्वोक्त नव और उनकी कारण तीन वाणियाँ इस प्रकार द्वादश भेद हुए। इन्हें द्वादशरश्मियाँ कहा जाता है और सूर्य भी कहा जाता है।

अत एव कहा है कि—

> सर्वभूतान्तरचरः शब्दब्रह्मात्मको रविः।
> भित्त्वा यं बोधखड्गेन निर्गच्छन्त्यविशङ्किताः॥

'समस्त प्राणियों के हृदय में विचरने वाला शब्दब्रह्म रूप सूर्य बोधरूप खड्ग से जिसका भेदनकर निडर लोग निकल जाते हैं।' आत्मशक्तियाँ ही चिन्मरीचियाँ अथवा सूर्य रश्मियाँ हैं। सूर्य ही समस्त अर्थों का प्रकाशक होने से शब्द ब्रह्मात्मक अथवा वेदात्मक है। षोडशकला वाले पुरुष में १५ कलायें परिणामशालिनी हैं फिर भी सोलहवीं कला

चित्कला और परिणाम की साक्षीभूता और परम अमृत रूप है। इसीलिए इसका निरोध भी सम्भव नहीं विनाश तो दूर की बात है।

सिद्धान्तशैवों का मत है कि परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी नाम की चार वाणियाँ हैं और ब्रह्म उनसे अलग है। पश्यन्ती आदि तीनों वाणियाँ परावस्था में परब्रह्म से संगत होकर एक रूप में स्थिर हैं। फिर वाचस्पति परमेश्वर अपनी ज्योति से अपने से अभिन्न वस्तु समुदाय को नित्य भासित करता है जिससे इच्छा उठती है और यही सृष्टिक्रम का कारण बनता है।

नागेशभट्ट ने सिद्धान्तशैव के इसी मत और '**परा वाङ्मूलचक्रस्था पश्यन्ती नाभिसंस्थिता। हृदिस्था मध्यमा ज्ञेया वैखरी कण्ठदेशगा**' इस तन्त्रशास्त्र के मत के आधार पर वाणी के चार भेद परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी मान लिया जो वास्तव में व्याकरण सिद्धान्त के विरुद्ध है। क्योंकि आचार्य भर्तृहरि ने '**वैखर्या मध्यमायाश्च पश्यन्त्याश्चैतदद्भुतम्। अनेकतीर्थभेदायास्त्रय्या वाचः परं पदम्**' कारिका में वाणी के तीन ही भेद स्वीकार किए हैं। 'सारस्वती सुषमा' के लेख में जिस विद्वान् ने '**स्वरूपज्योतिरेवान्तः परावागनपायिनी**' कारिका को वाक्यपदीय की मानकर प्रमाण के रूप में उपस्थित कर परा वाणी को भर्तृहरि सम्मत कहने का दुःसाहस किया है उसने वाक्यपदीय को न देखकर ही ऐसा किया है अतः हम इस विषय में कुछ नहीं कहेंगे।

जिन लोगों ने '**चत्वारि वाग् परिमिता पदानि**' महाभाष्यस्थ मन्त्र की नागेश की टीका के आधार पर वाणी के चार भेदों की कल्पना का समर्थन किया हैं उन्हें इसी मन्त्र का प्रदीप देखना चाहिए, जहाँ कैय्यट ने लिखा है कि—

'चतुर्णां (नामाख्यातोपसर्गनिपातानाम्) पदजातानामेकैकस्य चतुर्थभागं मनुष्या अवैयाकरणा वदन्ति।'

यद्यपि 'चतुर्णाम्' की व्याख्या 'नामाख्यातोपसर्गनिपातानाम्' इस मन्त्र की व्याख्या में कैय्यट ने नहीं लिखा है तथापि 'चत्वारि शृङ्गा' मन्त्र की व्याख्या में भाष्यकार ने स्वयं कण्ठतः 'नामाख्यात' आदि की गणना की है, इस प्रकार नागेश की वाणी के चार भेद स्वीकार करने वाला सिद्धान्त व्याकरण सिद्धान्त के सर्वथा विरुद्ध है।

हाँ, एक बात यह रह जाती है कि वे वाणी के चार भाग कौन हैं जिनमें अवैयाकरण केवल चतुर्थ भाग बोलते हैं। इसका उत्तर तो अत्यन्त स्पष्ट है। एक तो यह कि अवैयाकरण वाणी के उस रूप को जानते हैं जिसमें लोक व्यवहार होता है, शेष साधुत्वादि रूप नहीं जानते। दूसरा उत्तर यह हो सकता है कि—

'त्रिपादूर्ध्व उदैत् पुरुषः पादोस्येहा भवत् पुनः।
पादोस्य विश्वाभूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि॥

इस मन्त्र में वर्णित ब्रह्म के चार अंश का जो विवेचन है वही शब्द ब्रह्मवादियों के मत में सुस्थिर है।

यह वाक् संस्कृत वाक् है जिसके ज्ञान से पुण्य होता है जिसका फल है 'एकः शब्दः सम्यग्ज्ञातः सुप्रयुक्तः स्वर्गे लोके च कामधुग् भवति।'

द्वितीय-काण्ड का प्रतिपाद्य विषय

हम यहाँ द्वितीय काण्ड के प्रतिपाद्य समस्त विषयों की चर्चा न करके केवल उसकी मुख्य विचारधारा का निर्देश करना उपयुक्त समझते हैं।

प्रथम काण्ड में वाक्यस्फोट को ही मुख्य सिद्ध किया गया है किन्तु वाक्य का स्वरूप क्या है इसका विवेचन द्वितीय काण्ड का मुख्यतया प्रतिपाद्य विषय है। वाक्यपदीय के द्वितीय काण्ड के आरम्भ में वाक्य के विषय में विभिन्न दृष्टिकोणों की चर्चा की गई हैं जिनमें मुख्य ये हैं।

वाक्य विचार

वाक्य दो प्रकार के हैं एक अखण्ड और दूसरा सखण्ड। अखण्ड पक्ष में वाक्य के तीन भेद हैं। (१) संघातवर्तिनीजाति, (२) एक अनवयव शब्द और (३) बुद्ध्यनुसंहृति। सखण्ड पक्ष में पाँच भेद हैं (१) केवल आख्यातशब्द, (२) क्रम, (३) संघात, (४) आद्यपद, (५) पृथक् सर्वपद साकांक्ष। सखण्डपक्ष के पाँच भेदों में संघात और क्रम अभिहितान्वयवाद पक्ष में और आख्यातशब्द, आद्यपद, पृथक् सर्वपद साकांक्ष तीन लक्षण अन्विताभिधानवादपक्ष में हैं। इस प्रकार विभिन्न दर्शनों के आधार पर आठ प्रकार के वाक्यों के लक्षण किए गए हैं। इसके बाद वार्तिककार और मीमांसकों के मत से वाक्य के लक्षण कहे गए हैं।

वाक्यार्थ विचार

वाक्यार्थ का विचार अनेक पक्षों में किया गया है। जिनमें अभिहितान्वयवाद, अन्विताभिधानवाद और प्रतिभावाद मुख्य हैं। उपर्युक्त प्रथम दो वादों में अनेक प्रकार के दोषों का उद्भावन करके प्रतिभा को ही वाक्यार्थ रूप में स्थिर किया गया है।

प्रतिभा का स्वरूप

वैयाकरणों के मत में प्रतिभा ही वाक्यार्थ है। नागेश ने भी मंजूषा में स्वीकार किया है कि **'प्रतिभा वाक्यार्थः'**। वाक्यपदीयकार ने कहा है कि संज्ञावाचक शब्दों में नियत संज्ञी की ही प्रतीति होती है। अतः कल्पित पदार्थों से सिद्ध प्रतिभा को ही वाक्यार्थ कहा गया है—

विच्छेदग्रहणेऽर्थानां प्रतिभान्यैव जायते। वाक्यार्थं इति तामाहुः पदार्थैरुपपादिताम्॥

यह प्रतिभा प्रत्येक आत्मा के लिए भिन्न भिन्न सिद्ध है तथा 'यह उसका स्वरूप है' यह जानकार भी दूसरे को नहीं समझाया जा सकता।

इदं तदिति सान्येषामनाख्येया कथञ्चन। प्रत्यात्मवृत्तिसिद्धा सा कर्त्रापि न निरूप्यते॥

उसका यह स्वभाव है बिना विचार का अवसर दिये ही समस्त अर्थों का मेल कर देती है इसलिये विषय में सर्वरूपता प्राप्त कर गई है।

उपश्लेषमिवार्थानां सा करोत्यविचारिता। सार्वरूप्यमिवापन्ना विषयत्वेन वर्तते॥

चाहे किसी की भावना से अथवा शब्द द्वारा उत्पन्न हुई इस प्रतिभा का कोई भी व्यक्ति कार्य के प्रकार निर्णय करने में अतिक्रमण नहीं करता।

साक्षाच्छब्देन जनितां भावनानुगमेन वा। इतिकर्तव्यतायां तां न कश्चिदतिवर्तते॥

समस्त प्राणी इसी (प्रतिभा) को प्रमाण मानते हैं और मनुष्यों की भाँति पशु और पक्षियों के भी समस्त कर्मों का आरम्भ प्रतिभा ही करती है।

प्रमाणत्वेन तां लोकः सर्वः समनुपश्यति। समारम्भाः प्रतीयन्ते तिरश्चामपि तद्वशात्॥

यह सर्व प्राणियों की सिद्धि है जैसे किन्हीं द्रव्यों के परिपाक के साथ ही बिना किसी

प्रयत्न के मादकता आदि आ जाती है। वैसे प्रत्येक व्यक्तियों के नियत संस्कार से जन्य प्रतिभा भी प्रतिभा वालों के विकसित होने में यत्नान्तर की अपेक्षा नहीं करती।

यथा द्रव्यविशेषाणां परिपाकैरयत्नजाः। मदादिशक्तयो दृष्टाः प्रतिभास्तद्वतां तथा॥

प्रतिभा ही एक ऐसी वस्तु है जो समय-समय पर स्फुरित होती रहती है। वसन्त में कोयल के मीठे शब्द स्वयं हो जाते हैं, पक्षियों को घर बनाने की शिक्षा भी स्वयं आ जाती है। किसी प्राणी को किसी आहार के प्रति प्रीति, दूसरे को द्वेष, जैसे ऊँट को आम के पल्लव से द्वेष और नीम के पल्लव से प्रीति है। मनुष्य को बड़े प्रयत्न पर तैरना आता है किन्तु भैंस के बच्चे जन्म लेते ही तैरने लगते हैं।

इस प्रकार यह मानना पड़ता है कि समस्त प्राणियों की समस्त क्रियायें प्रतिभा के ही द्वारा हो रही हैं। प्रतिभा का कारण भी शब्द ही है। हाँ; यह भेद हो सकता है कि किसी अवसर पर इस जन्म का अनुभूत शब्द प्रतिभा का कारण बने और किसी अवसर पर पूर्वजन्म का अनुभूत शब्द प्रतिभा का कारण बने।

वाक्यार्थ प्रतिभा है यह पक्ष इस प्रकार का उपस्थित किया गया है जिससे व्याकरण के सिद्धान्त की नींव दृढ़ हो जाती है। **'सर्वे सर्वार्थवाचकाः'** सिद्धान्त उसी समय पुष्ट हो जाता है जब हम स्वीकार कर लेते हैं कि 'प्रतिभा' में जितने अर्थ उपस्थित हैं सब उस शब्द के अर्थ हैं क्योंकि प्रतिभा का कारण वह शब्द है जिससे विभिन्न प्रकार के अर्थों का प्रतिभान हुआ है। मन्त्रों के जप में भी ध्यान का यही महत्त्व है कि आराधक मन्त्र के अर्थ का ध्यान करता हुआ अपने ध्यान में स्थित आकार वाले देवता को उस योग्य साक्षात् करे।

अस्तु प्रतिभावाद के स्वीकार कर लेने से ही वैयाकरणों का एक-वृत्तिवाद भी समन्वित हो जाता है। इन्हें लक्षणा अथवा व्यञ्जना भी सिद्धान्ततः नहीं मानना पड़ता। जब किसी शब्द की विभिन्न आनुपूर्वी से विभिन्न अर्थों की उपस्थिति होती है तब कोई कारण नहीं कि मुख्यार्थ और अमुख्यार्थ का विवेचन किया जाय तथा वाक्यार्थ बोध के लिये लक्षण माना जाय। इसी प्रकार व्यञ्जना भी मानने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि जब समस्त अर्थ शब्दजन्या प्रतिभा से जन्य हैं तब तो सब अर्थ समान रूप से प्रतिभा ही हैं, उनमें शक्ति, लक्षणा और व्यञ्जना का भेद स्वीकार करना अयोग्यता ही है। अतः यदि किसी ने किसी टीका में यह लिख दिया हो कि वैयाकरणों के मत में तीन वृत्तियाँ हैं शक्ति, लक्षणा और व्यञ्जना' तो यह निश्चय जान लेना चाहिए कि इसे व्याकरण के मूल सिद्धान्त का परिज्ञान नहीं है।

हाँ; एक बात है, शब्दशास्त्र में दो पहलू हैं एक सम्यग्ज्ञान और दूसरा सम्यक् प्रयोग। व्याकरण द्वारा कृत्रिम उपायों से सम्यग्ज्ञान शब्दसाधुत्वज्ञान होता है अर्थात् शब्द के व्यावहारिक रूप से शब्द के पारमार्थिक रूप का प्रत्यक्ष होता है। किन्तु सम्यक् प्रयोग तो पारमार्थिक नहीं शुद्ध व्यावहारिक ही है तथा व्यवहार में किसी शब्द की शक्ति नियत है फिर व्यवहार में मुख्यार्थ बाध आदि के रहने से किसी रूप में तीन अथवा चार वृत्तियाँ भी मान्य होती ही हैं।

हम तो यह मानते हैं कि **'एकः शब्दः सम्यग्ज्ञातः सुप्रयुक्तः स्वर्गे लोके च कामधुग्भवति'** मन्त्र के सम्यग्ज्ञान का शास्त्र व्याकरण और सम्यक् प्रयोग का शास्त्र साहित्य है। अत एव इसी मंत्र को आधार मानकर दोनों शास्त्र अपनी उपादेयता भी सिद्ध करते हैं।

इस प्रकार वाक्यपदीय के द्वितीय काण्ड में वाक्य और वाक्यार्थ के विषय में जितने भी तर्क उपस्थित हुए हैं अथवा हो सकते हैं सब पर संक्षिप्त विचार किया है। पुण्यराज ने इस काण्ड की टीका के अन्त में कारिकाबद्ध विषयानुक्रमणिका लिखी है जिसे हम यहाँ नहीं दे रहे हैं।

तृतीय काण्ड का प्रतिपाद्य विषय

वाक्यपदीय का तृतीय काण्ड जो प्रकीर्ण काण्ड भी कहा जाता है उस पर विशेष विवेचन की आवश्यकता नहीं है केवल उसके प्रकरणों का निर्देश कर देने से इस ग्रन्थ को देखने के प्रति रुचि जाग उठेगी और प्रतिपाद्य विषयों पर विचार करने का दृष्टिकोण बनेगा। अतः मैं यहाँ केवल प्रकरणों की सूची मात्र दे रहा हूँ।

१. जातिसमुद्देश, २. द्रव्यसमुद्देश, ३. सम्बन्धसमुद्देश, ४. द्रव्यलक्षणसमुद्देश, ५. गुणसमुद्देश, ६. दिक्समुद्देश, ७. साधनसमुद्देश (कारकविचार), ८. क्रियासमुद्देश, ९. कालसमुद्देश, १०. पुरुषसमुद्देश, ११. संख्यासमुद्देश, १२. उपग्रहसमुद्देश, १३. लिंगसमुद्देश, १४. वृत्तिसमुद्देश। यह समुद्देश बड़ा तो है किन्तु वृत्तियों का रमणीय विशद विवेचन इसे महत्त्वशाली बनाए हुए है।

इस काण्ड में लक्षणसमुद्देश और बाधासमुद्देश नाम के दो प्रकरण अनुपलब्ध हैं जिनकी चर्चा हमने पहले सप्रमाण की है।

विजयदशमी
२०१८ विक्रमी

रामगोविन्द शुक्ल

विषय-सूची

कारिका १–४ (ब्रह्म का स्वरूप)

ब्रह्म के स्वरूप का निरूपण, एक ब्रह्म की शक्तिगतभेद से विभिन्नता, ब्रह्म की कालशक्ति, एक ही ब्रह्म भोक्ता, भोक्तव्य और भोगरूप में स्थित है।

कारिका ५–१० (वेद ब्रह्म-प्राप्ति का उपाय और ब्रह्म की प्रतिमा)

ब्रह्म प्राप्ति का उपाय वेद, वेद की अनेक शाखायें, वेद की महिमा, वेदों से स्मृति प्रकल्पन, वेदों से दर्शन शास्त्र और उनमें परस्पर भेद, सत्य विद्या क्या है, वेद से ही विभिन्न विद्याओं का उद्गम।

कारिका ११–२२ (वेद के प्रधान अंग व्याकरण का प्रयोजन)

वेद का प्रधान अंग व्याकरण, व्याकरणाध्ययन के रक्षा-ऊह-आगम-लघु-असंदेह पाँच प्रयोजन, व्याकरण का मोक्ष द्वार होना, शक्तिग्राहक व्याकरण, मोक्ष का प्रथम द्वार व्याकरण, व्याकरणज्ञान से आत्मज्ञान, वैकृतध्वनिरूप अन्धकार में शुद्ध ब्रह्म का आवृत स्वरूप, स्फोटरूप ब्रह्म में अक्षरों की प्रतीति, वेदों में विभिन्नरूप से ज्ञात ब्रह्म की व्याकरण द्वारा प्राप्ति।

कारिका २३–२९ (शब्द की नित्यता ही व्याकरण निर्माण में हेतु)

शब्द-अर्थ और सम्बन्ध की नित्यता, साधु शब्दों का ज्ञान करना लक्ष्य, साधु शब्दों में धर्मजनकता, नित्यशब्दवादियों के मत से कूटस्थनित्यता और अनित्यशब्दवादियों के मत में प्रवाहनित्यता कथन, नित्य व्यवस्था निरर्थक नहीं।

कारिका ३०–३४ (अनुमान से अतिरिक्त आगम प्रमाण की सिद्धि)

साधुत्वज्ञान के लिए आगम की आवश्यकता, तर्क धर्ममार्ग का बाधक नहीं, अवस्था-देश और काल के भेद से शक्ति में भेद, अनुमान से ही वस्तुसिद्धि असम्भव, शक्ति के प्रतिवन्धक होने के कारण भी अनुमान वस्तुसिद्धि में सहायक नहीं, तर्क से सिद्ध भी वस्तु कुशल विद्वान् के तर्कों से असिद्ध।

कारिका ३५–३६ (अनुमान से अतिरिक्त अभ्यास और अदृष्ट प्रमाण की सिद्धि)

अनुमान से भिन्न अभ्यास और अदृष्ट पृथक् प्रमाण।

कारिका ३७–४२ (वेदमूलक आर्ष आगम की श्रेष्ठता)

ऋषियों का प्रत्यक्ष भी अनुमान से बाधित नहीं, ऋषि वाक्यों पर जनता का विश्वास, ऋषि के वचन पर सबका विश्वास, आगम के विश्वास पर चलने

वालों को तर्कवाद से हटाया नहीं जा सकता, केवल अनुमान को प्रमाण मानने से धोखा अवश्य, तर्कों की अव्यवस्था और आगमों की श्रेष्ठता के कारण ही व्याकरण की रचना।

कारिका ४४–५० (शब्द के दो भेद)

शब्द के निमित्त (स्फोट) और प्रत्यायक (वैखरी) दो भेद, कार्यकारण में भेदवादियों का मत, कार्यकारण में अभेदवादियों का मत, निमित्त (स्फोट) विभिन्न ध्वनियों का कारण, स्फोट की एकता में भी विभिन्न ध्वनि की प्रतीति, अक्रम स्फोट की सक्रम प्रतीति स्थानजन्य है, नाद के धर्म का स्फोट में आरोपित होने का प्रकार, स्फोट की स्वप्रकाशता।

कारिका ५१–५५ (शब्द में अनेक धर्म समावेश)

शब्द के दोनों भेदों की उदाहरण द्वारा सिद्धि, शब्द का अर्थाभिधान प्रकार, शब्द की अर्थ की भाँति क्रियाङ्गता निषेध, शब्द की ग्राह्य और ग्राहक रूप में स्थिति।

कारिका ५६–५७ (बोधकत्व निर्णय)

ज्ञात शब्द ही बोधक, अज्ञात शब्द में बोधकत्व का निषेध।

कारिका ५८–६९ (स्वं रूपं की दूसरी व्याख्या से जाति-व्यक्तिभेद की कल्पना)

एक ही शब्द दो रूप में गृहीत होने पर कार्य में विरुद्ध नहीं, उच्चरित शब्द कार्यभाक् नहीं, इसमें कारण, व्यक्तिसंज्ञापक्ष और व्यक्तिसंज्ञीपक्ष।

कारिका ७०–७२ (मीमांसकों के मत से शब्द का एकत्व)

शब्द के एकत्ववाद और नानात्ववाद की कल्पना, मीमांसकों के मत से शब्द की एकता का वर्णन, वर्ण के अतिरिक्त वाक्य और पद की अस्वीकृति।

कारिका ७३–७४ (वैयाकरण मत से वाक्य का एकत्व और व्यवहार)

वैयाकरणों के मत से वाक्य का स्वरूप, पाणिनीय व्याकरण में एकत्व और नानात्ववाद में व्यवहार।

कारिका ७५–७७ (स्फोट में प्राकृतध्वनि के भेद की ही प्रतीति)

नित्य स्फोट में कालभेद नहीं फिर भी वृत्तिभेद की उपपत्ति, ध्वनि के दो भेद, प्राकृतध्वनिकाल का स्फोट में आरोप, वृत्तिभेद में वैकृतध्वनि कारण।

कारिका ७८–८० (ध्वनि से स्फोट की प्रतीति)

ध्वनियों से स्फोट की उपलब्धि में निमित्त बनने के लिए तीन मत।

कारिका ८१–८४ (ध्वनि की अभिव्यक्ति में तीन मत)

ध्वनि की अभिव्यक्ति में तीन मत। अन्यध्वनि की सहायता से स्फोट ग्रहण, उदाहरण, स्पष्टीकरण।

कारिका ८५–८७ (वाक्य में पद और वाक्य की प्रतीति असत्)

वाक्य में पद और वर्ण की प्रतीति एक उपाय, पद और वाक्य के भेद की प्रतीति भी एक उपाय, उदाहरण।

कारिका ८८–९२ (क्रम से वर्ण, पद और वाक्य ग्रहण का कारण)

वाक्य में पदादि प्रतीति का कारण, उदाहरण, क्रम से वर्ण पद ग्रहण के द्वारा बुद्धि से वाक्य ग्रहण, बुद्धि क्रम नियत।

कारिका ९३–९४ (स्फोट पर अनेक वाद)

जातिस्फोट वाद, व्यक्तिस्फोटवाद, एक नित्य शब्द तत्त्ववाद।

कारिका ९५–१०१ (स्फोट में ध्वनिकृत काल भेद की प्रतीति)

ध्वनियों के अभिव्यंजकत्व पक्ष में स्फोट के अनित्यत्व आदि दूषणों का परिहार, ध्वनि और स्फोट के भिन्न-भिन्न देश में रहने पर भी व्यङ्ग्य व्यञ्जक भाव बनना, व्यङ्ग्य व्यञ्जक के लिए योग्यता भी नियत, व्यञ्जक की अनित्यता व्यंग्य में नहीं, उदाहरण, ध्वनिगत काल भेद का स्फोट के काल भेद में कारण कथन।

कारिका १०२–१०६ (स्फोट और ध्वनि का स्वरूप परिचय)

स्फोट और ध्वनि के स्वरूप, स्फोट काल की एकता, उदाहरण, नित्यपक्ष में समाधान।

कारिका १०७–११२ (शब्द के विषय में मतभेद)

शब्द के विषय में तीन भेद, शिक्षाकार का मत, जैनियों का मत, महाभाष्यकार का मत।

कारिका ११३–११७ (ज्ञान के शब्दभावापत्ति में तीन मत)

एक मत में ज्ञान के शब्द रूपता में परिणत होने का क्रम, दूसरा मत, तीसरा सिद्धान्त मत।

कारिका ११८–१२४ (जगत् में सर्वत्र शब्द रूपता का अनुगम)

शब्द को जगत्कारण मानना, सर्वत्र अर्थों का शब्द से जन्म, शब्द के विवर्त, जगत् की समस्त प्रवृत्ति के मूल में शब्द, शब्द के उच्चारण में होने वाले प्रयत्नों का कारण शब्द, समस्त ज्ञान में शब्द का अनुगम, वाणी के निकल जाने पर अवबोध का अभाव।

कारिका १२५–१२७ (सर्वत्र वाग्रूपता का अनुगम)

समस्त विकार और कलायें शब्द जन्य, प्राणियों में जब तक वाक् का अनुगम तभी तक चेतना, वाणी ही प्रेरक।

॥ श्रीः ॥

वाक्यपदीयम्

'भावप्रदीप' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्



प्रथमं ब्रह्मकाण्डम्

यस्यार्द्धं गिरिजा मूर्द्ध्नि गङ्गा भाले विधोः कला।
अङ्के कुमारगणपौ तं सदाशिवमाश्रये ॥ १ ॥
यदीयपादाब्जरजोऽभिषेकान्मूकोऽपि वागीश्वरतामुपैति।
तं दक्षिणामूर्तिमहं स्वकीयाबोधोपघाताय समाश्रयामि ॥ १ ॥
प्रदीपसाहाय्यमवाप्य भाष्यं विगाह्य तन्त्रान्तरमागमांश्च।
वितन्यते वाक्यपदीयभावप्रदीप एषोऽतितरामुदारः ॥ २ ॥

अथ महाभाष्ये प्रसङ्गवशात्तत्र तत्रोपनिबद्धस्य व्याकरणागमस्य कियता कालेन महाभाष्याध्येतृसम्प्रदायविच्छेदेनोत्सन्नकल्पस्य चन्द्राचार्येण व्याकरणमूलभूतं रावण-रचितमुपलतले लिखितं व्याकरणागममवाप्य पुनरुज्जीवितस्य स्वगुरोर्वसुरातादुपलब्ध-स्य प्रचारमभिलष्यन् भर्तृहरिर्वाक्यपदीयं नाम व्याकरणागमसर्वस्वभूतं निबन्धं निबध्नन् शिष्टाचारपरम्पराप्राप्तं वस्तुनिर्देशात्मकं शब्दब्रह्मस्मरणरूपं मङ्गलमाचरति—

नीलोत्पलदलश्यामं नवतामरसेक्षणम् । सीतालिङ्गितवामाङ्गं रामं वन्दे महाप्रभुम् ॥
वादतोषितविश्वेशसाधुवादोपबृंहिताः । प्रसिद्धास्तातपादानां जयन्ति विमला गिरः ॥
स्मरणाद् यस्य वादीन्द्रा मूकतां प्रतिपेदिरे । सूर्यनारायणं शुक्लं तं नौमि पितरं मम ॥
न्याय-व्याकरणाचार्यो मीमांसा-काव्यवारिधिः । रामगोविन्दशुक्लश्रीसूर्यनारायणोदितः ॥
ग्रन्थं वाक्यपदीयं हि दुर्बोधं महतामपि । पितुः पन्थानमाश्रित्य व्याख्यास्ये लोकभाषया ॥

समस्त शुभ कार्यों के प्रारम्भमें भगवानका स्मरण मार्गमें आने वाली समस्त बाधाओं पर विजय प्राप्त करनेकी शक्ति प्रदान करता है, इसलिए ग्रन्थारम्भ जैसे महत्त्वपूर्ण कार्यके प्रारम्भमें भी उसकी निर्विघ्न परिसमाप्ति की भावनासे भगवानके स्मरणरूप मङ्गलाचरणकी परिपाटी सदाचारप्राप्त रही है। यद्यपि भगवानका स्मरण मानसिक व्यापार है तथापि ग्रन्थकार जिस रूपमें भगवानका स्मरण करता है उसको शिष्योंकी शिक्षाके लिए ग्रन्थके आरम्भमें अङ्कित कर देने की प्रथा भी संस्कृत साहित्यकी एक सदाचार प्राप्त परिपाटी है । इसलिए संस्कृतके ग्रन्थोंमें प्रायः सर्वत्र मङ्गलाचरण पाया जाता है।

वाक्यपदीयकार महावैयाकरण श्रीभर्तृहरिजीने व्याकरण-महाभाष्यमें प्रसङ्गवश कहीं-कहीं

लिखे हुए व्याकरणदर्शनके सिद्धान्तोंको जो महाभाष्यके अध्ययनाध्यापनके बन्द हो जानेके कारण नष्ट हो गए थे और श्री चन्द्राचार्यजीने रावणद्वारा रचे हुए व्याकरणके मूलभूत जिन सिद्धान्तोंको पुनरुज्जीवित किया था उन्हें अपने परमपूज्य गुरुजी श्रीवसुरातजीसे सीखकर और उस सिद्धान्तके प्रचारकी अभिलाषासे व्याकरणदर्शनके सर्वस्वभूत ग्रन्थ की निर्विघ्न समाप्ति और इस मार्गमें बाधा डालने वाले विघ्नोंपर विजय पानेके लिए आशीर्वाद, नमस्कार, तथा वस्तुनिर्देशरूप त्रिविध मङ्गलप्रकारोंमेंसे वस्तुनिर्देशात्मक मङ्गलाचरण करते हुए शब्दब्रह्मका स्मरण किया है।

अनादिनिधनं ब्रह्म शब्दतत्त्वं यदक्षरम्।
विवर्ततेऽर्थभावेन प्रक्रिया जगतो यतः॥ १॥

अनादिनिधनम्—उत्पादविनाशरहितमत एव नित्यम्, [1]पूर्वापरीभावरहितमत उपसंहतक्रमञ्च, यद् **अक्षरम्**—अक्षरस्य विभक्तककारादिवर्णरूपाया वैखर्या वाचो निमित्तं, सत् बाह्यार्थवासनया अविद्यारूपया **अर्थभावेन** घटादिरूपेण **विवर्तते** भासते अत एव शब्दार्थोभयरूपम् **यत**—उपसंहृतक्रमात् शब्दाख्यात्, **जगतो** विकारजातस्य **प्रक्रिया** प्रथमत उत्पत्तिर्व्यवहारो वा तत् **शब्दतत्त्वं** पश्यन्तीवाग्रूपं [2]ब्रह्मेति सम्बन्धः।

जो उत्पन्न तथा विनष्ट नहीं होता और जिसमें आगे पीछे उत्पन्न होनेका क्रम भी नहीं है, जो (ककारादिरूप) वर्णोंका कारण होते हुए भी (अविद्यारूपी बाह्य अर्थोंकी वासनासे घट पट आदि) अर्थ (कार्य) रूपमें भासित होता है (जो शब्द अर्थ उभयरूप है) जिससे जगत् की (समस्त विकारोंकी) प्रक्रिया (उत्पत्ति या व्यवहार) चलती है वह पश्यन्ती वाक्रूपी शब्दतत्त्व ही ब्रह्म है।

इदमत्र तत्त्वम्—सर्वग्राह्यग्राहकाकारवर्जिता अपरिच्छिन्ना सर्वतः संहृतक्रमा पश्यन्तीरूपा वाग् ब्रह्म तदेव अविद्यालक्षणया अन्तःपश्यदवस्थया भोक्तृतारूपया विशिष्टं ज्ञेयरूपशून्यं चैतन्यमात्रं जीव इत्यभिधीयते। तथा च भागवतम्—

स एव जीवो विवरप्रसूतिः[3] प्राणेन घोषेण गुहां प्रविष्टः।
मनोमयं सूक्ष्ममपेत्यरूपं मात्रा स्वरा वर्ण इति प्रविष्टः॥ इति।

स एव च पश्यन्तीरूपः शब्दः अर्थप्रतिपादनेच्छया उपलक्षितो मनोविज्ञानरूपत्वे आस्थितो मध्यमा वागुच्यते। सैव च वक्त्रकुहरं प्राप्ता कण्ठादिस्थानभागेषु

---

१. अनादिनिधनपदस्य पूर्वापरीभावराहित्यमप्यर्थं इति 'अनादिनिधनपदनिवेदिता पूर्वापरान्तरहिता वस्तुसत्ता' इति न्यायमञ्जरीदर्शनादवगम्यते।

२. 'तिस्र एव वाचः परा वागेव पश्यन्ती' इति शिवदृष्ट्यनुसारेणेदम्। यदि तु परा वाक् चतुर्थी तदा परावाग्रूपं ब्रह्मेति बोध्यम्। अत्रत्यं तत्त्वं वैखर्या मध्यमायाश्चेति कारिकाव्याख्यायां स्पष्टम्। शब्दस्य परिणामोऽयमिति कारिकाव्याख्यावसरे शब्दब्रह्मविषये हरिनागेशयोर्मतभेदः प्रदर्शित इति तत्रैव द्रष्टव्यम्।

३. विवरप्रसूतिः—विवरेषु आधारादिषु प्रसूतिरभिव्यक्तिर्यस्येत्यर्थः।

विभक्ताकारादिवर्णरूपा वैखरी वागुच्यते। ततः सैव बाह्यार्थवासनया अविद्यारूपया क्रमेण घटपटाद्याकारैर्विवृत्ता चक्षुरादिना गृह्यते इति। अयमेवार्थः—

इत्याहुस्ते परं ब्रह्म यदनादि तथाऽक्षयम्। तदक्षरं शब्दरूपं सा पश्यन्ती परा हि वाक्॥
स एवात्मा सर्वदेहव्यापकत्वेन वर्तते। अन्तः पश्यदवस्थैव चिद्रूपत्वमरूपकम्॥
तावद्यावत्परा काष्ठा यावत्पश्यन्त्यथनन्तकम्। अक्षादिवृत्तिभिर्हीनं देशकालादिशून्यकम्॥
सर्वतः क्रमसंहारमात्रमाकारवर्जितम्। ब्रह्मतत्त्वं परा काष्ठा परमार्थस्तदेव सः॥
आस्ते विज्ञानरूपत्वे स शब्दोऽर्थविवक्षया। मध्यमा कथ्यते सैव बिन्दुनादमरुत्क्रमात्॥
सम्प्राप्ता वक्त्रकुहरं कण्ठादिस्थानभागशः। वैखरी कथ्यते सैव बहिर्वासनया क्रमात्॥
घटादिरूपैर्व्यावृत्ता गृह्यते चक्षुरादिना।

इति कारिकाभिरनूदितो वैयाकरणमतत्वेन **शिवदृष्टौ**।

एतदुक्तं भवति—यथा कार्येषु कारणधर्मसमन्वयदर्शनात् वैशेषिकैर्घटादिकार्यस्य पृथिवीत्वेन तत्कारणस्य परमाणोः पृथिवीत्वं, यथा वा सांख्यैः विकारग्रामेषु सुखादिसमन्वयदर्शनात् तत्कारणस्य प्रधानस्य सुखादिरूपत्वमास्थिपत तथैव घटादिषु शब्दरूपानुगमात् तत्कारणस्यापि शब्दरूपत्वमास्थेयम्।

घटादिषु शब्दरूपानुगमश्चेत्थम्—प्रत्यक्षं तावत् जात्यादीनां मिथो विशेष्यविशेषणभावानवगाहि जात्यादिस्वरूपावगाहि 'घटघटत्वे' इत्येवंरूपं निर्विकल्पकं, गौः, शुक्लः, चलः, डित्थ इत्यादिविशेष्यविशेषणभावगाहि सविकल्पकं वा, द्विविधमपि शब्दानुविद्धमेव इति सर्वेऽर्थाः सर्वथा सर्वदा सर्वत्र नामधेयेनान्विता इति नास्ति सोऽर्थो यः कथञ्चित् कदाचित् क्वचिन्नामधेयेन वियुज्येत इति शब्दार्थयोस्तादात्म्यमभ्युपेयम्। अत एव अर्थाः प्रतीतमानाः नामधेयैरुपेताः स्वसामानाधिकरण्येनावगम्यन्ते गौरित्यर्थोऽश्व इत्यर्थं इति। न च शब्दस्य अर्थज्ञानोपायतया सामानाधिकरण्यम्, चक्षुरादेरूपादिज्ञानोपायत्वेऽपि रूपादिसामानाधिकरण्यस्य चक्षुरादावदर्शनात्। न च ज्ञायमान एव अर्थज्ञानोपाय उपेयसामानाधिकरण्यमनुभवति चक्षुरादि तु न तथेति वाच्यम्, वह्निज्ञानोपाये ज्ञायमानेऽपि धूमे धूमोऽयं वह्निरिति सामानाधिकरण्यानुभवादर्शनात्। किञ्च अशब्दोपायेऽनुमेयादौ न शब्दसम्भेदेनाधिगमो भवेद् अस्ति तु तस्मान्नामधेयैः सह अर्थस्य सामानाधिकरण्यानुभवो नामधेयात्मानोऽर्था इति पर्यवसाययति। ननु सत्यपि पुरोवर्तिसामाधिकरण्येन रजतप्रत्यये न शुक्तिकाया रजतात्मत्वं तथेहापि किन्न स्यादिति चेन्न। तत्र विसंवादादुत्तरकाले बाधानुभवाच्च तत्प्रतीतिरप्रमाणम् इदं तु अविसंवादात्प्रमाणं सदर्थतादात्म्यं शब्दस्य साधयत्येव। किञ्च षड्जादिषु शब्दापकर्षेऽर्थप्रत्ययापकर्षात् तदुत्कर्षे त्वर्थप्रत्ययोत्कर्षात् प्रत्ययस्य च प्रत्येतव्योत्कर्षाधीनोत्कर्षत्वान्नामधेयोत्कर्षेणोत्कर्षोऽर्थस्य तादात्म्यं कथयति। तदेवमर्थानां नामधेयात्मकत्वे स्थिते रूपमिति रसमिति यत्प्रत्यक्षज्ञानं तदपि नामधेयगोचरमेव। न चैवं प्रत्यक्षस्य शाब्दत्वापत्तिरिति वाच्यम्, न शब्दप्रमाणकतया

शाब्दमपि तु शाब्दे जातं शाब्दं शब्दश्चास्य विषयो न जनक इत्यदोषात्। किञ्च सर्वः प्रत्यय उपजायमानो नानुल्लिखितशब्दक उपजायते तदुल्लेखविरहिणोऽनासादित-प्रकाशस्वभावस्य प्रत्ययस्यानुत्पन्नकल्पत्वात्। 'इदम्, इदृशम्' इति परामर्शमुषित-वपुषि वेदने वेदनात्मकतैव न स्यात् संविदः प्रकाशशून्यत्वात्। यदाहुः—

'वाग्रूपता चेदुत्क्रामेदवबोधस्य शाश्वती। न प्रकाशः प्रकाशेत सा हि प्रत्यवमर्शिनी॥' इति।

येऽपि वृद्धव्यवहारोपयोगवैधुर्येणानवाप्तशब्दार्थसम्बन्धविशेषव्युत्पत्तयो बालदारक-प्रायाः प्रमातारस्तेषामपि विज्ञानं शब्दानुव्याधानुवेधवदेवानादिवसनावशात्। अत एव तेऽपि नूनं यत्तत्किमित्यादिशब्दजातमनुल्लिखन्तो न प्रतियन्ति किमपि प्रमेयमतः शब्दोन्मेषप्रभावप्राप्तप्रकाशस्वभावत्वं सर्वप्रत्ययानाम्।

यदाहुः—

आद्यः[1] करणविन्यासः प्राणस्योर्ध्वं समीरणम्।
स्थानानामभिघातश्च न विना शब्दभावनाम्॥
न सोऽस्ति प्रत्ययो लोके यः शब्दानुगमादृते।
अनुविद्धमिव[2] ज्ञानं सर्वं शब्देन भासते॥ इति।

एवञ्च निर्विकल्पकं सविकल्पकं वा ज्ञानं गौः शुक्लश्चलो डित्थ इति शब्दविशिष्ट-मेवार्थमवबोधयति शब्दाख्यविशेषणानुरक्तस्य तस्य विशेष्यस्य स्वरूपं पृष्टः शब्देनैव दर्शयसि, शब्दापरित्यागलब्धप्रकाशस्वरूपया वाऽनुभूत्याऽनुभवसि इति सोऽपि विशेष्यः शब्दरूप एवेति जानीहि। शब्द एवार्थोपारूढः प्रतिभाति इति व्यवतिष्ठते। किञ्च यदुपारूढः शब्दः प्रकाशते तस्य पृथक् प्रदर्शयितुमनुभवितुं चाशक्यत्वात् शब्द एव तथा प्रतिभाति यथा चेन्द्रियजज्ञानेषु प्रक्रमस्तथा शाब्देष्वपि प्रत्ययेषु शब्दविशिष्टो वार्थः शब्दारूढो वार्थः प्रतिभाति इति शब्दविवर्त एवायमर्थो नान्यः कश्चित्। अतश्च शब्दब्रह्मेदमेकमविद्योपाधिदर्शितविचित्रभेदमविद्योपरमे यथावस्थितरूपं प्रकाशते इति सिद्धम्। अनुमोदयति चामुमेवार्थं श्रुतिरपि तद्यथा—'वागेव विश्वा भुवनानि जज्ञे, नामैवेदं रूपत्वेन ववृते, इति।

अत्रेदमाकूतम्—विवर्तशब्दस्य परिणामवाचकत्वमपि दृश्यते प्राचां ग्रन्थेषु यथा उत्तररामचरिते—

एको रसः करुण एव निमित्तभेदाद्भिन्नः पृथक् पृथगिवाश्रयते विवर्तान्।
आवर्तबुद्बुदतरङ्गमयान् विकारानम्भो यथा सलिलमेव हि तत्समस्तम्॥ इति।

आवर्तः—जलस्य भ्रमः, बुद्बुदः—कुड्मलाकारजलसंस्थानविशेषः, तरङ्गः—भङ्गः, एते विकारा जलमेव न ततो व्यतिरिक्ताः, निमित्तभेदात् विभावाद्यभिव्यञ्जक-विच्छित्तिविशेषात् इति तदर्थः।

---

१. आद्यः—अशिक्षितशब्दोच्चारणस्य यः प्राथमिकः करणविन्यासः—करणानां शब्दोच्चारणे नियोग इत्यर्थः। शब्दभावनां प्राग्भवीयशब्दवासनाम्।

२. सर्वं ज्ञानं शब्देन अनुविद्धमिव यतो भासते अतः शब्दानुगमरहितः प्रत्ययो नास्तीत्यर्थः।

अत एव शान्तरक्षितेन अनादिनिधनमिति कारिकामर्थतोऽनुवदता विवर्त-पदमपहाय परिणामपदमेव प्रयुक्तम्। तथा हि—

नाशोत्पादासमालीढं ब्रह्म शब्दमयं च यत्।
यत्तस्य परिणामोऽयं भावाद्ग्रामः प्रतीयते ॥ इति।

विवर्तपदेन परिणाम एवाभिप्रेतो वाक्यपदीयकारस्यापि 'शब्दस्य परिणामोऽय-मित्याम्नायविदो विदुः' इति अग्रिमकारिका दर्शनादवगम्यते।

विवर्ततेऽर्थभावेन इत्यस्य 'एकस्य तत्त्वादप्रच्युतस्य भेदानुकारेणासत्याविभक्ता-न्यरूपोपग्राहिता विवर्तः' इति टीकादर्शनात् शब्दस्य विवर्तोऽर्थो न परिणाम इत्यव-गम्यते। न्यायमञ्जर्यां शब्दविवर्त्तवादस्य शब्दपरिणामवादस्य च खण्डनदर्शना-दुभयमपि वैयाकरणानामभिमतमित्यवगम्यते इत्यलमतिजल्पनेन।

विवर्तपरिणामयोर्लक्षणे तु—'अतत्त्वतोऽन्यथा प्रथा विवर्त इत्युदीरितः। सतत्त्वतोऽन्यथाप्रथा विकार इत्युदीर्यते' शुक्तौ रजतं विवर्तः। दुग्धं दधि भवति इति परिणामः। अधिष्ठानसमसत्ताककार्यापत्तिः परिणामः, अधिष्ठानविषमसत्ताककार्यापत्ति-र्विवर्त इति यावत् ॥ १ ॥

जैसे वैशेषिकदर्शनमें कार्य (घट) में पृथिवीत्वधर्म रहनेसे उसके कारण (परमाणु) में भी पृथिवीत्वधर्म ही मानते हैं और सांख्यदर्शनमें विकारों (पञ्चमहाभूत और एकादश इन्द्रियों) में सुख-दुःखका समन्वय देखकर इनके कारण प्रधान (प्रकृति) में भी सुखदुःखरूपता मानी गई है। वैसे घट-पट आदि अर्थोंमें भी शब्दरूपताके अनुगम होनेसे घट-पट आदि के कारणोंको भी शब्दरूप मानना ही पड़ेगा। क्योंकि प्रत्यक्ष दो प्रकारका होता है एक सविकल्पक दूसरा निर्विकल्पक। दोनों प्रत्यक्ष सर्वदा, सर्वथा और सर्वत्र किसी न किसी शब्दसे ही कहे जाते हैं। शब्दसे ही अर्थ की प्रतीति होती है। अतः शब्द और अर्थमें तादात्म्य माना जाता है। अतः वैयाकरणोंके मतमें शब्द ही ब्रह्म है।

यह शब्दतत्त्व ही जब अविद्याविशिष्ट ज्ञेयरूपतासे शून्य चैतन्यमात्रमें रहता है तब जीव कहा जाता है, जब किसी अर्थ (घट) के उच्चारणकी इच्छासे युक्त होता है तब उसे मध्यमा वाक् कहते हैं, जब मुंहमें आकर कण्ठ, तालु आदि स्थानोंसे क, ख, ग, आदि वर्णोंके रूपमें व्यक्त होता है तब उसे वैखरी वाक् कहते हैं और वही अविद्यारूपी वाह्य अर्थ की वासनासे प्रेरित होकर घट-पट आदि रूपमें परिणत (विवर्त) हो जाता है। विवर्त—अवास्तविक अन्यथा भावको कहते हैं। जैसे रस्सीमें सर्पबुद्धि। वस्तुतः रस्सी सर्प नहीं है, किन्तु भासित होती है वैसे ही शब्द ही घटरूप में भासित होता है। वस्तुतः शब्दसे अतिरिक्त घट कोई अलग सत्य नहीं है ॥ १ ॥

एकस्यैव शब्दब्रह्मणः कथं विचित्रघटपटादिकार्यजनकत्वमेकस्माद्विचित्रकार्योत्पत्ते-रदर्शनादित्यत आह—

यद्यपि एक (शब्द ब्रह्म) से परस्पर अत्यन्त भिन्न घट-पट आदि नहीं होते क्योंकि एक कारण से भिन्न-भिन्न और विचित्र कार्यों की उत्पत्ति नहीं देखी गई है। तथापि—

एकमेव यदाम्नातं भिन्नं शक्तिव्यपाश्रयात् ।
अपृथक्त्वेपि शक्तिभ्यः पृथक्त्वेनेव वर्तते ॥ २ ॥

यत्—शब्दब्रह्म 'एकमेवाद्वितीयम्' अद्वैत एक एवाभवत्' शलिल एवैको द्रष्टा' इत्यादिश्रुतिभिः **एकमेवाम्नातं** कथितं तत् **शक्तिव्यपाश्रयात्** शक्तीनां घटपटादिविचित्रकार्यंजननयोग्यतारूपाणां व्यपाश्रयात् आश्रयणात् शक्तिगतभेदारोपादिति यावत् **भिन्नं** पृथग्रूपम् 'प्रणव एवैकस्त्रेधा व्यभज्यत' इति श्रुतेः। सलिलशब्देन ब्रह्म। प्रणवोऽत्र अविवृत्तं ब्रह्म त्रेधा त्रिप्रकारेण—ऋग्यजुःसामरूपेण व्यभज्यत विभक्तमभूदिति तदर्थः। तथा च ब्रह्मण एकत्वेऽपि तद्गतशक्तिवैचित्र्याद् भेदमारोप्य विचित्रकार्यंजनकत्वमिति भावः। नन्वेकस्य विभिन्नरूपताऽनुपपन्नेत्यत आह—अपृक्त्वेऽपीति। **अपृथक्त्वेऽपि** अभिन्नत्वेऽपि ब्रह्म **शक्तिभ्यः पृथक्त्वेनेव वर्तते** शक्तिभेदमाश्रित्य पृथगिव भिन्नमिवावभासते न तु वस्तुतो भिन्नमिति भावः। शक्तिभ्य इत्यत्र ल्यब्लोपे पञ्चमी तथा च शक्तीराश्रित्येति तदर्थः। ननु ब्रह्मणो नानाकारावग्रहे एकत्वानुपपत्तिरिति चेन्न, वृक्षा इति एकस्यानुपलब्धौ नानावृक्षाकारावग्रहसत्त्वेपि यथा ज्ञानस्यैकत्वं नानुपपन्नं तद्वत् ब्रह्मणोऽपीत्यदोषात्।

(वह एक और समस्त जगत् का कारण ब्रह्म (शब्द) जो (एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म, आदि श्रुतियोंसे) एक ही कहा गया है वह उस नित्य शक्तिका आश्रय है (जिससे घट-पट आदि विचित्र प्रकारके भिन्न-भिन्न कार्य और ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद रूपसे भिन्न-भिन्न रूपमें प्रकट होते हैं।) यद्यपि उस ब्रह्ममें वास्तविक भेद नहीं है फिर भी शक्ति की विचित्रतासे भेद दिखाई पड़ता है।

एतदुक्तं भवति—आवर्तबुद्बुदतरङ्गाख्या जलविकाराः परस्परं भिन्ना अपि जलमेव न ततो व्यतिरिक्ताः तथा घटपटादयो विकाराः परस्परं भिन्ना अपि पृथिव्येव न व्यतिरिक्ता इति घटपटादीनां भेदः पृथिव्या एकत्वमिव विलक्षणकार्योदयानुमीयमान वैलक्षण्याः शक्तयो ब्रह्मण एकत्वं न विरुन्धन्ति इति घटादिरूपेण भिन्नत्वेऽपि पृथिव्याः स्वतोऽभिन्नत्ववत् शक्तिरूपेण ब्रह्मणो भिन्नत्वेऽपि स्वतोऽभिन्नत्वमिति ब्रह्मणि नानात्वं काल्पनिकमेकत्वं च वास्तवमिति न तयोर्विरोध इति भावः ॥ २ ॥

जैसे भवँरी, बुलबुले और तरङ्ग परस्पर में भिन्न हैं फिर भी सब जल हैं। घट-पट आदि परस्पर भिन्न हैं फिर भी सब पृथिवी हैं। वैसे एक ही शब्द-ब्रह्म शक्तिरूपसे भिन्न होते हुए भी स्वतः अभिन्न हैं अर्थात् शब्द-ब्रह्म का एक होना स्वाभाविक और भेद काल्पनिक ही हैं ॥ २ ॥

शब्दब्रह्मनिष्ठशक्तीनां कार्यवैचित्र्योपपादकत्वे नित्यानां तासां सर्वदा सत्त्वात् कुतो न सर्वदा सर्वकार्योत्पाद इत्यतो नियामकमाह—

इस नित्य शब्द और शब्द की विचित्र कार्यों को उत्पन्न कर सकनेवाली शक्ति के नित्य होने पर भी सदा सब कार्य नहीं होते। क्योंकि—

अध्याहितकलां यस्य कालशक्तिमुपाश्रिताः ।
जन्मादयो विकाराः षड् भावभेदस्य योनयः ॥ ३ ॥

यस्य ब्रह्मणः अध्याहित आरोपितः कला भेदः (निमेषादिक्रियोपहितनानात्वं यस्यास्ताम् अध्याहितकलां कालशक्तिं विश्वात्मा एक एव परं ब्रह्माभिधानं सत्यो भावः स एव नानाविधकार्यकारितयाऽनन्यशक्तित्वेन व्यवह्रियते तस्य स्वातन्त्र्यशक्तिः कालस्ताम् , उपाश्रिता जन्मादयः जायतेऽस्ति, विपरिणमते, वर्द्धते, ह्रसति, नश्यति इत्येवंरूपाः षड् विकाराः भावभेदस्य योनयः कारणानि भवन्ति । औपाधिकभेदमादायैकस्यापि कालस्य क्रमरूपतया क्रमवत्कार्यजनकत्वमिति भावः ।

जिस ब्रह्मकी काल्पनिक भेदों वाली शक्ति कालशक्ति स्वतन्त्रशक्ति है (जिसमें निमेष पल-घटी आदि की कल्पना की गई है और जिस शक्तिके कारण ब्रह्म अनन्यशक्तिमान् माना जाता है।) उसीके अनुसार जन्म (जायते, अस्ति, विपरिणमते, वर्धते, ह्रसति, नश्यति) आदि छः प्रकार के विकार हैं जो भावों (पदार्थों) के भेदके (क्रमिक भेदके) कारण माने जाते हैं।

अयं भावः—सर्वाः कारणशक्तयः कालेन अनुज्ञाताः सत्यो जनयन्ति कार्यम् , प्रतिबद्धाः सत्यो न जनयन्ति कार्यम्, हेमन्तादिकाले प्रतिबद्धाः वसन्तादिकाले अनुज्ञायन्ते इति कालः स्वातन्त्र्यशक्तिः अन्यासां च कालपारतन्त्र्यम् , यथा धीवराः पक्षयन्तराणां ग्रहणाय, सूत्रप्रतिबद्धान् पक्षिणश्चेष्टयन्ते तथा च ते सूत्रप्रतिबन्धादस्वतन्त्रा इव भवन्ति तथेच्छायां तन्तुनाऽऽकर्षणात् । एवं कालसूत्रप्रतिबन्धात् पदार्थाः संकोच-विकासलक्षणामुत्पत्तिध्वंसावनवरतमनुभवन्ति । 'अतश्च कालसूत्रान्तर्गतं विश्वं प्राप्तकालं प्रसूयते' इति जायते इत्यवसीयते, प्रसूतमवतिष्ठते इति अस्ति इति व्यपदिश्यते, अवस्थितस्य विकारापत्तिरिति विपरिणमते, तच्च विपरिणमन्मुहूर्तमपि नावतिष्ठते इति वर्धते यावदनेन वर्धितव्यं, ततोऽपक्षीयते मुहूर्तमप्यनवस्थानादेव ततः अवस्थित कृतकरणीयं विनश्यति । तदुक्तं वाक्यपदीये—(का० ३ समु० ९)

उत्पत्तौ च स्थितौ चापि विनाशे चापि तद्वताम् ।
निमित्तं कालमेवाहुर्विभक्तेनात्मना स्थितम् ॥

तमस्य लोकयन्त्रस्य सूत्राधारं प्रचक्षते । प्रतिबन्धाभ्यनुज्ञाभ्यां तेन विश्वं विभज्यते ॥
यदि न प्रतिबध्नीयात् प्रतिबद्धं च नोत्सृजेत् । अवस्था व्यतिकीर्येरन् पौर्वापर्यं विना कृताः॥
विशिष्टकालसम्बन्धो वृत्तिलाभाय कल्पते । शक्तीनां सम्प्रयोगस्य हेतुत्वेनावतिष्ठते ॥
स्थितस्यानुग्रहस्तैस्तैर्धर्मैः संसर्गिभिस्ततः । प्रतिबन्धस्तिरोभावः प्रहाणमिति चात्मनः ॥
प्रतिबद्धाश्च यास्तेन चित्रा विश्वस्य वृत्तयः । ताः स एवानुजानाति यथा तन्तुः शकुन्तिनः ॥

विशिष्टकालसम्बन्धाल्लब्धपाकासु शक्तिषु ।
क्रियाभिव्यज्यते नित्या प्रयोगाख्येन कर्मणा ॥ इति ॥ ३ ॥

समस्त कारण-शक्तियाँ कालकी आज्ञानुसार कार्य करती हैं और रोके जाने पर कार्य नहीं करतीं। हेमन्त कालमें जिन्हें रोका गया है वे वसन्त कालमें आज्ञा पा जाती हैं। इसलिए काल एक स्वतन्त्रशक्ति है। दूसरी शक्तियाँ कालके अधीन हैं। जैसे व्याध दूसरे पक्षियोंको पकड़नेके लिए एक पक्षीको सूत्रमें बाँधकर प्रेरित करते हैं ये पक्षी सूत्रमें बँधे रहनेके कारण अस्वतन्त्र की तरह हैं। क्योंकि सूत्रके खींचने पर पुनः पकड़ लिए जाते हैं। वैसे कालरूपी सूत्रमें बँधे हुए पदार्थ संकोच और विकास रूपी उत्पत्ति और ध्वंसका सदा अनुभव करते हैं। इसीलिए कालरूपी सूत्रमें बँधा हुआ विश्व काल आने पर जब प्रसूत होता है तब जायते कहा जाता है, जब प्रसूत स्थित होता है तब अस्ति कहते हैं, जब विकार होता है तब विपरिणमते कहते हैं, जब विपरिणमित रुक नहीं सकता तब वर्धते कहते हैं जब तक बढ़ता है जब क्षीण होने लगता है तब ह्रसति कहते हैं और जब वह नष्ट हो जाता है तब नश्यति कहते हैं। यह कालशक्ति एक होने पर भी काल्पनिक भेदोंके कारण अनेक और क्रमवाली है। इसीलिए क्रमसे कार्य उत्पन्न होता है, एक कालमें सब कार्य नहीं उत्पन्न होते॥ ३॥

अभिन्नस्यापि ब्रह्मणः सर्वकार्यजनकत्वमुपपाद्य साम्प्रतं सर्वव्यवहारहेतुत्वमुपपादयति—

एकस्य सर्वबीजस्य यस्य चेयमनेकधा।
भोक्तृभोक्तव्यरूपेण भोगरूपेण च स्थितिः॥

सर्वबीजस्य यस्य एकस्य ब्रह्मणः **इयं** तत्त्वान्यत्वाभ्यामनिर्वाच्या (ब्रह्मत्वेन ब्रह्मभिन्नत्वेन च वक्तुमशक्या) शक्तिरूपा **स्थिति अनेकधा भोक्तृभोक्तव्यरूपेण भोगरूपेण च** लोकव्यवहाराय प्रवर्तते। भोक्ता—पुरुषः, भोक्तव्याः—विषयाः, भोगः—विषयोपभोगजन्यसुखदुःखाद्यनुभव इति विवेकः। तद्व्यचयति—

सर्वशक्त्यात्मभूतत्वमेकस्यैवेति निर्णयः। भावानामात्मभेदस्य कल्पना स्यादनर्थिका॥

जो समस्त जगत्का कारण और एक है उसकी यह शक्तिरूपा स्थिति (जो ब्रह्मरूप तथा ब्रह्मभिन्न भी नहीं कही जा सकती अर्थात् अनिर्वचनीय स्थिति है) अनेक प्रकारसे लोकके व्यवहारमें आती है। जैसे भोक्ता (पुरुष) भोक्तव्य (विषय रूप, रस, गन्ध, स्पर्श और शब्द) भोग (विषयोंके भोगसे उत्पन्न सुख दुःख आदि)

एकमेव ब्रह्म सर्वशक्तीतिप्रमाणेन सिद्धे अविद्याकल्पितस्य भावभेदस्य अपारमार्थिकत्वात् कार्यनानात्वोन्नीयमानः शक्तिभेद एकस्यैव युक्तो न तु स्वरूपभेद इत्यर्थः॥४॥

इस तरह सर्वशक्तिमान् और अद्वितीय ब्रह्म है, पदार्थभेद अविद्याकल्पित और अवास्तविक हैं किन्तु विविध कार्योंके देखनेसे शक्तिमें ही विचित्रता माननी पड़ती है। ब्रह्ममें अनेकता मानना निरर्थक ही है॥ ४॥

एवं प्राप्यस्य ब्रह्मणः स्वरूपमुक्त्वा तत्प्राप्त्युपायमाह—

प्राप्त्युपायोऽनुकारश्च तस्य वेदो महर्षिभिः।
एकोऽप्यनेकवर्त्मेव समाम्नातः पृथक् पृथक्॥

तस्य ब्रह्मणः, प्राप्त्युपायः—प्राप्तिसाधनम्, अनुकारः—प्रतिमा च वेदः वस्तुतो भेदाभावाद् ब्रह्मणोऽनुकार इव वेद इत्यर्थः, वेद एव ब्रह्मेति यावत्। स

च वेदः एकोऽपि महर्षिभिः पृथक् पृथक् समाम्नातोऽभ्यस्तः अनेकवत्मैंव ऋग्यजुःसामाथर्ववेदभेदेन चतुर्विध इव भवतीत्यर्थः। समाम्नात इत्यनेन वेदस्य महर्षिप्रणीतत्वनिरासः।

इस अद्वितीय ब्रह्मकी प्राप्तिका साधन और उसकी प्रतिमा वेद है। यद्यपि वेद भी एक ही है तथापि महर्षियोंने अलग-अलग अभ्यास किया है अतः (ऋग्वेद, यजुर्वेद; सामवेद और अथर्ववेदके रूपमें) अनेक प्रकारका दिखाई पड़ता है। या अध्ययन करनेवाले ऋषियोंके नामसे अनेक वेद मालूम पड़ते हैं। जैसे शाकल शाखा, वाष्कल शाखा आदि।

प्राप्त्युपाय इति। ब्रह्मणः प्राप्तिः—ममाहमित्यहङ्कारग्रन्थिसमतिक्रममात्रम्। अहङ्कारचिदात्मनोस्तादात्म्याध्यास एव ग्रन्थिः तन्निवृत्तिश्च ग्रन्थिसमतिक्रमः।

इस कारिकामें प्राप्त्युपायमें दो पद हैं एक प्राप्ति और दूसरा उपाय। 'मेरा' और 'मैं' इस प्रकारकी अहंकार-ग्रन्थिका छूटना ही प्राप्ति है। अहंकार और चिदात्माका तादात्म्याध्यास ही ग्रन्थि है॥ ५॥

तदुक्तं पञ्चदश्यां चित्रदीपे—

अप्रवेश्य चिदात्मानं [1]पृथक् पश्यन्नहङ्कृतिम्।
इच्छँस्तु कोटिवस्तूनि न बाधो ग्रन्थिभेदतः॥ ६२॥ इति।

आह च—

वाचः संस्कारमाधाय वाचं ज्ञाने निवेश्य च।
विभज्य [2]बन्धनान्यस्याः कृत्वा तां छिन्नबन्धनाम्॥
ज्योतिरान्तरमासाद्य छिन्नग्रन्थिपरिग्रहः॥
परेण ज्योतिषैकत्वं छित्त्वा ग्रन्थीन् प्रपद्यते॥ इति॥

चत्वारि श्रृङ्गा इति मन्त्रव्याख्यावसरे—'महता देवेन नः साम्यं यथा स्यादित्यध्येयं व्याकरणम्' इति महाभाष्यप्रतीकमुपादाय 'महता परेण ब्रह्मणेत्यर्थः' इति कैयटः, ब्रह्मणा—शब्दब्रह्मणा साम्यं—सायुज्यमिति नागेशः,

अपि प्रयोक्तुरात्मानं शब्दमन्तरवस्थितम्।
प्राहुर्महान्तमृषभं येन सायुज्यमिष्यते॥ इति हरिः।

द्वौ शब्दात्मानौ कार्यो नित्यश्च तत्रान्त्यः सर्वेश्वरः सर्वज्ञः सर्वशक्तिमान् शब्दवृषभस्तस्मिन् खलु वाग्योगवित् शास्त्रजशब्दज्ञानपूर्वकप्रयोगेण क्षीणपापः पुरुषो विच्छिद्याहङ्कारग्रन्थीन् अत्यन्तं संसृज्यत इति तद्व्याख्यातारः। अविवृत्तो नित्यः विवृत्तः कार्यः इति केचित्। कार्यो वैखरीरूपः नित्यो व्यङ्ग्य आन्तरः स्फोट इति छाया।

---

१. अहङ्कारे चिदात्मानमप्रवेश्य—तादात्म्याध्यासेनानन्तर्भाव्येत्यर्थः। यथा आत्मनो व्यापकत्वेऽपि वृक्षादिजन्मनाशैर्न दुःखित्वं तेषु तादात्म्याध्यासाभावात् एवमहङ्कारगतेच्छादिभिर्देहगतव्याध्यादिभिश्च न दुःखित्वमित्यर्थः।

२. बन्धनानि—अविद्याहङ्कारादीनि।

इदमत्रावधेयम्—ब्रह्मणः सकाशात् प्रथमतो वेद एक एव विवर्तते ततोऽध्ये तॄणामशक्तेः प्रविभक्तः पुनरुपसंहृतभेदः। पुनश्च भिद्यत इति मतमवलम्ब्येयं कारिका उत्तरा च। तदुक्तं भागवते—

चातुर्होत्रं कर्मशुद्धं प्रजानां वीक्ष्य वैदिकम्। व्यदधाद्यज्ञसंतत्यै वेदमेकं चतुर्विधम्॥
ऋग्यजुःसामाथर्वाख्या वेदाश्चत्वार उद्धृताः। तत्रर्ग्वेदधरः पैलः सामगो जैमिनिः कविः॥
वैशम्पायन एवैको निष्णातो यजुषामुत। अथर्वाङ्गिरसामासीत् सुमन्तुर्दारुणो मुनिः॥ इति।

वायुपुराणेऽपि—

वेदमेकं चतुष्पादं चतुर्धा व्यभजत् प्रभुः। ब्रह्मणो वचनात्तात लोकानां हितकाम्यया॥
चातुर्होत्रमभूत्तस्मिँस्तेन यज्ञमकल्पयत्। आध्वर्यवं यजुर्भिस्तु ऋग्भिर्हौत्रं तथैव च॥
उद्गात्रं सामभिश्चक्रे ब्रह्मत्वं चाप्यथर्वभिः॥ इति।

सनत्सुजातीयेऽपि—

एकस्य वेदस्याज्ञानाद् वेदास्ते बहवः कृताः। इति।

अत एवाभियुक्तानां वचनम्—

सर्वार्थवेदको वेदश्चतुर्धा भिद्यते क्रमात्। ऋग्वेदोऽथ यजुर्वेदः सामवेदो ह्यथर्वणः॥ इति।

अन्ये तु अनेकवर्त्मेव अनेकशाखा इव भवतीत्यर्थमाहुः। तेषामयमाशयः—'अस्य महतो भूतस्य निःश्वसितमेतद्यदृग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्वाङ्गिरसः' इति चतुर्विध एव वेदो ब्रह्मणः सकाशादाविर्भूतः केवलं शाखाभेदः अध्ययननिमित्तः। तदुक्तं शौनकीयप्रातिशाख्ये—

ऋचां समूह ऋग्वेदस्तमभ्यस्य प्रयत्नतः। पठितः शाकलेनादौ चतुर्भिस्तदनन्तरम्॥
सांख्यायनाश्वलायनौ माण्डुको बाष्कलस्तथा। बह्वृचा ऋषयः सर्वे पञ्चैते एकवेदिनः॥ इति।

येन च ऋषिणा या शाखाऽभ्यस्ता सा तन्नाम्नैव प्रसिद्धिमुपगता यथा शाकलशाखा बाष्कलशाखेति। तदुक्तं शावरभाष्ये—'स्मर्यते च वैशम्पायनः सर्वशाखाध्यायी कठः पुनरिमां केवलां शाखामध्यापयाम्बभूवेति स बहुशाखाध्यायिनां सन्निधाने शाखाध्याय्यन्यां शाखामनधीयानस्तस्यां प्रकृष्टत्वादसाधारणमुपपद्यते विशेषणं कठशाखेति' इति आख्या प्रवचनादिति सूत्रे॥ ५॥

इदानीं ब्रह्मप्राप्त्युपायस्य वेदस्य स्वरूपकथनेन माहात्म्यमाह—

भेदानां बहुमार्गत्वं कर्मण्येकत्र चाङ्गता।
शब्दानां यतशक्तित्वं तस्य शाखासु दृश्यते॥ ६॥

तस्य वेदस्य भेदाः—ऋग्यजुःसामाथर्ववेदाख्यास्तेषां भेदानां बहुमार्गत्वं बहुशाखत्वं वर्तते 'यथा एकशतमध्वर्युशाखाः, सहस्रवर्त्मा सामवेदः, एकविंशतिधा बाह्वृच्यं पञ्चदशधेत्येके, नवधाथर्वणो वेद' इति। तस्य वेदस्य भेदानां शाखानाम् एकत्र एकस्मिन् कर्मणि च अङ्गता—तस्यां शाखायामनुक्तानामपि तदन्यशाखो

प्रदिष्टानामङ्गानां 'सर्वशाखाप्रत्यय'न्यायेनोपसंहारेण उपकारकत्वं चेत्यर्थः। ननु यदि सर्वशाखानामेककर्मबोधकत्वं तर्हि शाखाभेदः किंनिबन्धन इत्यत आह—**शब्दानामिति**। **तस्य** वेदस्य **शाखासु शब्दानां यतशक्तित्वं** यता नियता शक्तिः बोधजनकता अभ्युदयहेतुता वा येषां तेषां भावस्तत्त्वं **दृश्यते**। येन रूपेण स्वरेण च युक्तो यस्यां शाखायामुक्तो यः शब्दः स तथैवोच्चरितः तत्रैवार्थमभिधत्ते पुण्यजनकश्च नान्यथा न शाखान्तरेऽतोऽर्थक्रियानियमेन शक्तिनियमस्तत्प्रयुक्तश्च शाखाभेद इति भावः। यथा 'सिमस्याथर्वणेऽन्त उदात्तः' 'देवसुम्नयोर्यजुषि काठके' इत्यादिः।

वस्तुतस्तु—तस्य वेदस्य **भेदानां** तत्तद्वेदगतशाखानां **बहुमार्गत्वं** बहवः पदक्रमजटामालादयो मार्गा अभ्यासोपाया येषां तेषां भावस्तत्त्वम्, **एकत्र** एकस्मिन् **कर्मणि अङ्गता** एककर्मबोधकत्वं च **वर्तते**। तथा च शाखाभेदेऽपि कर्मभेदाभावाच्छाखान्तरविहितानामप्यङ्गानां शाखान्तरीयैस्तस्मिन् कर्मण्युपसंहृत्यानुष्ठानमिति भावः। ननु यजुर्वेदगतकाठककाण्वमाध्यन्दिनीयादिशाखासु विहितस्य दर्शपूर्णमासाख्यस्य कर्मण एकत्वं न सम्भवति एकस्यां शाखायां विहितस्य शाखान्तरे पुनर्विधाने तद्विधेरज्ञातज्ञापकत्वाभावेनानर्थक्यापत्त्या 'एकस्यैवं पुनः श्रुतिरविशेषादनर्थकं हि स्यादि'ति न्यायेन कर्मभेदादत आह—**शब्दानामिति। तस्य** वेदस्य **शाखासु शब्दानां** तत्तत्कर्मविधायकवाक्यानां **यतशक्तित्वं** तत्तच्छाखाध्यायिपुरुषसमेवतबोधजनकत्वं **दृश्यते** इत्यर्थः।

यद्यपि उस वेदके (ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेदके) भेदोंमें भी एक-एक वेदकी अनेक शाखायें हैं (जैसे एक सौ अध्वर्युकी शाखा, एक सहस्र सामवेदकी शाखायें) और उन (परस्परमें विभिन्न) शाखाओं का एक कर्म (याग) में (जो अङ्ग एक शाखामें नहीं लिखे हैं किन्तु दूसरी शाखामें लिखे हैं वे अङ्ग भी) परस्परमें उपकार्य-उपकारक भाव रखते हैं, तथापि वे शाखायें परस्पर भिन्न हैं। क्योंकि) उस वेदकी शाखाके शब्दों की बोधजनकता रूप और अभ्युदय (पुण्य) जनकता रूप अपनी शक्तियों अलग-अलग नियत हैं।

अथवा

यद्यपि उस वेदकी शाखाओं (पद, क्रम, घन, जटा और माला आदि) में बहुत मार्ग (अभ्यासके उपाय) हैं और शाखाओंकी भिन्नता रहनेपर भी एक कर्ममें दूसरी शाखाके अङ्गोंका परस्परमें उपकार्य-उपकारक भाव भी है। तथापि (एक वेदकी अनेक शाखाओंमें विहित दर्शपूर्णमास याग एक नहीं है। क्योंकि वेदकी शाखाओंमें उन-उन कर्मोंका विधान करनेवाले वाक्योंकी शक्तियाँ उन-उन शाखाओंके अध्ययन करनेवाले ही जानते हैं ॥ ६ ॥

अयं भावः—यथा 'अध्वर्युं वृणीत' इत्यत्राध्वर्योरुद्देश्यत्वेऽपि वृतेनाध्वर्युणा

१. सर्वशाखाप्रत्ययः—सर्वशाखाप्रतिपाद्यमेकं कर्म। सर्वशाखाप्रत्ययन्यायश्च—
शाखाभेदात्कर्मभेदो न वा कर्मात्र भिद्यते। दृष्टं काठकनामादि बहुभेदस्य कारणम् ॥
ग्रन्थद्वारादिना ह्येते युज्यन्ते भेदहेतवः। रूपादिप्रत्यभिज्ञानादभिन्नं कर्म गम्यते ॥
(इति न्यायमालायामुक्तः)

स्वकार्यं कुर्यादिति कल्प्यविधावुपादेयतया श्रवणादेकत्वविवक्षा, एवं 'स्वाध्यायोऽध्येतव्य' इत्यत्र अध्ययनं प्रति स्वाध्यायस्योद्देश्यत्वेऽपि अधीतेन स्वाध्यायेनार्थज्ञानं भावयेदिति विनियोगविधावुपादेयत्वश्रवणात् तद्विशेषणस्य स्वत्वस्यैकत्वस्य च विवक्षेति स्वैः पितृपितामहादिभिरधीयते इति स्वाध्याय इति व्युत्पत्त्या स्ववेदे स्वकीयशाखामात्रस्यैवाध्ययनविधानेन एकैकस्य पुरुषस्यैकैकशाखाध्यायित्वात् तत्तच्छाखाध्यायिपुरुषान् प्रति तत्तच्छाखास्थविधेरज्ञातज्ञापकत्वेन अर्थवत्त्वात् 'एकस्यैवं पुनः श्रुतिरि'ति न्यायाप्रवृत्त्या कर्मभेदाभाव इति । नन्वेवं शाखान्तराध्ययनाभावे तदुक्तानामङ्गानामुपसंहारः कथमिति चेन्न—कल्पसूत्रादिभिः शाखान्तरीयाङ्गानां ज्ञानं संपाद्योपसंहारस्य कर्तुं शक्यत्वात् । न च स्वत्वस्य विवक्षितत्वे वेदान्तराध्ययनमपि न स्यादिति वाच्यम्, वेदानधीत्येति शास्त्रेण वेदेषु समुच्चयविधानात् । एवं च वेदभेदेऽसति बाधके कर्मणां भेद एकत्रोत्पत्तिरपरत्र गुणविधानं वा तत्र वेदान्तरशाखाध्यायिपुरुषाभेदेन एकस्य विधायकत्वेऽपरस्यानुवादकत्वापत्त्या उक्तन्यायप्रवृत्तेरिति ॥ ६ ॥

वेदमूलकत्वादेव स्मृतीनां प्रामाण्यं नान्यथेत्यतोऽपि वेदस्य महत्त्वमाह—

इसलिए ब्रह्मप्राप्तिका उपाय वेद ही है, उसीके द्वारा ब्रह्म जाना जा सकता है। स्मृतियें स्वतः प्रमाण नहीं हैं किन्तु जो कुछ वेदमें कहा गया है वही कहती हैं। अतः वेदमूलक होने के कारण वे भी प्रमाण मानी जाती हैं।

स्मृतयो बहुरूपाश्च दृष्टादृष्टप्रयोजनाः ।
तमेवाश्रित्य लिङ्गेभ्यो वेदविद्भिः प्रकल्पिताः ॥ ७ ॥

बहुरूपाः—काश्चन 'गर्भाष्टमेऽब्दे कुर्वीत ब्राह्मणस्योपनायनम्' इत्येवंरूपाः 'अष्टवर्षं ब्राह्मणमुपनयीत' इति प्रत्यक्षश्रुतिमूलाः, काश्चन शिष्टेषु प्रसिद्धसमाचाराः 'अष्टकाः कर्तव्या' इत्यादयोऽनुपलभ्यमानश्रुतिमूलाः, **दृष्टादृष्टप्रयोजनाश्च**-तत्र 'गुरुरनुगन्तव्यः' इत्यादयः स्मृतयः अनुगमात्प्रीतो गुरुरध्यापयिष्यति ग्रन्थग्रन्थिभेदिनश्च न्यायान्वक्ष्यतीत्येवंरूपदृष्टप्रयोजनाः, अष्टकादिस्मृतयश्च अदृष्टप्रयोजनाः **स्मृतयो लिङ्गेभ्यः** तत्तदर्थबोधकमन्त्रादिभ्यः **तं वेदमेवाश्रित्य वेदविद्भिः प्रकल्पिता** रचिता इत्यर्थः ।

ये स्मृतियाँ भी अनेक रूपकी मिलती हैं। जिनमें कुछ स्मृतियोंका प्रयोजन स्पष्ट दिखाई पड़ता है, कुछका प्रयोजन अदृष्ट (पुण्य) मात्र है। ये स्मृतियाँ मन्त्रमें पढ़े हुए लिङ्गों (चिह्नों) को देखकर वेदके जानकार विद्वानों द्वारा कल्पित (रचित) हैं।

तद्यथा 'यां जनाः प्रतिनन्दन्ति रात्रिं धेनुमिवायतीम् । संवत्सरस्य या पत्नी सा नो अस्तु सुमङ्गली । अष्टकासु राधसे स्वाहा' इति मन्त्रोऽष्टकास्मृतौ लिङ्गम् 'तस्माच्छ्रेयांसं यन्तं पापीयान्[1] पश्चादन्वेतीति' श्रुतिर्गुर्वनुगमनस्मृतौ मूलम् । एवं

१. पापीयान्-लघुः ।

च श्रुतिमूलकस्मृतिकर्तृकत्वसामान्यात् असम्प्रतिपन्नश्रुतिमूलकस्मृतीनां मूलं श्रुतिरनुमेया, तदुक्तम्—'अपि वा कर्तृसामान्यात् प्रमाणमनुमानं स्यात्' इति सूत्रेण जैमिनिना।

स्मृतयो बहुरूपाश्चेति । स्मृतीनां पञ्चविधत्वमुक्तं भविष्यपुराणे—

> **दृष्टार्था** तु स्मृतिः काचिद**दृष्टार्था** तथापरा ।
> **दृष्टादृष्टार्थरूपा**न्या **न्यायमूला** तथाऽपरा ॥
> **अनुवादस्मृति**स्त्वन्या शिष्टैर्दृष्टा तु पञ्चमा ।

एतासामुदाहरणानि तत्रैव—

> षड्गुणस्य प्रयोज्यस्य प्रयोगः कार्यगौरवात् ।
> सामादीनामुपायानां योगो व्याससमासतः ॥
> अध्यक्षाणां च निःक्षेपः कण्टकानां निरूपणम् ।
> **दृष्टार्थेयं** स्मृतिः प्रोक्ता ऋषिभिर्गरुडात्मज ॥
> सन्ध्योपास्या सदा कार्या श्रुतौ मांसं न भक्षयेत् ।
> **अदृष्टार्था स्मृतिः** प्रोक्ता ऋषिभिर्ज्ञानकोविदैः ॥
> पलाशं धारयेद्दण्डमुभयार्थां विदुर्बुधाः ।
> **न्यायमूला** विकल्पः स्याज्जपहोमश्रुतौ यथा ॥
> श्रुतौ दृष्टं यथा कार्यं स्मृतौ तत्तादृशं यदि ।
> **अनूक्तवादिनी** सा तु पारिव्रज्यं यथा गृहात् ॥

षड्गुणाः—सन्धिविग्रहयानासनद्वैधीभावसमाश्रयाख्याः[१] । सामादीनां[२] कार्यगौरवाद्व्याससमासाभ्यां योगः प्रयोगः कर्तव्य इत्यर्थः । जपहोमश्रुताविति । सूर्योदयावधि सावित्रीजपोऽनुदितहोमविषयः । अनूक्तवादिनी = अनूदितवादिनी । यथा 'यदि वेतरथा वेदचर्यादेव प्रव्रजेत् गृहाद्वा वनाद्वा' इत्यनयाऽनूदितं 'ब्राह्मणः प्रव्रजेद् गृहात्' इति मनुस्मृतिर्वदति विधत्त इत्यर्थः ॥ इति ।

ननु 'वैसर्जनहोमीयं वासोऽध्वर्युर्गृह्णाति' इत्येवंभूताः स्मृतयो लोभमूलाः 'औदुम्बरी सर्वा वेष्टयितव्या' 'अष्टाचत्वारिंशद्वर्षं वेदब्रह्मचर्यम्' इत्येवंभूताश्च स्मृतयः 'औदुम्बरीं स्पृष्ट्वोद्गायेत्' 'जातपुत्रः कृष्णकेशोऽग्नीनादधीत' इत्यादिश्रुतिविरुद्धाः, तासां कथं वेदमूलकत्वसम्भव इति चेदत्रोच्यते, वैसर्जनहोमीयस्मृतेः—'स्मृतीनां श्रुतिमूलत्वे दृढे पूर्वनिरूपिते । विरोधे सत्यपि ज्ञातुं शक्यं मूलान्तरं कथम् ॥' इत्यनेन लोभमूलकत्वं निराकृत्य श्रुतिमूलकत्वस्य, औदुम्बरीवेष्टनस्मृतेः—

---

१. अरिविजिगीष्वोर्व्यवस्थाकरणमैक्यं सन्धिः । विरोधो विग्रहः । विजिगीषोररिं प्रति यात्रा यानम् । तयोर्मिथः प्रतिबद्धशक्त्योः कालप्रतीक्षया तूष्णीमवस्थानमासनम् । दुर्बलप्रबलयोर्वाचिकमात्मसमर्पणं द्वैधीभावः । अरिणा पीड्यमानस्य बलवदाश्रयणं संश्रयः ।

२. सामदानदण्डभेदाः । सामदाने दण्डभेदावित्युपायचतुष्टयमित्यमरात् । साम सान्त्वम् । दानं प्रसिद्धम् । दण्डो दमः । भेद उपजापः ।

ततश्च श्रुतिमूलत्वाद्भाष्योदाहरणं न तत् ।
विरुद्धत्वे च बाधः स्यान्न चेहास्ति विरुद्धता ॥
न हि वेष्टनमात्रं हि स्पर्शश्रुत्या विरुद्ध्यते ।
यदि द्वित्र्यङ्गुलं मध्ये विमुच्योत्तरभागतः ॥
वेष्टयेतौदुम्बरी तत्र किं नाम न कृतं भवेत् ।
सर्वा वेष्टयितव्येति न ह्येवं सूत्रकृद्वचः ॥
प्राक् च लोभादिह स्पर्शः कुशैरेवान्तरीयते ।
वेष्टितैषा कुशैः पूर्वं वाससा परिवेष्ट्यते ॥

इति ग्रन्थेन श्रुतिविरुद्धत्वं निराकृत्य शाट्यायनिब्राह्मणगतश्रुतिमूलकत्वस्य तन्त्रवार्ति स्थापनात् । 'अष्टाचत्वारिंशद्वर्षम्' इति स्मृतिरपि अन्धपङ्ग्वादिविषया नैष्ठिकब्रह्मचा विषया वेति न जातपुत्रश्रुतिविरुद्धा । तदुक्तं तन्त्रवार्तिके—

तत्रैवं शक्यते वक्तुं येऽन्धपङ्ग्वादयो नराः ।
गृहस्थत्वं न शक्नुवन्ति कर्तुं तेषामयं विधिः ॥
नैष्ठिकब्रह्मचर्यं वा परिव्राजकताऽपि वा ।
तैरवश्यं गृहीतव्या तेनादावेतदुच्यते ॥ इति ।

ननु सर्वासां वेदवित्कल्पितस्मृतीनां श्रुतिमूलकत्वात्प्रामाण्याङ्गीकारे 'विरो त्वनपेक्षं स्यादसति ह्यनुमानम्' 'हेतुदर्शनाच्च' इति सूत्राभ्यां कस्याः स्मृतेरप्रामा मुच्यते इति चेत् वेदबाह्यबौद्धादिकल्पितायाः स्मृतेरिति गृहाणेत्यलम् ॥ ७ ॥

जैसे 'गर्भाष्टमेऽब्दे कुर्वीत ब्राह्मणस्योपनायनम्' यह स्मृति 'अष्टवर्षं ब्राह्मणमुपनयीत' प्रत्यक्ष श्रुतिसे बनाई गई है । कुछ 'अन्वष्टका कर्तव्या' यह स्मृति शिष्टाचारसे ही बनाई गई और इनका मूल 'अष्टकासु राधसे स्वाहा' मन्त्र है । इसी तरह 'गुरुरनुगन्तव्यः' यह स 'तस्मात् श्रेयांसं यन्तं पापीयान् पश्चादन्वेति' इस श्रुतिको देखकर रची गई है । इनमें 'अ स्मृतिका प्रयोजन केवल अदृष्ट है और 'गुरुरनुगन्तव्यः' स्मृतिका प्रयोजन गुरुजीको प्र रखना दृष्ट प्रयोजन भी है ॥ ७ ॥

दर्शनभेदा अपि वेदादेवेत्याह—

इसी तरह दर्शन भी वेदमूलक होनेके कारण ही प्रमाण है । जो दर्शन वेद-मूलक न वे प्रमाण नहीं और उनसे ब्रह्म की प्राप्ति भी नहीं हो सकती है । दर्शनोंमें भी जो भेद दि पड़ते हैं वे भी वेद से ही हैं । भेद कहीं बीच में नहीं बन गया है । भेद होनेमें कारण है कि—

तस्यार्थवादरूपाणि निश्रित्य स्वविकल्पजाः ।
एकत्विनां द्वैतिनां च प्रवादा बहुधा मताः ॥ ८ ॥

तस्य वेदस्य अर्थवादरूपाणि अर्थवादानर्थवादरूपाणि वाक्यानि निश्रि आश्रित्य स्वविकल्पजाः स्वस्वबुद्धिप्रभवाः, विकल्पो बुद्धिभेदः तदुक्तं 'रुचीनां वैचित्र्यादृजुकुटिलनानापथजुषाम्' इति, एकत्विनां द्वैतिनां च बहुधा भिन्न-भि

रूपेण, ममैव दर्शनं सत्यमित्येवंरूपः प्रकृष्टो वादो येषु ते **प्रवादाः** अनल्पादरा दर्शनभेदाः, **मता** अभिमता इत्यर्थः ।

वेदके ही मन्त्रोंमें जहाँ अर्थ परस्पर विरुद्ध दिखाई पड़ते हैं वहाँ (भिन्न-भिन्न दर्शनाचार्योंने) उनमें एकको अर्थवाद (प्रशंसा करनेवाला) और दूसरेको सिद्धान्त मानकर अपनी-अपनी रुचिके अनुसार एकत्ववाद या द्वैतवाद मान लिया है और अपने-अपने आग्रह पर अपने-अपने पक्षका समर्थन करते हैं ।

अर्थवादश्चानर्थवादश्चार्थवादानर्थवादौ रूपं येषां तानि अर्थवादरूपाणि शाकपार्थिवादित्वादुत्तरपदलोपः । अर्थवादाश्चानर्थवादरूपाणि च अर्थवादरूपाणीति यङ् च यङ्लुक् च यङ्लुकोरितिवदेकशेषो वा । केषाञ्चिद्वादाः अर्थवादमूलाः, केषाञ्चित् श्रुतितात्पर्यविषया इति तद्भावः ।

एकत्विनः—अद्वैतिनः 'एकमेवाद्वितीयम्' 'आत्मैवेदं सर्वम्' 'ऐतदात्म्यमिदं सर्वम्' 'तत्त्वमसि' 'नेह नानास्ति किञ्चन' 'वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्' 'तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः' इत्यादिश्रुतिबलेन जीवब्रह्मणोरैक्यं ब्रह्मव्यतिरेकेण जगतोऽभावं चातिष्ठमानाः 'द्वा सुपर्णा' 'य आत्मनि तिष्ठन्' 'अजो ह्येको जुषमाणोऽनुशेते जहात्येनां भुक्तभोगामजोऽन्यः' इत्यादिद्वैतबोधकश्रुतीनां प्रत्यक्षसिद्धभेदानुवादकत्वेन हीनबलत्वाद्व्यत्वमाचक्षते ।

द्वैतिनस्तु—प्रत्यक्षविरोधेनाद्वैतश्रुतय उपचारितार्था जगत्यास्थानिवृत्तये वैराग्योपष्टम्भार्थाः । द्वैतश्रुतयस्तु प्रत्यक्षसंवादेन सत्यार्था इति मन्यन्ते ।

एवं **चार्वाकादयो**ऽपि 'अहं गौरः' 'अहं स्थूलः' इति प्रत्यक्षाभासमाश्रित्य 'स वा एष पुरुषोऽन्नरसमयः' इति वाक्यं 'आत्मैव देहमयः' इति वैरोचनसिद्धान्तप्रतिपादवाक्यं च स्वमतोपष्टम्भाय स्वीकृत्य स्वमतमपि श्रौतीकर्तुं प्रतिपेदिरे । तदुक्तं विद्यारण्यस्वामिभिः—

कूटस्थादिशरीरान्तसंघातस्यात्मतां जगुः । लोकायताः पामराश्च प्रत्यक्षाभासमाश्रिताः ॥
श्रौतीकर्तुं स्वपक्षं ते कोशमन्नमयं तथा । वैरोचनस्य सिद्धान्तं प्रमाणं प्रतिजज्ञिरे ॥

इत्यादिना—

एवमन्ये स्वस्वपक्षाभिमानेनान्यथान्यथा । मन्त्रार्थवादकल्पादीनाश्रित्य प्रतिपेदिरे ॥

इत्यन्तेन ग्रन्थजातेन ।

उदयनाचार्या—अपि आत्मतत्त्वविवेकशेषे—'प्रथमं बहिरर्थ एव भासते समाश्रित्य धर्ममीमांसोपसंहारः चार्वाकसमुत्थानं च तत्प्रतिपादनार्थं 'पराञ्चि खानि' इत्यादिः 'तद्धानार्थं परं कर्मभ्य' इत्यादि । अथार्थाकारः यमाश्रित्य त्रैदण्डिकमतोपसंहारः योगाचारसमुत्थानं च तत्प्रतिपादनार्थम् 'आत्मैवेदं सर्वम्' इत्यादि, तद्धानार्थम् 'अगन्धमरसम्' इत्यादि । अथार्थाभावः यमाश्रित्य वेदान्तद्वारमात्रोपसंहारः शून्यत्वनैरात्म्यसमुत्थानं च तत्प्रतिपादनार्थम् 'असदेवेदमग्र आसीत्' इत्यादि,

तद्धानाय 'अन्धं तमः प्रविशन्ति ये के चात्महनो जनाः' इत्यादि। ततो विवे यमाश्रित्य सांख्यमतोपसंहारः शक्तिसत्त्वसमुत्थानं च। तत्प्रतिपादनार्थं च, 'प्रकृते परस्तात्' इत्यादि, तद्धानाय 'नान्यत् सत्' इत्यादि। ततः केवल आत्मा प्रका यमाश्रित्याद्वैतमतोपसंहारः तत्प्रतिपादनार्थं 'न पश्यन्तीत्याहुरेकीभवती'त्यादि तद्धानार्थं 'नाद्वैतं नापि च द्वैतम्' इत्यादि। ततः समस्तसंस्काराभिभवात् केवलोऽ न विकल्पते यमाश्रित्य चरमवेदान्तोपसंहारः तत्प्रतिपादनार्थं 'यतो वाचो निवर्त्त अप्राप्य मनसा सह' इत्यादि। सा चावस्था न हेया मोक्षनगरगोपुरायमाणत्वात् निर्वाणं तु तस्याः स्वयमेव यदाश्रित्य न्यायदर्शनोपसंहारः तत्प्रतिपादनार्थम् 'अथ निष्काम आत्मकाम आप्तकामः स ब्रह्मैव सन् ब्रह्माप्येति न तस्य प्राणा उत्क्राम तत्रैव समवलीयन्ते' इति प्राहुः॥ इति ॥ ८ ॥

एकत्ववादी—(अद्वैतवादी) 'एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म, आत्मैवेदं सर्वम् ऐतदात्म्य सर्वम्, तत्त्वमसि, नेह नानास्ति किञ्चन' इत्यादि श्रुतियोंके आधारपर जीव-ब्रह्मकी एक और ब्रह्मसे अलग जगत्की सत्ताका अभाव मानते हैं तथा 'द्वा सुपर्णा, य आत्मनि तिष्ठ अन्यो ह्येको जुषमाणोनुशेते इत्यादि द्वैतको बतानेवाली श्रुतियोंको प्रत्यक्ष वस्तु कहनेके का हीनवल मानकर एकत्ववादिनी श्रुतियोंसे इनका बाध कर देते हैं और अपने एकत्ववा समर्थन करते हैं।

द्वैतवादी—प्रत्यक्ष वस्तुके विरुद्ध होनेके कारण अद्वैत श्रुतियाँ केवल संसारमें वि हटानेके लिए हैं और द्वैत श्रुतियाँ प्रत्यक्ष सिद्ध सत्य अर्थका बोध कराती हैं अतः द्वैतको उचित मानते हैं।

चार्वाक भी—'आत्मैव देहमयः' इस श्रुतिको प्रमाण मानकर अपने पक्षको वेदम बतानेका साहस कर सकता है। अतः जितने पक्ष हो सकते हैं, सबके मूलमें वेद ही है॥

ननु यदि एते दर्शनभेदाः आग्रहैकशरणपुरुषबुद्धिप्रभवा अन्यथायोज्यमान मूलाः परस्परविरुद्धाश्च तर्हि असत्या एव वस्तुनि विकल्पासम्भवात् अतः सत्यं तत्त्वमत आह—

अब बात यह उठती है कि दर्शनोंके वेदमूलक होनेपर भी सबमें आग्रहके कारण ए न होनेसे यह कैसे जाना जा सकता है कि ब्रह्मप्राप्तिका सच्चा मार्ग कौन है?

सत्या विशुद्धिस्तत्रोक्ता विद्यैवैकपदागमा।
युक्ता प्रणवरूपेण सर्ववादाविरोधिनी॥ ९॥

परेषामसमाख्येयं परेभ्यो वक्तुमशक्यम् मणिरूप्यादिविज्ञानम् मणिरूप्यादितारतम्यज्ञानं यत् तद्विदां मणिरूप्यादिविदां [2]रूपतर्काणां 'सूक्ष्मान् कार्षापणादितारतम्यसमधिगमहेतून् कल्पयित्वापि परेभ्यो वक्तुमशक्नुवताम् अभ्यासादेव अपरमणिपरिचेतृवचनपूर्वकात् प्रत्यक्षपौनःपुन्यात् नेन्द्रियादिभ्यः जायते तत् नानुमानिकं व्याप्तिज्ञानाजन्यत्वात्, न प्रत्यक्षं पटुभिरिन्द्रियैरपि अभ्यासरहितैरधि-

१. शब्दोपमानयोर्नैव पृथक् प्रामाण्यमिष्यते। अनुमानगतार्थत्वादिति वैशेषिकं मतम् ॥
२. रूपं रूपकभेदः दीनारादिः तं तर्कयन्ति परीक्षन्ते इति रूपतर्काः सौवर्णिकाः।

गन्तुमशक्यतया इन्द्रियमात्राजन्यत्वात्, इति लौकिकप्रत्यक्षानुमानातिरिक्तं किंचित् लौकिकसमाधिजन्यं भावनापरपर्यायमभ्यासाख्यं प्रमाणान्तरमाश्रयितव्यम्। एवं षड्जर्षभगान्धारधैवतादिभेदः प्रत्यक्षप्रमाणविषयोऽपि अभ्यासरहितः प्रणिहितमनोभिरपि अभियुक्तैरधिगन्तुमशक्यतया गान्धर्वशास्त्रपूर्वकेण प्रत्यक्षव्यतिरिक्तेनाभ्यासाख्यप्रमाणेन संवेद्य इत्यास्थेयम्। तमिमं 'श्वो मे भ्राताऽऽगन्तेति हृदयं मे कथयति' इतिकन्यकाज्ञानमिव लौकिकमार्षमित्याचक्षते। स्पष्टं चेदं प्रशस्तपादभाष्ये। शब्दोपमानयोश्च[1] व्याप्तिज्ञानाजन्यत्वान्नानुमानान्तर्भाव इति तत्त्वम्॥ ३५॥

लौकिक मणि और गिन्नी आदिके मूल्यके तारतम्यका ज्ञान जानकार स्वर्णकारोंको ही होता है। वे इसे चाहने पर भी बता नहीं सकते। क्योंकि किसी वस्तुकी विशेषताका ज्ञान तो अभ्याससे ही होता है। इस अभ्याससे होनेवाले ज्ञानको अनुमान नहीं कहा जा सकता। (क्योंकि व्याप्ति ज्ञानसे जन्य नहीं है।)

यह अभ्यास नामका ज्ञान लौकिक प्रत्यक्ष और अनुमानसे भिन्न है और लौकिक समाधिसे जन्य है। अतः यह कोई अन्य प्रमाण है॥ ३५॥

अलौकिकस्यापि आर्षज्ञानस्यागममूलकत्वोपपादनायादृष्टविशेषजन्यत्वमाख्यातुमदृष्टविशेषजन्यं पित्रादिनामलौकिकमार्षज्ञानमाह—

प्रत्यक्षमनुमानं च व्यतिक्रम्य व्यवस्थिताः।
पितृरक्षःपिशाचानां कर्मजा एव सिद्धयः॥ ३६॥

प्रत्यक्षमनुमानं च व्यतिक्रम्य व्यवस्थिताः लौकिकप्रत्यक्षानुमानागोचरत्वेन लोकप्रसिद्धाः पितृरक्षःपिशाचानां सिद्धयः कुड्यादीनामवयवविभागमन्तरैव गृहान्तःस्थितवस्तुविषयकं दर्शनमन्तर्धानादयश्च कर्मजा कर्माधीनादृष्टविशेषसिद्धा एव सन्तीत्यर्थः। एवमृषीणामपि ज्ञानं तपःसाध्यादृष्टजन्यं न प्रत्यक्षानुमानजन्यमिति भावः॥ ३६॥

और, अलौकिक जो लौकिक प्रत्यक्ष और अनुमानसे न जानने योग्य लोकमें प्रसिद्ध पितर, राक्षस और पिशाच आदिकी सिद्धियाँ (जैसे बन्द कमरेकी बात कह देना, प्रकट होना, छिप जाना आदि) कर्माधीन होती हैं।

यह दो प्रकारका आर्ष ज्ञान तपके द्वारा उत्पन्न अदृष्टसे जन्य है। अतः तर्क जन्य नहीं है॥ ३६॥

ननु आर्षज्ञानं न प्रत्यक्षमिन्द्रियाजन्यत्वान्नानुमानिकं व्याप्तिज्ञानाजन्यत्वान्नौपमानिकं सादृश्यज्ञानाजन्यत्वात् नागमिकं शब्दज्ञानाजन्यत्वादित्यप्रमाणमेव किं तदित्यत आह—

यद्यपि आर्षज्ञान इन्द्रियजन्य न होनेसे प्रत्यक्ष नहीं, व्याप्तिज्ञान जन्य न होनेसे अनुमान नहीं, सादृश्यज्ञान जन्य न होनेसे उपमान नहीं, और शब्दज्ञान जन्य न होनेसे शाब्द नहीं। तथापि—

---

१. तथा च—'तत्र सम्यग्विना व्याप्तिबोधं शब्दादिबोधतः' इति मुक्तावली।

आविर्भूतप्रकाशानामनुपप्लुतचेतसाम् ।
अतीतानागतज्ञानं प्रत्यक्षान्न विशिष्यते ॥ ३७ ॥

न उपप्लुतानि रजस्तमोभिराक्रान्तानि चेतांसि येषां तेषामनुपप्लुतचेतसाम् तपसा क्षीणकल्मषाणाम् अत एव आविर्भूत आवरणरहितः प्रकाशो ज्ञानं येषां ते तेषाम् आविर्भूतप्रकाशानां निरावरणख्यातीनां योगिनाम् यत् अतीतानागतज्ञानं जायते तत् प्रत्यक्षात् अस्मदादिप्रत्यक्षात् न विशिष्यते न भिद्यते न विलक्षणमिति यावत् ॥ यदपि लौकिकमार्षं तदपि आगमसहकृतयत्नपूर्वकप्रत्यक्षाभ्यासजन्यतया प्रयत्नपूर्वकमञ्जनादिना दृश्यद्रष्टॄणां सिद्धानां ज्ञानमिव उपनेत्रसहकृतचाक्षुषमिव च प्रत्यक्षमेवेति ध्येयम् । यथा लोकः स्वमुखमपश्यन्नपि स्वच्छदर्पणे प्रतिबिम्बरूपेण पश्यत्येवम् ऋषयः तपसा विशुद्धे अन्तःकरणे अस्मदादिभिरग्राह्यमपि वस्तु अव्यभिचरितं पश्यन्ति तच्च ज्ञानं योगजप्रत्यक्षजन्यं न लौकिकप्रत्यक्षजन्यमनुमानजन्यं वा येन लौकिकप्रत्यक्षानुमानयोरसंभवाल्लोकानां तत्राविश्वासो भवेदिति भावः ॥ ३७ ॥

जिनके चित्त रजोगुण और तमोगुणसे अभिभूत नहीं है। जिन्हें प्रकाश (ज्ञान) हो गया है उन महर्षियोंको जो भूत और भविष्यत्का ज्ञान होता है। वह भी हम लोगोंके प्रत्यक्षकी ही भाँति प्रत्यक्ष है ॥ ३७ ॥

नन्विन्द्रियासम्बद्धविषयकम् ऋषीनां ज्ञानं कथं प्रत्यक्षम् कुतो वा 'आर्षं ज्ञानं मिथ्या इन्द्रियासम्बद्धविषयकत्वे सति प्रत्यक्षत्वाच्छुक्तिरजतवदिति' इत्यनुमानेन न बाध्यते इत्यत आह—

यद्यपि महर्षियोंका यह प्रत्यक्षज्ञान इन्द्रियजन्य नहीं है। तथापि 'आर्षज्ञानं मिथ्या इन्द्रियासम्बद्धविषयकत्वे सति प्रत्यक्षत्वात्' इस अनुमानसे बाधित नहीं होता । क्योंकि—

अतीन्द्रियानसंवेद्यान्पश्यन्त्यार्षेण चक्षुषा ।
ये भावान् वचनं तेषां नानुमानेन बाध्यते ॥ ३८ ॥

इन्द्रियमतिक्रान्ता अतीन्द्रियास्तान् अतीन्द्रियान्—इन्द्रियैरग्राह्यान् अत एव असंवेद्यान् प्रत्यक्षपूर्वकैरनुमानादिभिरपि अग्राह्यान् भावान् अन्तर्यामिणं, चतुर्विधपरमाणून्, अविवृत्तं शब्दब्रह्म, देवताः, कर्मणां फलप्रदसंस्कारम् फलजननशक्तिवैकल्यं सहायान्तरप्रतिबोधितशक्तेः फलदानाभिमुख्यम्, आतिवाहिकं[१] शरीरम्, इत्येवमादीन् ये ऋषयः आर्षेण व्यावहारिकादन्येन अलौकिकसमाधिरूपतपोलब्धेन चक्षुषा चक्षुः सदृशेन योगजधर्मेण पश्यन्ति तेषां वचनम् अनुमानेन अव्यवस्थितेन अतीन्द्रियार्थे प्रवर्तितुमशक्तेन च न बाध्यते इत्यर्थः ॥ लौकिकप्रत्यक्षे विषयेन्द्रियसम्बन्धस्य कारणत्वेपि योगजप्रत्यक्षे तस्याकारणत्वेन आर्षज्ञानस्य

१. इह मृतस्य देशान्तरे शरीरान्तरग्रहणाय यदन्तरा भवं शरीरं तद्देशमतिवाहयति इत्यातिवाहिकम् ॥

प्रत्यक्षत्वे बाधकाभावः प्रत्यक्षपूर्वकस्यानुमानस्यातीन्द्रियार्थे अप्रवृत्त्या अनुमानाबाध्यत्वं चेति भावः ॥ ३८ ॥

जो इन्द्रियोंसे गृहीत नहीं हो सकते और जो प्रत्यक्षमूलक अनुमानसे भी अग्राह्य हैं। वे भाव (पदार्थ जैसे भगवान्, परमाणु, शब्दब्रह्म, देवता आदि) जिन्हें महर्षियोंने आर्ष (अलौकिक समाधि रूप तपसे प्राप्त) नेत्र (नेत्र सदृश योगसे उत्पन्न धर्म) के द्वारा देखा है। उनके वचन अव्यवस्थित अनुमानसे बाधित नहीं हो सकते ॥ ३८ ॥

यद्यपि ऋषीणां वचनमनुमानेन न बाध्यते तथापि तद्वचनात् ये प्रवर्तन्ते तेषां निवृत्तिः शक्या कर्तुम्, अनुमानेन तद्वचनप्रामाण्ये संशयोत्पादादत आह—

और इन वचनोंको प्रमाण मानकर जो कार्यरत हैं उन्हें रोका भी नहीं जा सकता। क्योंकि—

योो यस्य स्वमिव ज्ञानं दर्शनं नातिशङ्कते ।
स्थितं प्रत्यक्षपक्षे तं कथमन्यो निवर्तयेत् ॥ ३९ ॥

यः परिग्रहीता यस्य योगिनः दर्शनं स्वं ज्ञानमिव नातिशङ्कते न व्यभिचारशङ्कां याति प्रत्यक्षपक्षे स्थितं योगिनां वचनं स्वं प्रत्यक्षमिव मन्यमानम् तम् अन्यः तर्कशरणः कथं निवर्तयेत् तदीयानुमानेषु तस्यानाश्वासादिति भावः ॥ ३९ ॥

जो व्यक्ति जिस योगीके प्रत्यक्षको अपना प्रत्यक्ष मान बैठा है। उसे दूसरा व्यक्ति तर्कके द्वारा अपनी ओर कैसे खींच सकता है। क्योंकि उसे उसके तर्क पर विश्वास ही नहीं है ॥ ३९ ॥

इह कृतानां कर्मणां देहादूर्ध्वम् इष्टानिष्टफलप्राप्तिर्भविष्यतीति ऋषिवचनानुसारिणामाप्तानां वचनबलादेव सर्वैर्मनुष्यैः शास्त्रोपदेशं विना ब्राह्मणत्वादिजातिरिव निस्सन्दिग्धं मन्यते तथैवानुगम्यते चेत्याह—

इदं पुण्यमिदं पापमित्येतस्मिन्पदद्वये ।
आचण्डालं मनुष्याणामल्पं शास्त्रप्रयोजनम् ॥ ४० ॥

चण्डालेभ्य आ इति आचण्डालं चण्डालपर्यन्तं मनुष्याणाम् इदं पापं इदं पुण्यम् इत्येतस्मिन्पदद्वये शास्त्रप्रयोजनम् अल्पम् इति सम्बन्धः ॥ एतादृशीं ख्यातिं प्राप्तमृषीणां वचनं यत् पामरा अपि जनाः शास्त्रमनधीत्यापि ऋषिवचनानुसार्याप्तवचनविश्वासादेव पुण्यं पापं च जानन्तीति ततः कथं केनापि ऋषिवचनानुसारिणः निवर्तयितुं शक्या इति भावः ॥ ४० ॥

यही कारण है कि—ब्राह्मणसे लेकर चाण्डाल तक जितने मनुष्य हैं। वे सब 'यह पुण्य है' और 'यह पाप है' (यह ऋषियोंके वचनोंसे ही जान लेते हैं और विश्वास करते हैं।) अतः उनके लिए शास्त्रका प्रयोजन अल्प ही है।

तात्पर्य यह है कि आर्षज्ञान तर्ककी सहायताके विना स्वयं प्रमाण है। क्योंकि वह आगममूलक है ॥ ४० ॥

ननु द्विविधमपि आर्षं प्रत्यक्षं यद्यपि लौकिकप्रत्यक्षानुमानागमेभ्योऽतिरिक्तं तथापि आगमसहकृतप्रत्यक्षजन्यतया आगमोदीरिततपोनुष्ठानजन्यादृष्टजन्यतया च आगममूलकमेव तत्। अत एवोक्तम् 'ऋषीणामपि यज्ज्ञानं तदप्यागमपूर्वकम्' इति। एवं च आगमः स्वप्रामाण्याय तर्कमपेक्षत इति तर्कापेक्षया दुर्बल इति तन्मूलकस्य आर्षज्ञानस्य सुतरां दौर्बल्यमिति शङ्कामपनुदन् आगमस्य स्वतः प्रमाणत्वेन तर्कानपेक्षणात् तर्काबाध्यत्वमाह—यद्वा एवमार्षज्ञानस्यादृष्टविशेषजन्यत्वे उपपादिते अदृष्टस्यागमवेद्यतया तज्जन्यमार्षं ज्ञानमागममूलकमिति सिद्धमिति सांप्रतमागमस्य सर्वतो बलवत्त्वाय स्वतः प्रमाणतामाह—

इसी तरह आगमोंका प्रामाण्य भी तर्कके अधीन नहीं है। किन्तु आगम तर्ककी अपेक्षा प्रबल और स्वतः प्रमाण है।

चैतन्यमिव यश्चायमविच्छेदेन वर्तते।
आगमस्तमुपासीनो हेतुवादैर्न बाध्यते॥ ४१॥

अविच्छेदेन–स्वतः, स्वप्रकाशतया वर्तमानं **चैतन्यमिव यश्चायं** श्रुतिलक्षणः **आगमः अविच्छेदेन** विच्छेदोऽप्रामाण्यम् अविच्छेदः प्रामाण्यम् तेन स्वतः प्रमाणतया **वर्तते तम्** स्वतः प्रमाणमागमम् **उपासीनः** आगमानुरोधेन प्रवर्तमानः **हेतुवादैः** तार्किकवादैः, **न बाध्यते** न्याय्यात्पथो न विचाल्यते इत्यर्थः॥

जैसे अविच्छेद रूपसे (स्वयं प्रकाश) चैतन्य वर्तमान है। वैसे यह वेदरूपी आगम भी अविच्छेदरूपसे (स्वतः प्रामाण्यसे) युक्त है। ऐसे स्वतःप्रमाण आगमों पर विश्वास करनेवाले लोग तर्कवादसे विचलित होकर आगमसे विश्वास नहीं खो बैठते।

एतदुक्तं भवति यथा विज्ञाने जाते कश्चिदपि जानामि नवेति न संदिग्धे न जानामीति वा न विपर्यस्यति अतः विज्ञानं स्वप्रकाशमास्थीयते इति न तत्प्रकाशायानुव्यवसायो[1] ज्ञाततालिङ्गकानुमितिर्वापेक्ष्यते एवं आगमेऽपि कश्चिदपि 'आगमः प्रमाणं न वे'ति न संदिग्धे 'न प्रमाणमि'ति वा न विपर्यस्यति अतः आगमः स्वतः प्रमाणमित्यास्थीयते इति न तत्प्रामाण्याय तर्कादिकमपेक्ष्यते इति आगमोऽनपेक्षतया तर्कादिभ्यो बलवानिति तर्काबाध्य इति॥

यद्वा चैतन्यमिव यथा कश्चिदपि अहमस्मीति प्रत्ययानुगते अनादिचैतन्यरूपे आत्मनि 'अहं वा नाहं वा' इति न संदिग्धे न च 'नाहमेव' इति विपर्यस्यति तथा **योऽयं** श्रुतिस्मृतिलक्षणः **आगमः अविच्छेदेन** अनादिशिष्टपरम्परया **वर्तते** प्रमाणमेवेति स्वीक्रियते न च तत्र कश्चिदपि 'प्रमाणं न वा' इति सन्दिग्धे न च 'अप्रमाणमेव' इति विपर्यस्यति किं बहुना येऽपि भिन्नाः प्रवादिनस्तेऽपि कार्याकार्य-

१. मुरारिमिश्राणां मते ज्ञानमनुव्यवसायेन गृह्यते। भट्टानां मते ज्ञानमतीन्द्रियं ज्ञानजन्या ज्ञातता प्रत्यक्षा तया ज्ञानमनुमीयते। वेदान्तिनस्तु ज्ञानं स्वप्रकाशमातिष्ठन्ते तन्मतेनेदमिति-ध्येयम्।

भक्ष्याभक्ष्यागम्यागम्यादिषु अहिंसादयादानब्रह्मचर्यतपःसत्यवदनप्रभृतिषु च यमागममुपजीव्यैव प्रवर्तन्ते न हि तेषां कार्याकार्यादिनिर्णयः स्वागममूलः स्वागमस्य अतीन्द्रियार्थादर्शिपुरुषबुद्धिप्रभवत्वेनाप्रमाणत्वात् तं सर्ववादिभिरुपसेवितमागमम्, उपासीनः आश्रितः हेतुवादैः तार्किकवादैः न बाध्यते न न्यायमार्गात्पथो विचाल्यत इत्यर्थः ॥

अथवा—जैसे 'मैं हूँ' इस ज्ञानके बाद 'यह मैं हूँ या नहीं' यह सन्देह नहीं होता और 'मैं नहीं हूँ' इस तरह उलटा ज्ञान भी नहीं होता। वैसे यह श्रुतिस्मृतिरूपी आगम अनादि परम्परासे प्रमाणरूपमें स्वीकृत हैं और इसके प्रामाण्यके बारेमें न तो किसीको सन्देह है और न तो अप्रामाण्यरूप उलटा ज्ञान ही है। इस तरह सब लोगोंके द्वारा स्वीकृत आगमपर विश्वास करनेवाले लोग तार्किकवादोंके द्वारा न्यायमार्गसे विचलित भी नहीं किए जा सकते हैं।

तात्पर्य यह हैं कि आगम भी तर्कसे प्रबल है ॥ ४१ ॥

स्पष्टीकृतश्चायमर्थो न्यायमञ्जर्याम् तद्यथा—'चातुर्वर्ण्यचातुराश्रम्यरूपश्चैष महाजनो वेदपथप्रवृत्तः आगमान्तरवादिभिरप्यप्रत्याख्येय एव। तथा चैते बौद्धादयोऽपि दुरात्मानो वेदप्रमाण्यनियमिता एव चाण्डालादिस्पर्शं परिहरन्ति निरस्ते हि जातिवादावलेपे क्व चाण्डालादिस्पर्शे दोषः······ईदृशश्चायमनन्यसामान्यविभवो महाभागो वेदनामा ग्रन्थराशिः यदन्ये बाह्यागमवादिन एवमेनं स्पर्धन्ते ते स्वागमप्रामाण्यमभिवदन्तो वेदरीत्याभिदधति। वेदे यथा तथा प्रवेष्टुमीहन्ते वैदिकानर्थामन्तरान्तरा स्वागमेषु निबध्नन्ति वेदस्पर्शपूतमिवात्मानं मन्यन्ते तेषामप्यन्तर्हृदये ज्वलतीव (वेद) प्रामाण्यम्' इति ॥ ४१ ॥

तदेवमागमस्य तर्काद्बलवत्त्वमुक्त्वा आगमानपेक्षादनुमानाद्धर्माधर्मादिविषये प्रवर्तमानस्य दण्डमाह—

और धर्म-अधर्मका निर्णय भी केवल अनुमान के बलपर नहीं हो सकता। क्योंकि—

हस्तस्पर्शादिवान्धेन विषमे पथि धावता।
अनुमानप्रधानेन विनिपातो न दुर्लभः ॥ ४२ ॥

विषमे दुर्गमे पथि गिरिमार्गे चक्षुष्मन्तं नेतारमन्तरेण हस्तस्पर्शात् कञ्चिन्मार्गैकदेशं हस्तस्पर्शेनावगम्य तत्प्रत्ययादपरमपि मार्गैकदेशं धावता त्वरया गच्छता अन्धेन इव विषमे प्रत्यक्षानुमानाभ्यामसंवेद्ये पथि दृष्टादृष्टफले कर्मणि आगमं नेतारमन्तरेण एकदेशं केवलेनानुमानेन प्रतीत्य स्थालीपुलाकन्यायेन एकदेशान्तरमपि तत्प्रत्ययात् धावता त्वरया आगममनपेक्ष्य प्रवर्तमानेन अनुमानं प्रधानं यस्य तेन अनुमानप्रधानेन विनिपातः पतनम् अपरत्र प्रत्यवायः न दुर्लभः अवश्यम्भावीत्यर्थः ॥ ४२ ॥

जैसे विषम (दुर्गम) मार्गमें किसी आँखवालेकी सहायताके बिना केवल हाथसे छूकर सर्वत्र समतल भूमिका अनुमानकर अन्धा व्यक्ति दौड़ता है और बिना गिरे नहीं बचता। वैसे अनुमान और प्रत्यक्ष प्रमाणोंसे न जानने योग्य दृष्ट और अदृष्ट फल देनेवाले कर्ममें आगमरूपी

सहायकके विना अनुमानके आधार पर कार्य करनेवाले व्यक्तिका पतन दुर्लभ नहीं है ॥ ४२॥

'न चागमादृते' इत्यारभ्य एतावता प्रबन्धेन धर्माधर्मयोस्तर्कागम्यत्वमार्ष ज्ञानस्य च आगमपूर्वकत्वमुपपाद्य धर्माधर्मयोरागमैकवेद्यत्वमुपसंहरति—

तस्मादकृतकं शास्त्रं स्मृतिं च सनिबन्धनाम् ।
आश्रित्यारभ्यते शिष्टैः शब्दानामनुशासनम् ॥ ४३ ॥

तस्मात् तर्कस्याव्यवस्थितत्वेन आर्षज्ञानस्य चागमपूर्वकत्वेन धर्माधर्मयोरागमैकवेद्यत्वात् अकृतकम् अपौरुषेयं शास्त्रं पुरुषहितोपदेशाय प्रवृत्तमाम्नायं निबध्यतेऽनेनेति निबन्धनं मूलं तेन सहितां सनिबन्धनां शिष्टपरम्पराचरणानुगृहीतां 'पृषोदरादीनि यथोपदिष्टम्' इत्यादिरूपां स्मृतिं च आश्रित्य प्रमाणीकृत्य शिष्टैः पाणिन्यादिभिः शब्दानामनुशासनमारभ्यते क्रियते इत्यर्थः ॥

अयं भावः शब्दानुशासनमारभमाणाः पाणिन्यादयः अनादिप्रवृत्तं व्याकरणागममुपजीव्यैवारभन्ते अत एव शाकल्यस्य शाकटायनस्य इति पूर्वागमस्मर्तॄन् स्मरन्ति तेऽपि हि स्वपूर्वान् स्मर्तॄन् इति अनादिप्रवृत्तव्याकरणागमूलभूतश्रुतिमूलक एव साध्वसाधुप्रविभाग इति 'तस्मान्निबध्यते पूर्वैः साधुत्वविषया स्मृतिः' इति यदुक्तं तदुपपन्नमिति ॥ ४३ ॥

इसीलिए अपौरुषेय शास्त्र और शिष्टाचार परम्परासे स्वीकृत स्मृतियोंको प्रमाण मानकर पाणिनि, कात्यायन और पतञ्जलि आदि शिष्टमहर्षियोंने शब्दानुशासन (व्याकरण-शास्त्र) का निर्माण किया है ॥ ४३ ॥

(वाक्यपदीयकी इस कारिका तक व्याकरणशास्त्रके निर्माणका प्रयोजन कहा गया है और 'अथशब्दानुशासनम्' वाक्य की यह विस्तृत व्याख्या है। अब वाक्यपदीय ग्रन्थका आरम्भ विषयकी दृष्टिसे किया जा रहा है।)

लोके नदीघोषतन्त्रीशब्दकाकवाशितादौ, व्यवहर्तृषु, पदार्थबोधकत्वेन प्रसिद्धे श्रोत्रेन्द्रियग्राह्ये ध्वनौ च शब्दशब्दप्रयोगात् शब्दशब्दस्य सामान्यशब्दतया प्रकरणादिकं विना विशेषेऽवस्थानासम्भवेन शब्दानुशासनेऽस्मिन् शास्त्रे नदीघोषादीनामप्यनुशासनप्रसङ्ग इति इदानीमनुशासनकर्मीभूतं तपरसूत्रभाष्यादावुक्तं ध्वनिव्यङ्ग्यं शब्दविशेषमभिधातुमाह—

यद्यपि नदीकी हरहराहट, वीणाका नाद और कौवे की काँव काँव भी शब्द ही कही जाती है। तथापि इस व्याकरण शास्त्रमें हम उन शब्दोंका अनुशासन (साधुत्व) बतायेंगे—

द्वावुपादानशब्देषु शब्दौ शब्दविदो विदुः ।
एको निमित्तं शब्दानामपरोऽर्थे प्रयुज्यते ॥ ४४ ॥

उपादीयते स्वरूपेऽध्यारोप्यते अर्थरूपतां विहाय स्वरूपमिव आपाद्यतेऽर्थो येन स उपादानः वाचकः शब्दस्तस्यार्थरूपेण रज्जोः सर्परूपेणेव विवर्तनाद्रज्जुरिव सर्पस्य अर्थस्य विवर्तोपादानं शब्दः शब्दार्थयोः कार्यकारणभावादेव योऽर्थः स शब्दः य

शब्दः सोऽर्थं इति शब्दार्थयोस्तदात्म्यमिति ध्येयम्। ननु अग्नेर्ढगित्यादौ वाच्य-वाचकयोरुभयोरपि एकरूपतया नार्थरूपस्य शब्दे आरोप इति न तत्राग्निशब्दोऽग्नि-शब्दस्य विवर्तोपादानमिति तस्य उपादानशब्दपदेन ग्रहणं न स्यादिति चेदुच्यते द्वयोः शब्दयोर्भेदमारोप्य संज्ञासंज्ञिभावस्येव उपादानोपादेयभावस्य स्वीकार इत्य-दोषात्। यद्वा उपादीयतेऽर्थो बोध्यतेऽनेनेति व्युत्पत्त्या उपादानशब्दोऽत्र बोधकपर एव न विवर्तोपादानपर इति न क्षतिः इति॥

तथा च उपादानशब्देषु वाचकशब्देषु उच्चारणेन प्रकाशनीयेषु द्वौ शब्दौ व्यङ्ग्यव्यञ्जकरूपौ लक्ष्येते इति शब्दविदो वैयाकरणाः विदुः। शब्दद्वयाङ्गीकारे किंमानमिति चेत् शब्दस्वरूपावधारणरूपम् अर्थावधारणरूपं च कार्यद्वयमेव तदङ्गी-कारे मानमित्याह—एक इति। एकः स्फोटस्य (यत्र निलीय स्थिताः येनानु-गृहीताः श्रूयमाणाः पर्यायाः शब्दाः अर्थं प्रतिपद्यन्ते सः) शब्दानां वैखरीरूपाणां निमित्तम्। अयं भावः—श्रूयमाणशब्दानां न वाचकत्वं किन्तु तदभिव्यङ्ग्यस्फोट-स्यैवेति स्फोटव्यञ्जकत्वादेव अर्थविवक्षया प्रयोक्ता शब्दान् वैखरीरूपान् प्रयुङ्क्ते इति स्फोटः एषां शब्दानां निमित्तमध्ययनेन वसतीत्यादौ फलस्यापि हेतुत्वदर्शनादिति, अपरः स्थानवाय्वभिघातरूपात्करणव्यापारात् श्रोत्रानुपाती वैखरीरूपः अर्थे प्रयुज्यते अर्थबोधेच्छया स्फोटप्रकाशनाय उच्चार्यते। यद्वा एकः करणव्या-पाराद्युपजातक्रमः वैखरीरूपः श्रोतृबुद्धिस्थस्य अक्रमस्य प्रत्यायकस्य निमित्तम् तदुपायत्वात्तस्य, अपरः श्रोतृबुद्धिस्थः अक्रमः स्फोटः अर्थे अर्थबोधाय प्रयुज्यते, उपस्थाप्यते तत्रैव प्रत्याय्यप्रत्यायकशक्तेरवस्थानादित्यर्थः॥

जो उपादान (वाचक) शब्द वैय्याकरणोंके द्वारा व्यङ्ग्य और व्यञ्जकके रूपमें माना गया है। जिसमें एक स्फोट रूपी शब्द जो वैखरीका निमित्त (कारण) है और दूसरा वैखरी रूपी शब्द जो अर्थबोधकी इच्छासे उच्चारित होता है।

अथवा जो उपादान (वाचक) शब्द वैय्याकरणोंके द्वारा व्यङ्ग्य और व्यञ्जकके रूपमें माना गया है। जिसमें एक (वैखरी रूप) स्फोटका निमित्त है और दूसरा वह है जो श्रोताओंकी बुद्धिमें स्थित अक्रम स्फोट है और अर्थबोधके लिए उपस्थित होता है।

यदाहुः सङ्ग्रहकाराः—

अविभक्तो विभक्तेभ्यो जायतेऽर्थस्य वाचकः।
शब्दस्तत्रार्थरूपात्मा सम्भेदमुपगच्छति॥

अविभक्तोऽक्रमः श्रोतृबुद्धिस्थः विभक्तेभ्यः क्रमवद्भ्यो वर्णेभ्यः वैखरीरूपेभ्य. अभिव्यक्तः अर्थस्य वाचको जायते तत्र बुद्धौ अर्थरूपात्मा शब्दः सम्भेदं तादात्म्य-मुपगच्छति बौद्धशब्दार्थयोस्तादात्म्यमिति बौद्धेनैव शब्देनार्थप्रतीतिरिति भावः।

एतदेव तपरसूत्रे भाष्ये उक्तम्—

ध्वनिः स्फोटश्च शब्दानां ध्वनिस्तु खलु लक्ष्यते।
अल्पो महांश्च केषाञ्चिदुभयं तत्स्वभावतः॥

अत्र **कैयटः** 'ध्वनिः स्फोटश्च व्यङ्ग्यो व्यञ्जकश्च स्त इति शेषः, शब्दानां व्यङ्ग्यानां सम्बन्धी व्यञ्जको यो ध्वनिः स एव महानल्पश्च लक्ष्यते व्यङ्ग्यस्व-भिन्नकाल एव, उभयं—व्यङ्ग्यो व्यञ्जकश्च प्रमाणेन स्वभावतः—स्वरूपेण सिद्धौ केषांचित् व्यक्तानामुभयं गृह्यते अव्यक्तानां तु ध्वनिरेव' इति । एतदेव 'एवं तर्हि स्फोटः शब्दः ध्वनिः शब्दगुण' इति भाष्येणाप्युक्तम् 'शब्दगुणः—उपकारको व्यञ्जकत्वेनेत्यर्थः इति **कैयटः** । ध्वनिः—वर्णा वैकृतध्वनिश्च, वैकृतध्वनेरप्युपलब्धिपौनःपुन्यकारणत्वात् व्यञ्जकत्वम् 'व्यञ्जकत्वेनेति—स्फोटोपलब्धिप्रतिबन्धकस्तिमितवाय्वपसारणद्वारा स्वधर्मरूपिततदुपलब्धिहेतुत्वेनेत्यर्थः' इत्युद्योतः । ध्वनिपदेन वैखरी, स्फोटपदेनाभिव्यक्तकत्वादिक आन्तरः शब्दः । ध्वनिस्तु इत्यस्य वैकृतध्वनिस्तु इत्यर्थः ।

ये दोनों अर्थ परस्पर भिन्न नहीं हैं । **प्रथम अर्थमें** अक्रम स्फोट निमित्त और सक्रम वैखरी प्रतिपादक माना गया है । इनका अभिप्राय प्रयोक्ता से है । क्योंकि वक्ताकी बुद्धिमें स्थित अक्रम स्फोट है । वह जब बोलता है तो अक्रम स्फोटसे वैखरी रूपी सक्रम स्फोट उत्पन्न करता है ।

दूसरा मत वैखरीको निमित्त और अक्रम (स्फोट) को प्रतिपादक मानता है । इसका अभिप्राय श्रोतासे है । क्योंकि श्रोता पहले वैखरी वाणीसे शब्द सुनता है फिर बुद्धिमें अक्रम स्फोटसे वही अर्थरूपमें समझता है । तात्पर्य यही है कि जिससे प्रथम ज्ञान उत्पन्न होता है वह निमित्त है और जिससे बादमें ज्ञान होता है वह प्रतिपादक है । वक्ता पहले मनमें सोचकर बोलता है इसलिए प्रथम अर्थ उसके पक्षमें है । श्रोता सुनकर समझता है अतः दूसरा अर्थ उसके पक्षमें है ॥ ४४ ॥

व्यङ्ग्यव्यञ्जकशब्दयोर्भेदमाह—

इस प्रकार स्फोट व्यङ्ग्य और वैखरी व्यञ्जक सिद्ध होती है । व्यङ्ग्य और व्यञ्जक शब्दोंके भेदके बारेमें विद्वानोंके दो मत हैं ।

आत्मभेदस्तयोः केचिदस्तीत्याहुः पुराणगाः ।
बुद्धिभेदादभिन्नस्य भेदमेके प्रचक्षते ॥ ४५ ॥

केचित् कार्यकारणयोर्भेदवादिनः[1] **पुराणगाः** पूर्वे स्मर्तारः **तयोः** निमित्तप्रतिपादकयोः स्फोटवैखर्योः **आत्मभेदः** स्वभावान्यत्वं भेद इति यावत् **अस्तीत्याहुः** । **एके** कार्यकारणयोरभेदवादिनः[2] **अभिन्नस्य** एकस्यैव शब्दस्य **बुद्धिभेदात्** स्फोटः मनोग्राह्यः वैखरी श्रोत्रग्राह्या इत्येवंरूपात् **भेदं** नानात्वं **प्रचक्षते** कथयन्त इत्यर्थः ॥ ४५ ॥

उनमें एक कार्यकारणमें भेद माननेवाले प्राचीन लोग हैं । जो स्फोट और वैखरीमें स्वभावभेद होनेसे भेद मानते हैं । और दूसरे कार्य और कारणमें अभेद माननेवाले हैं । वे एकही स्फोटके बुद्धि-भेद होनेके कारण भेद मानते हैं ।

१. कपालेन जलाहरणादिरूपकार्यस्यासंभवः घटेन तस्य संभवश्च तयोर्भेदे बीजम् ।
२. मृद्धट इति समानाधिकरण्येन प्रतीतिस्तयोरभेदे बीजम् ।

जो भेद वादी हैं वे घटके कारण कपालमें पानी भरनेकी शक्ति न रहने परभी कार्य घटमें उस शक्तिको देखकर कार्यकारणमें परस्पर भेद मानते हैं। और इसे स्वाभाविक भेद कहते हैं। और जो अभेद वादी हैं वे 'मिट्टी का घड़ा' इस वाक्यमें मिट्टी और घड़े में भेद नहीं मानते। इनके मतसे एकही शब्द बुद्धि भेदसे भिन्न भिन्न माना गया है। जैसे मनोग्राह्य स्फोट और श्रोत्रग्राह्य वैखरी ॥ ४५ ॥

'तत्रैको निमित्तं शब्दानाम्' इति यः स्फोटवैखर्योः कार्यकारणभाव उक्तस्त-मुपपादयति—

स्फोट और वैखरीके अभेद पक्षमें भी कार्यकारण भाव बना रहता है।

अरणिस्थं यथा ज्योतिः प्रकाशान्तरकारणम्।
तद्वच्छब्दोऽपि बुद्धिस्थः श्रुतीनां कारणं पृथक् ॥ ४६ ॥

अरणिस्थं निघर्षणात्प्राक् काष्ठान्तः स्थितं अविवृत्तं **ज्योतिः यथा** विवर्त-काले **प्रकाशान्तरकारणं** प्रकाशान्तरस्य उद्बुद्धस्य वह्नेः कारणमुपादानं भवति **तद्वत्** तथा **बुद्धिस्थः** बुद्धिरन्तःकरणं तत्र भिन्नशब्दबीजरूपेणावस्थितः तदवच्छि-न्नहृदयाकाशदेशस्थ इत्यर्थः, हृदयदेशो बुद्धिविषयीकृत इति यावत्। 'तेनाकाशदेशः शब्द' इति भाष्येण न विरोधः। **शब्दः** अविवृत्तः अक्रमः स्फोटो**ऽपि** अर्थबोध-नेच्छया स्थानकरणाद्यनुगृहीतः विवर्तकाले पौर्वापर्यवानुपलभ्यमानः **पृथक्** भिन्नानां श्रूयन्त इति श्रुतयस्तासां **श्रुतीनां** भिन्नभिन्नघटपटादिशब्दानां **कारणं** भवति इत्यर्थः॥

जैसे अरणि (काष्ठ) में रहनेवाली ज्योति (अग्नि) जब मथनके बाद प्रकट होती है। तब दाहक अग्निका कारण हो जाती है। वैसे बुद्धि (अन्तःकरण) में स्थित शब्द (अक्रम स्फोट) भी अर्थबोधकी इच्छासे क्रमसे प्रकट होकर भिन्न भिन्न श्रुतियों (शब्दों) का कारण माना जाता है।

अयं भावः यथा बीजावस्थमविवृत्तं ज्योतिरुत्तरेण प्रकाशात्मनाऽभिज्वलितं स्वरूपपररूपप्रतिपत्तिकारणं भवति एवं वक्तृबुद्धिस्थः स्फोटः वक्तृप्रयत्नाभिव्यङ्ग्य-ध्वनिरूपरूपितः परश्रवणगोचरो भवति स च परेण श्रुतः तद्बुद्धिस्थं स्फोटमभि-व्यनक्ति ततोऽर्थबोध इति व्यञ्जकध्वनिभेदानुपातेन पौर्वापर्यवानुपलभ्यमानः स्फोटः स्वरूपपररूपयोः प्रकाशको भवति इति प्रकाश्यप्रकाशभावमूलक एव वैखरी-स्फोटयोः कार्यकारणभाव इति ॥ ४६ ॥

अरणीमें आग बीजरूपमें है। वह मन्थनके बाद प्रकट होकर प्रकाशक आग बन जाती है और प्रकाश करती है। इसी तरह वक्ताकी बुद्धिमें वक्ताके प्रयत्नसे ध्वनि बनता है और श्रोताके कानों तक पहुँचकर उसकी बुद्धिमें स्थित स्फोटको अभिव्यक्त करता है तब अर्थज्ञान होता है। इस लिए स्फोट ही अपना और वैखरीका प्रकाशक है ॥ ४६ ॥

स्फोटस्य बुद्धिस्थत्वं ध्वनिव्यङ्ग्यत्वं चोपपादयन् तस्यैकत्वेऽपि घटध्वन्दभिव्य-क्तिकाले न पटबोधकत्वमित्याह—

यह एक, बुद्धिस्थ और ध्वनिव्यङ्ग्य स्फोट एक ध्वनिसे दूसरी ध्वनिका बोधक नहीं होता। क्योंकि-

वितर्कितः पुरा बुद्ध्या क्वचिदर्थे निवेशितः ।
करणेभ्यो विवृत्तेन ध्वनिना सोऽनुगृह्यते ॥ ४७ ॥

पुरा उच्चारणात् प्राक् **बुद्ध्या** अन्तःकरणवृत्त्या योऽयं शब्दः सोऽर्थो योऽर्थः स शब्दः इत्येवंरूपाध्यासात्मकसङ्केतबुद्धिरूपया **वितर्कितः** विशिष्टेन अन्यव्यावृत्तेन रूपेण विषयीकृतः **क्वचिदर्थे** यस्मिन्नर्थे यादृशध्वन्यभिव्यक्तस्य स्फोटरूपस्य शब्दस्याध्यासस्तस्मिन् **निवेशितः** तत्तादात्म्यापन्नः यः शब्दः **सः** तद्बोधनेच्छया **कारणेभ्यः** स्थानप्रयत्नेभ्यः **विवृत्तेन** सूक्ष्मे ध्वनौ कारणव्यापारेण प्रचीयमाने स्थूलेन नादात्मना प्राप्तविवर्तेन **ध्वनिना अनुगृह्यते** अविक्रियाधर्मकोऽपि विक्रियाधर्मा ध्वनिमनु ध्वनिधर्मेण कत्वगत्वादिना भासते इत्यर्थः । तथा च घटध्वन्यभिव्यक्तस्फोटस्य पटध्वन्यभिव्यक्तस्फोटाद्भेदेन न घटध्वन्यभिव्यक्तस्य तस्य पटबोधकतेति भावः ॥

उच्चारणके पहले ही बुद्धि (अन्तःकरणकी वृत्ति) से शब्द और अर्थमें अभेदाध्यास का किसी एक अर्थमें विचारा गया और उसी अर्थसे तादात्म्य प्राप्त शब्द (स्फोट) फिर बोध कराने की इच्छा से स्थान और प्रयत्नोंके द्वारा भासित होकर स्वयं अविकारी भी कत्व, गत्वरूप विकृतधर्मोंमें भासता है और घटध्वनिसे अभिव्यक्तस्फोट पटध्वनिसे अभिव्यक्तस्फोटसे भिन्न है अतः घटध्वनि पटका बोध नहीं कराता ॥ ४७ ॥

एतदुक्तं भवति–बौद्धस्य शब्दस्य बौद्धेनार्थेनाध्यासरूपात्सङ्केतात् बौद्धशब्दार्थयोस्तादात्म्यमुपगम्यते इति बौद्धे शब्दे अर्थबोधजनिका वाच्यवाचकभावरूपा शक्तिरस्तीत्यवगम्यते । तदुक्तं निरुक्तभाष्ये 'व्याप्तिमत्त्वात्तु शब्दस्य' इति प्रतीके [निरुक्तनिघण्टु १।१।२]' अभिधानाभिधेयरूपा बुद्धिर्हृदयाकाशप्रतिष्ठिता परबोधनेच्छया पुरुषेणोदीर्यमाणा कण्ठादिषु वर्णभावमापद्यमाना बाह्याकाशदेशस्थं शब्दं स्वस्वरूपं कृत्वा श्रोत्रद्वारेण स्थितां श्रोतुर्बुद्धिमनुप्रविश्य सर्वार्थसर्वाभिधानरूपां तद्बुद्धिं व्याप्नोति पुरुषप्रयत्नजा वक्त्रोद्घाताः परं विनश्यन्ति न शब्दः स च तद्बुद्ध्यक्तोऽर्थप्रत्ययं जनयति इति तत्रत्यपदत्वादिकं वक्त्रोद्घातेष्वारोपयन्ति तद्गतनाशादि च तस्मिन् पुरुषबुद्ध्यवस्थस्यैव चार्थस्य प्रत्ययमादधाति शब्दः तेनैव तस्य सम्बन्धात् इति । एवंच अध्यासः तादात्म्यग्राहकः तादात्म्यं च शक्तिग्राहकमिति । प्रयोक्ता अर्थबोधनेच्छायां सत्यां यादृशध्वन्यभिव्यक्तस्य स्फोटरूपस्य शब्दस्य यस्मिन्नर्थे तादात्म्यं गृहीतवान् तदभिव्यञ्जनाय तादृशध्वनिं करोतीति तेन च ध्वनिना स्वरूपरूपितः स शब्दः अभिव्यज्यते ततः शक्तिविषयकसंस्कारे उद्बुद्धे शाब्दबोधो भवति। यथा घटादौ मृदाद्यात्मकत्वग्रहे मृदादौ घटाद्यभिव्यक्तिशक्तिर्गृह्यते तथा शब्दे बोधात्मकघटादितादात्म्यग्रहे बोधात्मकघटाद्यभिव्यक्तिशक्तिर्गृह्यते। एवंच बौद्धशब्दज्ञानात् ध्वनेर्जननात् बौद्धशब्दस्य ध्वनिनिमित्तत्वं ध्वनेश्च तत्प्रकाशकत्वमुपपन्नम् ।

तात्पर्य यह है कि बौद्ध शब्दका बौद्ध अर्थसे अध्यासरूपी संकेतके द्वारा बौद्धशब्द और बौद्ध अर्थमें तादात्म्य मानते हैं । इस प्रकार अध्यास तादात्म्य ग्राहक और तादात्म्य शक्ति

ग्राहक है। फिर प्रयोक्ता अर्थ समझानेके लिए स्फोटरूप शब्दका जिस अर्थ में तादात्म्य गृहीत करता है उस प्रकारकी ध्वनि उसकी प्रतीतिके लिए करता है। उसी ध्वनिसे स्वरूपावस्थित शब्द अभिव्यक्त होता है और शक्तिविषयक संस्कारके उद्बुद्ध हो जाने पर शाब्दबोध होता है। जैसे घटको मिट्टीका रूप जाननेके बाद मिट्टीमें घटके अभिव्यक्ति की शक्ति मानते हैं। वैसे शब्दमें बोधात्मक घटसे तादात्म्य ग्रहण होने पर बोधात्मक घटाभिव्यक्तिशक्ति स्वीकारते हैं। इस प्रकार जब बौद्ध-शब्दके ज्ञानके लिए ध्वनि उत्पन्न हुई तब बौद्ध शब्दका ध्वनि निमित्त है और बौद्ध-शब्द ध्वनिका प्रकाशक है।

नन्वध्यासस्य सङ्केतरूपत्वे किम्मानमिति चेदुच्यते—'ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म' इत्यादि शास्त्रेषु, 'वृद्धिरादैच्' इत्यादौ व्याकरणे, 'कम्बुग्रीवादिमान् घटः' इत्यादौ लोके, 'अमरा निर्जरा देवा' इत्यादौ कोशे च योऽयं शब्दः सोर्थः योऽर्थः स शब्दः इत्येवमितरेतराध्यासरूपस्य सङ्केतस्य दर्शनमेवेति गृहाण। न च ओमित्येकाक्षरमित्यादौ तत्तच्छब्दवाच्ये लक्षणेति न तेन शब्दार्थाध्याससिद्धिरिति वाच्यम्—लक्षणायां मानाभावात्। अत एव ईदृशानाद्यभेदारोपेणैवागमिनो मन्त्रार्थयोरभेदेनोपासनामामनन्ति। मीमांसकाश्च मन्त्रमयीं देवतामाचक्षते। ईदृश एव सङ्केतो मुख्यः। क्वचित्तु भेदं परिकल्प्य अस्यार्थस्यायं वाचक इत्यपि कदाचित् सङ्केतः यथा पाणिनेः 'कर्मणि द्वितीया' 'उञः' प्रगृह्यमित्यादिः॥

तदिदं बौद्धं स्फोटाख्यं नित्यमक्रमं निरंशं शब्दतत्त्वम् अन्त्यवर्णप्रत्ययरूपव्यापारेणाभिव्यक्तं परं प्रति प्रतिपिपादयिषया वक्तृभिरुच्यमानैः श्रोतृभिः श्रूयमाणैर्वर्णैरुपरागादनादिवाग्व्यवहारवासनावशीकृतया लोकबुद्ध्या परमार्थवदन्योन्याभेदेन सङ्केतेन प्रतीयते न तु तदतिरिक्तरूपेण। यद्यपि लाक्षाद्युपाधेरपगमे स्फटिकः स्वच्छधवलोऽनुभूयते उपाधिं विनापि प्रकाशात् अस्य तूपाधिव्यतिरेकेण प्रतीत्यभावान्न केवलस्य प्रत्ययः यथा राहोश्चन्द्रव्यतिरेकेणेति॥ ४७॥

नन्वेवं स्फोटो नाना स्यादित्याशङ्क्य औपाधिकं भेदमुपपादयन् बुद्धिस्थस्य शब्दस्य स्वरूपमाह—

नादस्य क्रमजन्मत्वात् न पूर्वो नापरश्च स।
अक्रमः क्रमरूपेण भेदवानिव जायते॥ ४८॥

यद्यपि सः बुद्धिस्थः नादव्यङ्ग्यः स्फोटाख्यः शब्दः न पूर्वो नापरश्च चो हेतौ यतः पूर्वापरीभावरहितः अतः अक्रमः तथापि नादस्य स्फोटाभिव्यञ्जकध्वनेः वैखर्याः क्रमेण जन्म यस्य तत्त्वात् क्रमजन्मत्वात् ध्वनिकारणीभूतैः क्रमवद्भिः स्थानकरणाभिघातैः जायमानस्य ध्वनेरपि क्रमवत्त्वेन तद्गतेन क्रमरूपेण भेदवानिव सक्रमो भिन्न इव जायते भवति भासते इति यावत्। न तु स्वतस्तस्य वास्तवः क्रमो भेदश्चास्ति नित्यत्वैकत्वाभ्यां विरोधात्। ततश्च घटध्वन्यभिव्यक्तात्स्फोटात् घटरूपार्थस्य बोधः न तु पटरूपार्थस्य घटध्वन्यभिव्यक्तस्फोटे घटरूपार्थस्यैव तादात्म्येन तत्रैव तच्छक्तेः स्वीकारादिति भावः॥ ४८॥

(यद्यपि बुद्धिस्थ नाद व्यंग्य स्फोट रूपी शब्द) न पूर्व है और न तो अपर है किन्तु पूर्वापरीभावरहित है (अतः) अक्रम है। तथापि स्फोटको व्यक्त करनेवाले नादकी उत्पत्ति क्रमसे होती है इसीलिए स्फोट भी सक्रमकी तरह भासित होता है ॥ ४८ ॥

अन्यधर्मस्यान्यत्र भानं दृष्टान्तेनोपपादयति—

यद्यपि दूसरेका धर्म दूसरी वस्तुमें नहीं प्रतीत होना चाहिए यह कहा जा सकता है। तथापि ठीक नहीं। क्योंकि एक दूसरेके भी धर्म दूसरेमें प्रतीत होते हैं।

प्रतिबिम्बं यथान्यत्र स्थितं तोयक्रियावशात्।
तत्प्रवृत्तिमिवान्वेति स धर्मः स्फोटनादयोः ॥ ४९ ॥

यथा अन्यत्र तोये स्थितं भासमानं **प्रतिबिम्बं** चन्द्रप्रतिबिम्बं वस्तुतोऽक्रियमपि **तोयक्रियावशात् तत्प्रवृत्तिं** जलक्रियां चाञ्चल्यम**न्वेति** अनुगच्छति **स स्फोटनादयोः धर्मः** सादृश्यम् नादवर्तिनं क्रमं कत्वह्रस्वत्वदीर्घत्वादिकञ्च अतथाभूतोऽपि स्फोटोऽनुगच्छतीत्यर्थः ॥

जैसे जलमें झलकता हुआ चन्द्रमा का प्रतिबिम्ब स्वयं नहीं हिलता किन्तु जलके हिलनेसे हिलता हुआ प्रतीत होता है। वैसे नादके धर्म (सादृश्य और नादमें रहनेवाले क्रम जैसे ह्रस्वत्व, दीर्घत्व, कत्व, गत्व आदि) स्फोटके धर्म न होने पर भी स्फोटके धर्मकी तरह प्रतीत होने लगते हैं।

अयं भावः जलगतं हि चन्द्रबिम्बं जलवृद्धौ वर्धते, जलह्रासे ह्रसति, जलचलने चलति, जलभेदे भिद्यते इत्येवंधर्मानुयायि भवति न तु परमार्थतः चन्द्रस्य तथात्वम्। एवं परमार्थतोऽक्रममपि एकरूपमपि शब्दत्वं ध्वन्युपाध्यन्तर्भावात् भजत इवोपाधिधर्मान्क्रमकत्वादीनिति।

अत्र दर्शनद्वयम् चन्द्रबिम्बसन्निधाने तच्छायोपरक्तास्तोयावयवाश्चन्द्रप्रतिबिम्बमित्येकम्[1]। अत्र पक्षे तोयक्रिययैव तोयावयवाश्चन्द्रप्रतिबिम्बरूपाः क्रियावन्तोऽवभासन्ते न वस्तुतस्तोयावयवेषु क्रियास्ति तथा सति अवयवविभागपूर्वकोऽवयवविनाशः स्यात्। तोयभिन्नं चन्द्रप्रतिबिम्बमित्यपरम्। तत्र च मतद्वयम् स्वदेशस्थमेवं चन्द्रप्रतिबिम्बं जलादिस्वच्छद्रव्योपाधिसन्निधानरूपात् दोषात् उपाध्यन्तर्गतत्वेन भासते बिम्बमेव प्रतिबिम्बमित्येकम्, तीये[2] बिम्बसन्निधावनिर्वचनीयं मिथ्याभूतं चन्द्रप्रतिबिम्बं शुक्तिरजतमिवोत्पद्यते इति परम्, मतद्वयेऽपि तोयादन्यदेव प्रतिबिम्बमिति सुतरां प्रतिबिम्बमक्रियमिति बोध्यम् ॥ ४९ ॥

प्रतिबिम्ब के बारेमें दार्शनिकोंके दो मत हैं। एक मत यह है कि पानीमें चन्द्रमाकी छायासे सम्बद्ध जलके अवयव ही प्रतिबिम्ब है। इनके मतमें जलकी क्रियासे जलके अवयवरूपी चन्द्रप्रतिबिम्ब क्रियावान् मालूम पड़ते हैं। वस्तुतः जलावयवमें क्रिया नहीं है। अन्यथा जलावयवोंमें क्रिया, क्रियासे विभाग और जलका नाश ही जाता है।

१. इदं पञ्चपादिकाविवरणकर्ता मतम्।
२. इदं चाद्वैतविद्याकर्ता मतम्। मतद्वयं शास्त्रसिद्धान्तलेशे निरूपितम्।

दूसरा मत यह है कि जलसे भिन्न किन्तु अनिर्वचनीय और मिथ्या शुक्तिमें रजतकी भाँति जलमें प्रतिबिम्ब उत्पन्न होता है।

इन दोनों मतोंसे यह तो निर्विवाद सिद्ध है कि जलसे प्रतिबिम्ब भिन्न है और क्रिया रहित हैं। अतः अन्यके धर्मभी अन्यमें प्रतीत होते हैं यह सिद्ध होता है ॥ ४९ ॥

स्फोटरूपस्य शब्दस्य अर्थप्रकाशत्वमिव स्वप्रकाशत्वमाह—

यह स्फोटरूपी शब्द,

आत्मरूपं यथा ज्ञाने ज्ञेयरूपं च दृश्यते।
अर्थरूपं तथा शब्दे स्वरूपं च प्रकाशते ॥ ५० ॥

निर्विषयकस्य ज्ञानस्याऽभावात् ज्ञानं ज्ञेयपरतन्त्रमिति **यथा ज्ञाने** जाते **ज्ञेयरूपं** घटादिकं तद्विशेषणतया **आत्मरूपं** ज्ञानरूपं **च** 'ज्ञातो घट' इतिप्रतीतौ **दृश्यते**[1] प्रतीयते **तथा** अर्थबोधनेच्छया शब्दप्रयोगात् शब्दः अर्थपरतन्त्रमिति **शब्दे** श्रूयमाणे **अर्थरूपं** घटादि तद्विशेषणतया **स्वरूपं** शब्दरूपं **च** 'घटशब्दबोध्यो घटः' 'युधिष्ठिरशब्दवाच्यः कश्चिदासीत्' इति प्रतीतौ **प्रकाशते** शब्दानालिङ्गितप्रत्ययस्यानभ्युपगमादिति भावः। लोके शब्दे भुज्यादिक्रियाबाधादर्थविशेषणतया व्याकरणे तु अर्थात्परत्वस्य प्रत्यये बाधादर्थविशेष्यतया शब्दस्य भानमिति मन्तव्यम् ॥ ५० ॥

जैसे 'ज्ञातो घटः' इस प्रतीतिमें (ज्ञान में) ज्ञेयरूप (घट) और उसका विशेषण आत्मरूप (ज्ञानरूप) प्रतीत होता है। वैसे 'घटशब्द बोध्यो घटः' इस ज्ञानमें भी अर्थरूप (घटरूप) और उसका विशेषण स्वरूप (शब्दरूप) भी प्रकाशित होता है।

क्योंकि जैसे कोई भी ज्ञान निर्विषयक नहीं होता किन्तु ज्ञेयके अधीन ही रहता है वैसे शब्द भी अर्थ समझानेके लिए ही प्रयुक्त होता है और अर्थके अधीन रहता है। लोक और शास्त्रमें कुछ विशेषता रहती है। जैसे लोकमें 'भुनक्ति' इस पदमें भोजन क्रिया शब्दकी नहीं हो सकती अतः अर्थमें उसका विशेषण तथा अन्वय होता है। और व्याकरणमें अर्थ (घट) से परे प्रत्यय हो नहीं सकता अतः घट शब्दके आगे ही प्रत्यय होनेकी व्यवस्था भी है ॥ ५० ॥

यदुक्तमेको निमित्तमपरः प्रतिपादक इति तदुदाहरणेन स्पष्टयति—

वह ही निमित्त और प्रतिपादक भी है। (४४ वीं कारिकामें यह बताया गया है।) किन्तु यहाँ दो पक्ष हैं। एक तो यह है कि अक्रम निमित्त और सक्रम प्रतिपादक है। दूसरा मत यह है कि सक्रम निमित्त और अक्रम प्रतिपादक है। जिसमें प्रथम पक्ष वालोंका मत है कि—

आण्डभावमिवापन्नो यः क्रतुः शब्दसंज्ञकः।
वृत्तिस्तस्य क्रियारूपा भागशो भजते क्रमम् ॥ ५१ ॥

---

१. यदाहुः चित्सुखाचार्याः 'अनुभूतिरयंप्रकाशनसमये यदि न प्रकाशेत तथा सत्यनन्तरक्षणे जिज्ञासोस्तत्र संदेहो विपर्ययो वा विपरीतप्रमा वोदीयात्, न च कश्चित् 'अमुमाद्राक्षीन्नो वा भवान्' इति पृष्टोऽनन्तरक्षणे संदिग्धे विपर्यस्यति संविदभावं वा प्रमिणोति किन्तु निश्चिनोत्येव 'स्वमहमद्राक्षम' इति तेन प्रकाशमानैवानुभूतिरर्थव्यवहारं जनयतीति युक्तम्' इति।

यः शब्दसंज्ञकः लोके शब्द इति प्रसिद्धः बाह्यः श्रोत्रानुपाती वर्णरूपावयववान् सक्रमः शब्दः **क्रतुः** ज्ञानमिवार्थमनतिक्रामन् क्रतुसदृशः 'यत्क्रतुः पुरुषः' इत्यादौ ज्ञाने क्रतुशब्दप्रयोगात् अण्डे भवः आण्डो रसस्तस्य भावः आण्डभावः रसरूपता तम् **आण्डभावम् आपन्न इव वर्तते तस्य क्रियारूपा** आविर्भावतिरोभावरूपा **वृत्तिः क्रमशः** अवयवेषु **क्रमं भजते** इत्यर्थः ॥

जो लोगोंके कानतक क्रमसे सुनाई पड़ता है वह शब्द नामका क्रतु (ज्ञान) मयूर पक्षीके अण्डेमें स्थित कलल (रस) की तरह है। उसकी क्रियारूप (प्रकट और तिरोहित होनेवाली) वृत्ति अवयवोंमें क्रमसे प्रकट होती हैं।

एतदुक्तं भवति—यथा मयूरादयः अङ्गप्रत्यङ्गचन्द्रकादीनामुपसंहारेण लीयमानाः सूक्ष्मरूपेण तदुत्पादनशक्त्या सह रसभावमापन्ना अण्डे समवतिष्ठन्ते पुनश्च अण्डात्तथैवाविर्भवन्ति। एवं वैखरीरूपः वर्णरूपावयववान् सक्रमः शब्दः अवयवानुपसंहरन् अक्रमान्तरशब्दरूपतामापद्यमानः अन्तः करणे समवतिष्ठते पुनः अर्थबोधनेच्छायां सत्यां तत आविर्भवन् सावयवः सक्रमः आविर्भवति इति ॥

इदमत्र बोध्यम्—'द्वावुपादानशब्देषु' इति कारिकायामेकस्य निमित्तत्वमपरस्य प्रतिपादकत्वमुक्तम्। तत्र च मतद्वयम्—अक्रमो निमित्तम् सक्रमः प्रतिपादकः इत्येकम्, सक्रमो निमित्तमक्रमः प्रतिपादकः इत्यपरम्, तत्रादिमं प्रयोक्त्रभिप्रायेण-प्रयोक्ता हि स्वान्तःस्थं शब्दं बहिः प्रकाशयन् सक्रमं करोतीति बुद्धिस्थोऽक्रमः प्राग्भावित्वात् सक्रमस्य निमित्तम्। द्वितीयं तु श्रोत्रभिप्रायेण श्रोत्रा हि श्रुतेन सक्रमेण आन्तरमक्रमं पश्चाद्बुध्यते इति पूर्वभावितया सक्रमो निमित्तमक्रमस्य इति ॥ ५१ ॥

तात्पर्य यह है कि जैसे मयूरके प्रत्येक अवयवोंके गुण सूक्ष्मरूपसे रसके रूपमें अण्डेमें रहते हैं और फिर बचा बनने पर अपना रूप प्रकट कर देते हैं। वैसे ही वैखरी रूपी सक्रम शब्द अपने अवयवों को समेटकर अन्तःकरणमें अक्रमरूपसे स्थिर हो जाता है और जब अर्थको समझानेकी इच्छा होती है तब पुनः सक्रम सावयव शब्द प्रकट होता है ॥ ५१ ॥

उदाहरणान्तरमाह—

और दूसरा पक्ष है कि—

यथैकबुद्धिविषया[१] मूर्तिराक्रियते पटे।
मूर्त्यन्तरस्य त्रितयमेवं शब्देऽपि दृश्यते ॥ ५२ ॥

यथा पूर्वं सावयवा पुरुषमूर्तिरवयवक्रमेण विज्ञाता पश्चात् **एकबुद्धिविषया** एकबुद्धिविषयीकृता **मूर्त्यन्तरस्य** पुरुषस्य **मूर्तिः पटे आक्रियते** क्रमेण आकारवती क्रियते **एवं त्रितयं** पूर्वं सक्रमत्वं ततोऽक्रमत्वं पुनः सक्रमत्वं **शब्देऽपि दृश्यते** ॥

यथा पूर्वं सक्रमा तत एकबुद्धिविषयीभूता अक्रमा ततश्चित्रे सक्रमा पुरुषमूर्तिः

१. 'एकबुद्धिविषयः' इति युक्तः पाठो विषयशब्दस्य पुंस्त्वात् 'घञजपः पुंसि' इत्यस्य प्रायिकत्वे तु यथाश्रुतं साधु।

एवं बाह्यः शब्दः सक्रमस्ततोऽनुसंहारबुद्ध्या विषयीकृतः हृदयस्थः आन्तरः स्फोटः अक्रमः ततो बुबोधयिषया प्रयुक्तः सक्रमः नादरूपा वैखरी वाग् भवति इति स्फोटनादयोर्भेद इति भावः ॥ ५२ ॥

जैसे चित्रकार किसी पुरुष की मूर्त्ति बनानेके पहले क्रमसे उस व्यक्तिके प्रत्येक अवयवोंको देखता है और बुद्धिमें उसको एक व्यक्तिके रूपमें स्थिर कर लेता है किन्तु जब चित्र फलक पर चित्रका निर्माण करने लगता है तब फिर अवयवोंके क्रमसे ही मूर्त्तिका निर्माण करता है। वैसे यह तीन क्रम शब्द के विषयमें भी देखा गया है।

अर्थात् शब्द भी पहले सक्रम सुनाई पड़ता है फिर अक्रम रूपमें बुद्धिमें स्थिर होता है और बोलने की इच्छा होने पर सक्रम नादके रूपमें वैखरी वाग् प्रकट होती है। यही स्फोट और नादमें भेद है ॥ ५२ ॥

इदानीं शब्दस्य अर्थविशेषणतामाह—

हम यह बता चुके हैं कि अर्थके प्रति शब्द विशेषण हैं—

यथा प्रयोक्तुः प्राग् बुद्धिः शब्देष्वेव प्रवर्तते ।
व्यवसायो ग्रहीतॄणामेवं तेष्वेव जायते ॥ ५३ ॥

यथा प्रयोक्तुः उच्चारयितुः प्राक् पूर्वं शब्देष्वेव बुद्धिः प्रवर्तते एवं ग्रहीतॄणां श्रोतॄणां व्यवसायो बुद्धिः प्राक् पूर्वं तेष्वेव शब्देष्वेव जायते इति। यथा प्रयोक्ता अर्थबुबोधयिषया शब्दविशेषविषयकं प्रयत्नं कुर्वन् स्पृशन्निव मनः प्रणिधत्ते तथा श्रोताऽपि अर्थबुभुत्सया शब्दान् श्रोतुं यत्नं कुर्वन् मनः प्रणिधत्ते इत्यर्थः। एवञ्च यथा घटत्वज्ञानपूर्विकायां व्यक्तिबुद्धौ घटत्वं प्रकारः एवं शब्दज्ञानपूर्विकायामर्थबुद्धौ शब्दः प्रकार इति अर्थप्रकारतया घटशब्दादेः घटमानयेत्यादौ भानमिति भावः ॥ ५३ ॥

जैसे किसी शब्दके उच्चारण करनेमें उच्चारणकर्ता की बुद्धि पहले शब्दों पर ही जाती है। वैसे उन शब्दोंको सुननेवाले लोग भी पहले शब्द ही सुनते हैं।

इससे यह बात सिद्ध होती है कि जैसे किसी शब्द का प्रयोग करनेवाला व्यक्ति जब किसी अर्थका बोध कराना चाहता है तब शब्दोंका स्पर्श करता हुआ सा मनको सचेत करता है। वैसे श्रोता भी अर्थ समझनेके लिए शब्दोंके सुननेका प्रयत्न करता हुआ मनको स्थिर करता है। इसी तरह जैसे घटत्व ज्ञान पूर्वक घट व्यक्तिके ज्ञानमें घटत्व विशेषण है। वैसे शब्दज्ञान पूर्वक अर्थज्ञानमें शब्द विशेषण है। अतः 'घटमानय' इत्यादि वाक्योंमें घट शब्दका बोध अर्थमें विशेषण के रूपमें ही होता है ॥ ५३ ॥

ननु शब्दस्य भानेऽर्थस्येव तस्य क्रियाङ्गता कुतो नेष्यत आह—

फिर भी अन्य विशेषणोंकी भाँति शब्द किसी क्रियासे अन्वित नहीं होता। क्योंकि—

अर्थोपसर्जनीभूतानभिधेयेषु केषुचित् ।
चरितार्थान् परार्थत्वान्न लोकः प्रतिपद्यते ॥ ५४ ॥

परार्थत्वात अर्थप्रतिपत्त्यर्थत्वात् केषुचित् अभिधेयेषु चरितार्थान्

अभिधेयं प्रतिपाद्य कृत्यकृत्यान् अत एव **अर्थोपसर्जनीभूतान्** अर्थविशेषणतापन्नान् **शब्दान् लोकः न प्रतिपद्यते** क्रियाङ्गत्वेन न जानाति 'एकत्र विशेषणतयाऽन्वितस्य अपरत्र विशेषणतयाऽन्वयायोग' इति न्यायादिति भावः ॥

शब्दसे अर्थप्रशः नरूप परार्थ सिद्ध होता है। और किसी वस्तुका प्रतिपादन करके कृतकृत्य हो जाता है। इसलिए अर्थके विशेषण बने हुए शब्दोंको लोग क्रियाका अङ्ग नहीं मानते।

इदमत्रावधेयम्—विद्यमानत्वे सति इतरव्यावर्तकं विधेयान्वयि विशेषणम्। यथा दण्डिनमानय शुक्लं घटं पश्य इत्यत्र विधेयभूतानयनदर्शनक्रिययोः दण्डिघटयोरिव दण्डरूपयोरप्यन्वयः। यथा वा शुक्लं घटमानय इत्यादौ घटद्वारा शुक्लस्याप्यानयनान्वयः। अविद्यमानत्वेऽपीतरव्यावर्तकं विधेयानन्वयि उपलक्षणम्। यथा काकवद्देवदत्तस्य गृहम् इत्यादौ गृहे इव काके न देवदत्तसम्बन्धित्वरूपविधेयस्यान्वयः। एवं च उपलक्षणविधया अर्थशेषतां प्राप्तं शब्दं लोकः न क्रियाङ्गतां नयतीति ॥ ५४ ॥

विशेषण दो प्रकारका होता हैं। एक विशेषण दूसरा उपलक्षण। **'जो विद्यमान रहकर इतरका व्यावर्तक हो और विधेयसे अन्वित हो वह विशेषण है।'** 'जैसे शुक्लं घटमानय इस वाक्यमें आनयनरूपी क्रियाके साथ घटके द्वारा शुक्ल गुणका भी अन्वय होता है। और **'जो अविद्यमान रहकर इतरका व्यावर्तक हो और विधेयके साथ अन्वित न हो वह उपलक्षण होता है।'** जैसे 'काकवद्देवदत्तस्य गृहम्' इस वाक्य में जैसे देवदत्त का अन्वय गृहपद में वैसे काक में अन्वय नहीं है। इसी प्रकार अर्थ का विशेषण शब्द भी उपलक्षण है और लोक उसे क्रिया में अन्वित नहीं मानता। नियम भी है कि **'एक स्थलमें जो विशेषण बनकर अन्वित हो वह अन्यत्र विशेषण बनकर अन्वित नहीं होता।'** ॥ ५४ ॥

संज्ञासंज्ञिभावस्य भेदाधिष्ठानत्वात् 'स्वं रूप'मितिसूत्रबोधितः 'अग्न्यादिशब्दः अग्न्यादिशब्दस्य संज्ञा' इत्येवंरूपः संज्ञासंज्ञिभावोऽनुपपन्न इति एकस्यैव शब्दस्य उपाधिकृतभेदेन संज्ञासंज्ञिभावमुपपादयिष्यन्नुपाधी आह—

यद्यपि संज्ञा और संज्ञि को भिन्न भिन्न होना चाहिये तथापि अग्नि शब्द ही संज्ञा और संज्ञी दोनों है और उचित भी है। क्योंकि एकही शब्द उपाधि भेदसे संज्ञा और संज्ञी बन सकता है।

ग्राह्यत्वं ग्राहकत्वं च द्वे शक्ती तेजसो यथा।
तथैव सर्वशब्दानामेते पृथगिव स्थिते ॥ ५५ ॥

यथा तेजसः प्रदीपादेः **ग्राह्यत्वं** ज्ञानविषयत्वं **ग्राहकत्वं** घटादिविषयकज्ञानजनकत्वं **च द्वे** ग्राह्यत्वग्राहकत्वरूपे **शक्ती** स्तः **तथैव सर्वशब्दानां एते** ग्राह्यत्वग्राहकत्वशक्ती शक्तिशक्तिमतोरभेदात् नित्यमात्मभूते अपि **पृथक्** भिन्ने **इव स्थिते** प्रतिभासमाने स्त इत्यर्थः। शब्दः स्वं प्रकाशयन्नेवार्थं प्रकाशयतीति यावत्। यद्यपि घटे ग्राह्यत्वमेव न ग्राहकत्वम्, इन्द्रियेषु ग्राहकत्वमेव न ग्राह्यत्वं स्वभावादिति ग्राह्यत्वग्राहकत्वशक्त्योर्विरोध इव भासते तथापि प्रदीपे तयोः समावेशस्यापि दर्शनात् उ-

भयोरेकत्रावस्थानमविरुद्धमिति शब्दे ग्राह्यत्वं ग्राहकत्वञ्च स्वभावादिति तात्पर्यम् ॥ ५५ ॥

जैसे दीपक अपने रूपको प्रकाशित करते हुए अन्य वस्तुओंका भी प्रकाशक होता है। क्योंकि उसमें ग्राह्यत्व और ग्राहकत्व दो शक्तियां है। वैसे शब्दों में भी ग्राह्यत्व और ग्राहकत्व दो शक्तियां है जो अलग अलग मालूम पड़ती हैं।

इस तरह शब्दमें दीपककी भांति शब्द और अर्थको प्रकाशित करने वाला शक्ति स्वभावतः वर्तमान है ॥ ५५ ॥

ननु स्वरूपसत एव शब्दस्य बोधकत्वमस्तु न ज्ञातस्येत्यत आह—

यह शब्द एक होनेके कारण (स्वरूपतः) प्रकाशक नहीं होता किन्तु ज्ञान ही शब्द अर्थका प्रकाशक होता है। क्योंकि—

विषयत्वमनापन्नैः शब्दैर्नार्थः प्रकाश्यते।
न सत्तयैव तेऽर्थानामगृहीताः प्रकाशकाः ॥ ५६ ॥

यतः ते शब्दाः अगृहीताः श्रोत्रेन्द्रियाविषयाः सन्तः सत्तयैव सत्तामात्रेण चक्षुरादयः इव अर्थानां न प्रकाशकाः न बोधकाः अतः विषयत्वम् ग्राह्यत्वम् अनापन्नैः अप्राप्तैः श्रोत्रेन्द्रियागृहीतैः शब्दैः अर्थो न प्रकाश्यते इति सम्बन्धः ॥ ५६

जो शब्द कानोंतक सुनाई नहीं पड़रहे हैं उनसे अर्थ ज्ञान नहीं हो सकता। अतः जो शब्द कानोंसे नहीं सुने गए वे शब्द अर्थबोधक नहीं हो सकते ॥ ५६ ॥

अगृहीतस्य शब्दस्य बोधकत्वे बाधकमाह—

अतोऽनिर्ज्ञातरूपत्वात्किमाहेत्यभिधीयते।
नेन्द्रियाणां प्रकाश्येऽर्थे स्वरूपं गृह्यते तथा ॥ ५७ ॥

अतः गृहीतस्यैव शब्दस्य बोधकत्वात् यदा शब्दस्वरूपमनिर्ज्ञातं भवति तदा अनिर्ज्ञातरूपत्वात् न निर्ज्ञातं निर्धारितं रूपं यस्य तत्त्वात् अर्थबोधजनकशब्दस्वरूपप्रत्ययाभावात् अर्थप्रत्ययाभावेनार्थबोधजनकशब्दस्वरूपनिर्धारणाय किमाह इत्यभिधीयते पृच्छ्यते, यदि अनिर्ज्ञातमपि शब्दस्वरूपमर्थमवबोधयेत्तदा प्रयोक्त्रा उच्चारितं श्रोत्राऽश्रुतमपि बोधयेदिति 'किमाह' इति प्रश्नो व्यर्थ एव स्यादिति भावः। ननु यथा अर्थावबोधकारणं शब्दो गृहीत एवार्थबोधकः एवं इन्द्रियाण्यपि गृहीतान्येव कुतो नार्थमवबोधयन्तीत्यत आह—इन्द्रियाणामिति। इन्द्रियाणां प्रकाश्येऽर्थे, तथा शब्द इव स्वरूपं न गृह्यते इति तानि सत्तयैवार्थप्रकाशकानि न ज्ञातानि शब्दस्तु नैवं वस्तुस्वभावादिति भावः ॥ ५७ ॥

अत एव जो शब्द ठीक रूपसे नहीं सुने जाते उनके विषयमें लोग पूछते हैं कि 'क्या कहा'। यह नियम इन्द्रियों के बारेमें नहीं हैं। क्योंकि इन्द्रियां अपने स्वभाववश प्रकाश्य अर्थके विषयमें अपनी सत्तामात्र से अर्थका ज्ञान कर देती है ॥ ५७ ॥

'पृथगिव स्थिते' इत्यनेन शब्दयोर्भेद उक्तस्तस्य साम्प्रतमुपयोगमाह—

अतः एकही शब्द संज्ञा और संज्ञी भी बन सकता है। क्योंकि—

भेदेनावगृहीतौ द्वौ शब्दधर्मावपोद्धृतौ।
भेदकार्येषु हेतुत्वमविरोधेन गच्छतः॥ ५८॥

द्वौ शब्दधर्मौ ग्राह्यत्वग्राहकत्वशक्ती यद्यपि शब्दस्वरूपभूते शक्तिशक्तिमतो-रभेदात् तथापि अपोद्धृतौ अपोद्धारबुद्ध्या कल्पनया आरोपितभेदौ अतः भेदेना-वगृहीतौ भिन्नतया ज्ञातौ भेदकार्येषु भेदाधिष्ठानेषु संज्ञासंज्ञिभावेषु अविरोधेन शब्दभेदमापाद्य विरोधविघटनद्वारा हेतुत्वं गच्छत इत्यर्थः॥

अयं भावः—लोके देवदत्तशब्दस्य संज्ञात्वं पिण्डस्य च संज्ञित्वं दृष्टमिह तु 'स्वं रूप'मिति शास्त्रेण अग्निशब्दस्यैव संज्ञात्वं संज्ञित्वं च विरुद्धं कथं बोध्यत इति शङ्कापरिहाराय यथा राहोः शिर इत्यत्र षष्ठ्युपपादनाय एकस्मिन्नपि वस्तुनि अने-कावस्थायुक्तशिरसो राहुशब्दार्थत्वं यत्किञ्चिदेकावस्थायुक्तशिरशः शिरः शब्दार्थत्वं चाश्रित्य शब्दार्थभेदाद्भेदमाश्रित्यावयवावयविभावः एवं ग्राह्यत्वग्राहकत्वशक्तिरूपो-पाधिकृतमेकस्मिन्नेवाग्निशब्दे भेदमाश्रित्य ग्राह्यत्वशक्तिमतोऽग्निशब्दस्य संज्ञित्वं ग्राहकत्वशक्तिमतोऽग्निशब्दस्य संज्ञात्वमिति औपाधिकभेदमादाय एकस्मिन्नपि अग्निशब्दे संज्ञासंज्ञिभावो न विरुध्यत इति॥ ५८॥

जब शब्दमें ग्राह्यत्व और ग्राहकत्व रूप धर्मों की कल्पना करली गई और भेदके रूपमें ज्ञात इन शब्दोंसे जहां भिन्न भिन्न कार्य करता है वहां भी एकही शब्दमें (राहोः शिरः की भाँति औपाधिक भेद मानने पर बिना विरोधके अनेक धर्मभी कारण बन सकते हैं॥५८॥

एतदेव स्पष्टयति—

वृद्ध्यादयो यथा शब्दाः स्वरूपोपनिबन्धनाः।
आदैच्प्रत्यायितैः शब्दैः सम्बन्धं यान्ति संज्ञिभिः॥५९॥
अग्निशब्दस्तथैवायमग्निशब्दनिबन्धनः।
अग्निश्रुत्यैति सम्बन्धमग्निशब्दाभिधेयया॥ ६०॥

'वृद्धिरादैच्' इत्यादौ यथा वृद्ध्यादयः शब्दाः संज्ञाः स्वरूपमुपनिबध्यते बोध्यते यैस्ते स्वरूपोपनिबन्धना स्वरूपबोधकाः सन्तः आदैच्प्रत्यायितैः आदैच्शब्दबोधितैराकारादिभिः शब्दैः संज्ञिभिः सम्बन्धं तादात्म्यं 'वृद्धिपदाभिन्ना आदैचः' इत्येवं यान्ति प्राप्नुवन्ति तथैव अग्निशब्दः निबध्यते बोध्यते अनेन इति अग्निशब्दनिबन्धनः अग्निशब्दरूपस्वस्वरूपबोधकः सूत्रस्थोऽग्निशब्दः अग्निश-ब्दाभिधेया अग्निशब्दबोध्यया ग्राह्यत्वशक्तिमत्या अग्निश्रुत्या अग्निशब्देन लक्ष्यस्थेन सम्बन्धं तादात्म्यमेति इति सम्बन्धः॥

जैसे 'वृद्धिरादैच्' इत्यादि सूत्रोंमें 'वृद्धि' आदि शब्द संज्ञा के बोधक हैं और 'आदैच्'

शब्दसे बोधित आकार, ऐकार, और औकार आदि संज्ञी शब्दसे 'वृद्धि पदमिन्ना आदैचः' इस प्रकारका सम्बन्ध (तादात्म्य) भी बनाते हैं। वैसे अग्नि शब्दके स्वरूपका बोधक 'अग्नेर्ढक्' सूत्रका अग्नि शब्दभी अपने स्वरूपका और अग्नि शब्दसे बोध्य लक्ष्यस्थ अग्नि शब्दसे तादात्म्य सम्बन्ध बना लेता है।

एतदुक्तं भवति—यथा 'वृद्धिरादैच्' इत्यनेन स्वरूपबोधकस्य वृद्धिशब्दस्य स्वभिन्ने आदैच्शब्दबोधिते तादात्म्यरूपसम्बन्धग्रहः। एवं स्वंरूपमिति सूत्रेण स्वरूपबोधकस्य अग्निशब्दस्य स्वभिन्ने अग्निशब्दे सम्बन्धग्रहः ग्राहकत्वशक्तिमतोऽग्निशब्दस्य ग्राह्यत्वशक्तिमदग्निशब्दभिन्नत्वात्। तत्रैतावानेव विशेषः—यत् वृद्धिशब्दादादैच्शब्दयोः स्फुटावभासो भेदः ग्राहकत्वशक्तिमदग्निशब्दग्राह्यत्वशक्तिमदग्निशब्दयोः समानानुपूर्वीकत्वेन न स्फुटावभासो भेद इति अस्ति तु औपाधिको भेदः राहोः शिर इतिवदिति न संज्ञासंज्ञिभावस्य भेदाधिष्ठानात्तिरिति ॥ ५९ ॥ ६० ॥

विशेषता केवल इतनी है कि वृद्धि शब्दसे आदैच् शब्दकी स्फुट-भेद प्रतीति होती है और ग्राहकत्व शक्तिमान अग्नि शब्द और ग्राह्यत्व शक्तिमान अग्नि शब्दोंकी आनुपूर्वी एक ढंगकी होनेके कारण भेद स्फुट नहीं प्रतीत होता। इसलिए 'राहोः शिरः' की भाँति औपाधिक भेद रहनेसे एकमें संज्ञा-संज्ञि भाव बन सकता है ॥ ५९ ॥ ६० ॥

ननु 'अग्नेर्ढक्' इत्यादावर्थे वह्नौ कार्यस्य ढको बाधेन सूत्रे उच्चारितस्यैव कार्यभाक्त्वमस्त्वत आह—

और उच्चारित शब्द से ही ढक् आदि प्रत्यय भी होते हैं, अर्थ से नहीं। क्योंकि अग्नि शब्दका अग्नि अर्थ है उससे परे प्रत्यय आ नहीं सकता। प्रत्यय तो किसी शब्दके सामने आयेगा। अतः प्रत्यय का अधिकारी उच्चरित शब्दही होगा। क्योंकि

यो य उच्चार्यते शब्दो नियतं न स कार्यभाक्।
अन्यप्रत्यायने शक्तिर्न तस्य प्रतिबध्यते ॥ ६१ ॥

यो यः शब्द अग्नेर्ढक्, जराया जरस् इत्यादिः उच्चार्यते स नियतं नियमेन कार्यभाग् न भवति तस्य ग्राहकत्वशक्तिमत्त्वेन संज्ञात्वाद् ग्राह्यत्वशक्तिमत्प्रयोगस्थसंज्ञिप्रत्यायनमात्रार्थत्वात् 'संज्ञा संज्ञिनं प्रत्याय्य स्वयं निवर्तत' इति न्यायादिति भावः। नन्वेवं कार्यभाक्त्वाभाव इव तस्य प्रत्यायकत्वमपि न स्यादत आह—अन्यप्रत्यायन इति। तस्य उच्चारितस्य अन्यप्रत्यायने अन्यस्य लक्ष्यस्थशब्दान्तरस्य बोधने शक्तिः प्रत्यायकत्वं न प्रतिबध्यते प्रतिबन्धकाभावादिति भावः ॥

जो शब्द 'अग्नेर्ढक्' या 'जराया जरस्' इत्यादि उच्चरित होते हैं। वे सूत्रस्थ शब्द संज्ञा होनेके कारण केवल संज्ञीका निर्देश कर शान्त हो जाते हैं। उनमें कार्य तो नहीं हो सकता किन्तु इनकी लक्ष्यस्थ शब्दको बतलाने वाली शक्तिका (प्रत्यायकत्वका) बाध नहीं होता ॥

एतदुक्तं भवति—शब्दो द्विविधः प्रत्याय्यः प्रत्यायकश्च तत्र सूत्रस्थः प्रत्यायकः लक्ष्यस्थः प्रत्याय्यः। प्रत्यायको हि प्रत्याय्यार्थमुच्चरितः तं ढगादिकार्ये नियुङ्क्ते न तु स्वं, प्रत्याय्यश्च अर्थप्रत्यायनार्थमुच्चरितः तमानयनादि कार्ये नियुङ्क्ते न तु स्वं

कार्यान्वयार्थं तयोरनुच्चरितत्वादिति तस्मिन्कार्यान्वयाभावेऽपि प्रत्यायकत्वं न प्रतिबध्यत इति ॥ ६१ ॥

शब्द दो प्रकारके होते हैं। एक प्रत्यायक है जो सूत्रमें पठित है और दूसरा प्रत्याय्य जो लक्ष्यस्थ है। प्रत्यायक शब्द प्रत्याय्य शब्द के निमित्त उच्चरित होता है। इसलिए ढक् आदि प्रत्यय प्रत्याय्य शब्दसे ही आते हैं प्रत्यायकसे नहीं। प्रत्याय्य शब्द उच्चरित होकर अर्थज्ञान कराता है इसलिये आनयन आदि कार्यमें नियुक्त होता है ॥ ६१ ॥

उच्चारितस्य कार्यभाक्त्वाभावे हेतुमाह—

उच्चारित शब्द से कार्य नहीं होता। क्योंकि—

उच्चरन् परतन्त्रत्वाद् गुणः कार्यैर्न युज्यते ।
तस्मात्तदर्थैः कार्याणां सम्बन्धः परिकल्प्यते ॥ ६२ ॥

उच्चरन्[1] उच्चार्यमाणः शब्दः परतन्त्रत्वात् अर्थप्रत्यायनार्थत्वात् गुणः अर्थे विशेषणीभूतः अतः कार्यै न युज्यते कार्यान्वययोग्यो न भवति। 'एकत्र विशेषणतयाऽन्वितस्यापरत्र विशेषणत्वायोग' इति न्यायेन अर्थे विशेषणीभूतस्य क्रियायां विशेषणत्वायोगादिति भावः। तस्मात् सूत्रे उच्चरितस्य शब्दस्य कार्यान्वयाभावात् तदर्थैः लक्ष्यस्थैरग्निशब्दादिभिः कार्याणाम् ढगादीनां सम्बन्धः परिकल्प्यते ॥

उच्चरित शब्द केवल अर्थज्ञानके लिए उच्चारित है और अर्थमें विशेषण होनेके कारण गौण है। अतः कार्य-योग नहीं होता क्योंकि 'एकत्र विशेषण रूपसे अन्वित होकर अन्यत्र पुनः विशेषण नहीं बन सकता' इसलिए सूत्रस्थ शब्द के कार्यान्वित न हो सकने पर ही लक्ष्यस्थ अग्नि आदि शब्दों में ढक् आदि प्रत्ययों के सम्बन्ध की कल्पना की गई है ॥ ६२ ॥

एतदुक्तं भवति—यथा गामानयेत्यादौ अर्थबोधनाय प्रयुक्तः गोशब्दः क्रियासु साधनत्वं न प्राप्नोति एवं लक्ष्यस्थशब्दान्तरबोधनाय प्रयुक्तः सूत्रघटकोऽग्न्यादिशब्दोऽपि, पारार्थ्यस्याविशिष्टत्वात्। प्रत्याय्यश्च लक्ष्यस्थोऽग्निशब्दः चक्षुर्ग्राह्यो गवादिरिव कार्यसम्बन्धं प्रतिपद्यते इति ॥ ६२ ॥

नन्वेवम्—'अग्नेर्ढक्' इत्यादेरर्थभूतस्याप्याग्नेय इत्यत्रत्यस्याग्निशब्दस्योच्चारणे अर्थपरतन्त्रत्वात् कार्यैर्ढगादिभिर्योगो न स्यात् अनुच्चारितेन तु कार्यबोधनमशक्यमत आह—

उच्चरित प्रयोगस्थ अग्नि शब्द से अर्थप्रत्यायक होनेके कारण ढक् प्रत्यय नहीं हो सकते और अनुच्चारितसे कार्य नहीं हो सकता यह कहना ठीक नहीं।

सामान्यमाश्रितं यद्यदुपमानोपमेययोः ।
तस्य तस्योपमानेषु धर्मोऽन्यो व्यतिरिच्यते ॥ ६३ ॥

उपमानोपमेययोः 'ब्राह्मणवदधीते क्षत्रियः' इत्यत्र ब्राह्मणक्षत्रिययोः 'ब्राह्मणाध्ययनेन तुल्यं क्षत्रियाध्ययनम्' इत्यत्र च ब्राह्मणाध्ययनक्षत्रियाध्ययनयोः यद्यत्

---

१. उच्चरन्नित्यन्तर्भावितण्यर्थः।

सामान्यं साधारणधर्मः आद्ये अध्ययनं द्वितीयेऽध्ययनगतं सौष्ठवम् आश्रितम् उपमेये क्षत्रिये क्षत्रियाध्ययने वा श्रुतं तस्य तस्य[1] क्षत्रियाध्ययनात् क्षत्रियाध्ययनगतसौष्ठवाच्च अन्यः उपमानेषु ब्राह्मणे अध्ययनरूपः ब्राह्मणाध्ययने सौष्ठवरूपश्च धर्मो व्यतिरिच्यते व्यतिरिक्तो वर्तते इत्यर्थः ॥ ६३ ॥

